दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

n वर्ष : 10 अंक : 336 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, बुधवार 31 दिसम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# जनवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रिफाइनरी का करेंगे उद्घाटन, कैबिनेट की बैठक में कई बड़े फैसले

## राजस्थान वाहन स्क्रेपिंग नीति 2025 का अनुमोदन, राजस्थान ए आई एम एल पॉलिसी स्वीकृत

**रिफाइनरी के दूसरे संशोधन को मंजरी राजस्थान लेखा सेवा नियम 2025 को मंजरी राजस्थान विधानसभा सचिवालय भारती तथा सेवा नियम 1992 में में संशोधन जैसे कई बड़े फैसले हुए**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मंगलवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में पहले कैबिनेट की बैठक हुई इसके बाद मंत्रिपरिषद की बैठक



का आयोजन किया गया कैबिनेट की बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए कैबिनेट की बैठक में फैसला लिया गया कि सब कुछ ठीक रहा तो जनवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पचपदरा की रिफाइनरी का विधिवत रूप से उद्घाटन करेंगे और 1 जुलाई 2026 से रिफाइनरी में वाणिज्यिक उत्पादन शुरू हो जाएगा। इस रिफाइनरी के आरंभ होने से प्रदेश के विकास के एक नए अध्याय की शुरुआत हो जाएगी इस रिफाइनरी से प्रदेश सरकार के राजस्व में जबरदस्त इजाफा होगा जिसकी वजह से प्रदेश में विकास कार्यों को ज्यादा से ज्यादा संपादित करने में सरकार को मदद मिलेगी जो प्रदेश के लोगों के लिए और प्रदेश के विकास के लिए काफी फायदेमंद साबित होगा। कैबिनेट की बैठक में राजस्थान वाहन स्क्रिपिंग नीति 2025 का अनुमोदन हुआ इस नीति के लागू होने से प्रदेश में 15 साल पुराने और अनुपयोगी वाहनों को नष्ट किया जाएगा जो प्रदेश में सड़क सुरक्षा को मजबूती देने और प्रदेश में शुद्ध पर्यावरण की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा इस नीति के तहत पुराने वाहनों को नष्ट करने के दौरान नए वाहन लेने वालों को अधिकतम 1 लाख रुपए की छूट का प्रावधान भी सुनिश्चित किया गया है कैबिनेट की बैठक में राजस्थान ए आई एम एल पॉलिसी 2026 को स्वीकृति दी गई इस पॉलिसी के तहत प्रदेश में स्कूल, उद्योग, एमएसएमई को बढ़ावा दिया जाएगा तथा प्रत्येक सरकारी विभाग में ए आई नियुक्ति सुनिश्चित की जाएगी जिसकी वजह से सरकारी विभाग के कामकाज में पारदर्शिता आएगी और डाटा भी सुरक्षित रहेगा। इस नीति के लागू होने से ई गवर्नेंस प्रोत्साहन को बढ़ावा मिलेगा यह नीति सार्वजनिक सेवा वितरण को और बेहतर बनाने में सहायक साबित होगी तथा इस नीति की वजह से प्रदेश की प्रशासनिक विभाग के कार्य क्षमता में भी वृद्धि होगी जिसका सीधा फायदा प्रदेश की जनता को मिलेगा कैबिनेट की बैठक में प्रदेश के नगर पालिका नगर परिषद और नगर निगम क्षेत्र में प्रदूषण मुक्त औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने वाले उद्योगों को ग्रीन क्रेडिट वाउचर जारी किए जाएंगे इसके लिए कैबिनेट की बैठक में ग्रीन क्रेडिट वाउचर इनीशिएटिविटी 2025 योजना को मंजूरी मिली है इस योजना के मंजूरी मिलने से प्रदेश में स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनेगा तथा उद्योगों में प्रदूषण मुक्त औद्योगिक इकाइयों की स्थापना होने और हरियाली को बढ़ावा देने से वातावरण काफी शुद्ध होगा जो लोगों की सेहत के लिए और प्रदेश के विकास के लिए काफी अच्छा साबित होगा कैबिनेट की बैठक में राजस्थान विधानसभा सचिवालय भर्ती तथा सेवा की शर्तें नियम 1992 में संशोधन को अनुमति प्रदान की गई स्पेशल सिक्योरिटी विंग के कार्मिकों के विशेष भत्ते में वृद्धि की गई है और राज्य के सप्तम वित्त आयोग की अंतिम रिपोर्ट का भी अनुमोदन किया गया है वित्त आयोग की इस अंतिम रिपोर्ट में पंचायत राज संस्थाओं नगर निकाय संस्थाओं को आर्थिक स्वीकृति बढ़ाने जैसी सिफारिश को मंजूर किया गया है कैबिनेट की बैठक में रिफाइनरी की संशोधित लागत का अनुमोदन किया गया है अब रिफाइनरी की लागत 79457 करोड रुपए को कैबिनेट की स्वीकृति मिली है तथा रिफाइनरी में 9 मिलियन मेट्रिक टन क्षमता के निर्णय को भी स्वीकृति मिली है कैबिनेट की बैठक के बाद राजस्थान सरकार के उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंदबेरवा और कैबिनेट मंत्रीजोगाराम पटेल तथा कन्हैयालाल चौधरी ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया और बताया कि पचपदरा में अगले जनवरी महीने में रिफाइनरी का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों उद्घाटन करवाया जाएगा उन्होंने बताया कि 18 अप्रैल 2017 को सबसे पहले रिफाइनरी को लेकर समझौता हुआ था शुरू में रिफाइनरी की लागत 43139 करोड रुपए निर्धारित की गई थी इस अक्टूबर 2022 में पूरा होना सुनिश्चित किया गया था जून 2023 में रिफाइनरी के कार्य की अवधि को बढ़ाया गया कैबिनेट समिति ने अवधि बढ़ाने को अनुमोदित किया और 26 जुलाई 2025 को संशोधन हुआ ।

## अल्मोड़ा में बड़ा हादसा, खाई में गिरी बस... सात यात्रियों की मौत, दो महिला समेत 12 घायल



जयपुर टाइम्स

**अल्मोड़ा (एजेंसी)**उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। एक बस खाई में गिर गई। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। हादसे में दो महिलाओं समेत 12 यात्री घायल हो गए। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, अल्मोड़ा के भिकियासैंण इलाके के शिलापनी में एक बस हादसे का शिकार हो गई। एक बस खाई में गिर गई है। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। बस में सवार अन्य 12 यात्री घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन व राहत-बचाव दल मौके पहुंचा। घायलों को निकालकर उन्हें चिकित्सकीय सहायता के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिले के भिकियासैंण इलाके में शिलापनी के पास एक बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में सात लोगों की जान चली गई, जबकि दो महिलाओं समेत 12 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, प्रशासन और राहत-बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचे। घायलों को खाई से निकालकर नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, बस में कुल 19 यात्री सवार थे। हादसे की वजह का पता किया जा रहा है। अनुमान है कि चालक का नियंत्रण खो जाने की वजह से यह हादसा हुआ। मृतकों में पांच पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं।

विमानन कंपनियों को सख्त निर्देश

## फ्लाइट लेट तो खाना और रिफंड पक्काः उड़ान रद्द होने पर सरकार की नई एडवाइजरी



नई दिल्ली/जयपुर टाइम्स

पूरे उत्तर भारत में घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस स्थिति को देखते हुए नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने मंगलवार को सभी विमानन कंपनियों को निर्देश दिया कि वे यात्रियों की सुविधाओं से जुड़े नियमों का सख्ती से पालन करें। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि खराब मौसम के कारण उत्पन्न हुई इस परिस्थिति में यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मंगलवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कोहरे का व्यापक असर देखने को मिला। कम दृश्यता के कारण कुल 118 उड़ानें रद्द कर दी गईं, जबकि 16 विमानों का मार्ग बदलना पड़ा। इसके अलावा, लगभग 130 उड़ानों के परिचालन में देरी हुई। एक अधिकारी के अनुसार, रद्द की गई उड़ानों में 60 आने वाली और 58 जाने वाली उड़ानें शामिल थीं। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि जो विमान कम दृश्यता (कैट-3 मानक) में उड़ान भरने के लिए तकनीकी रूप से सक्षम नहीं हैं, केवल उन्हीं के परिचालन में बाधा आ रही है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने यात्रियों से आग्रह किया है कि वे हवाई अड्डे के लिए निकलने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति अवश्य जांच लें और यात्रा के लिए अतिरिक्त समय लेकर चलें। मंत्रालय ने विमानन कंपनियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि वे उड़ान में देरी होने पर यात्रियों को भोजन उपलब्ध कराएं। उड़ान रद्द होने की स्थिति में या तो दूसरी उड़ान की व्यवस्था करें या पूरा पैसा वापस करें। साथ ही समय पर चेक-इन करने के बाद भी यात्रियों को विमान में चढ़ने से मना न किया जाए और उनकी शिकायतों का तुरंत समाधान हो।

## 10 और 11 जनवरी को कलेक्टर एसपी कॉन्फ्रेंस की तैयारी जोरो से, सभी कलेक्टर से मांगी जरूरी जानकारियां

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर में आगामी 10 और 11 जनवरी को आयोजित होने जा रहे जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कॉन्फ्रेंस की तैयारी युद्ध स्तर पर शुरू हो गई है। इस संदर्भ में प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर से कई तरह की अहम जानकारियां मांगी गई है जिला कलेक्टरों से लंबित प्रकरण की संदर्भ में भी जानकारी मांगी गई है इस कांफ्रेंस को लेकर प्रदेश के मुख्य सचिव श्रीनिवास एक्टिव मोड पर दिख रहे हैं उनके कार्यकाल में प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी और पुलिस विभाग से जुड़ा यह पहला बड़ा कार्यक्रम होगा इसलिए इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए मुख्य सचिव श्रीनिवास कार्यक्रम से जुड़ी सभी तरह की व्यवस्थाओं और कार्यक्रम से जुड़े सभी तरह के विषयों को बारीकी से सुनिश्चित कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि विगत 13 और 14 अक्टूबर को जयपुर में यह कॉन्फ्रेंस आयोजित होनी थी लेकिन इस कांफ्रेंस को स्थगित कर दिया गया था ग्रामीण और शहरी शिविर के आयोजन और कुछ और बड़े कारण थे जिसकी वजह से अक्टूबर महीने में आयोजित होने वाली इस महत्वपूर्ण कॉन्फ्रेंस को उस समय स्थगित कर दिया गया था अब नए साल में प्रथम



महीने में ही इस महत्वपूर्ण कॉन्फ्रेंस का भजनलाल सरकार की ओर से आयोजन किया जा रहा है इस कांफ्रेंस के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर को साफ संदेश देने वाले हैं कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से संचालित की जाने वाली तमाम तरह की योजनाओं के क्रियान्वयन के बेहतर प्रबंध और मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी देंगे । हालांकि वर्तमान में भी मुख्यमंत्री शर्मा प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर से समय-समय पर वीडियो कॉन्फ्रेंस सिंह के माध्यम से बातचीत वर्तमान में भी मुख्यमंत्री शर्मा प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर से समय-समय पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत करके उनसे उनके कामकाज का फीडबैक लेकर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश भी देते रहते हैं लेकिन इस कांफ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर को उनके जिलों में संपादित हो रही विभिन्न तरह की गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल की जाएगी। इसके अलावा केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन के संदर्भ में भी पूरा फीडबैक लिया जाएगा तथा जिला कलेक्टर से उनकी समस्याओं और उनके सुझाव भी इस कांफ्रेंस में लिए जाएंगे इसी तरह से प्रदेश के सभी पुलिस अधीक्षकों से भी जिलों में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के क्रम में जिला पुलिस अधीक्षक की ओर से उठाए गए कदम प्रयासों के बारे में जानकारी ली जाएगी मुकदमा के पेंडेंसी फरार वांटेड अपराधी की गिरफ्तारी पुलिस थानों की कार्यशैली नवाचार और आने वाले समय में उनकी ओर से क्या-क्या नए कदम उठाए जाएंगे। इस बारे में भी पुलिस अधीक्षकों से सलाह और सुझाव लिए जाएंगे कुल मिलाकर नए साल में आयोजित होने वाली इस कांफ्रेंस के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भ्रष्टाचार में जीरो टॉलरेंस की नीति के आधार पर प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी को और गति और ऊर्जा देने का पाठ पढ़ाएंगे साथ ही पुलिस को और भी एक्टिव तरीके से जनता के बीच जाने और जनता को दोस्त की तरह मानकर पुलिस को कार्य करने तथा अपराधियों से कड़ाई से पेश आने के लिए निर्देशित कर सकते हैं ।

## भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ता सुनवाई से क्षेत्र में विकास कार्यों को मिलेगी गतिः सुमित गोदारा

**भाजपा कार्यालय में राजस्व मंत्री हेमंत मीणा और खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने की कार्यकर्ता सुनवाई**



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को राजस्व मंत्री हेमंत मीणा एवं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामले के मंत्री सुमित गोदारा द्वारा कार्यकर्ता सुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्याएं एवं प्रकरण मंत्रियों के समक्ष रखे। कार्यकर्ता सुनवाई के उपरांत मीडिया को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने कहा कि भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता का हर कार्य हो इस भावना के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के नेतृत्व में पार्टी मुख्यालय पर कार्यकर्ता सुनवाई की शुरुआत की गई है। मंगलवार को सुनवाई में कुल 58 प्रकरण सामने आए, जिनके निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। संगठन की ओर से महामंत्री मिथिलेश गौतम एवं प्रदेश मंत्री डॉ. अपूर्वा सिंह ने भी कार्यकर्ताओं की समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाई। राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने कहा कि इस पहल से प्रदेश में यह स्पष्ट संदेश गया है कि सरकार और संगठन जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करते हुए कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दे रहे हैं। इससे प्रदेश में सकारात्मक वातावरण एवं सकारात्मक संदेश का संचार हो रहा है। संगठन और सत्ता के समन्वय से कार्यकर्ताओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है जो भाजपा के सशक्त संगठनात्मक ढांचे को दर्शाता है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामले के मंत्री सुमित गोदारा ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ता सुनवाई से क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलती है तथा कार्यकर्ता स्वयं को गौरवान्वित महसूस करते हैं। उन्होंने बताया कि पार्टी कार्यालय के साथ-साथ सभी मंत्रियों के आवास पर भी नियमित रूप से जनसुनवाई की जाती है। भाजपा की यही कार्यशैली उसे अन्य राजनीतिक दलों से अलग पहचान दिलाती है। जब मंत्री संगठन के पदाधिकारियों के साथ मिलकर पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं की सुनवाई करते हैं तो इसका सकारात्मक संदेश आमजन तक जाता है और जनहित के कार्य भी प्रभावी ढंग से संपन्न होते हैं।

## राहुल गांधी प्रियंका गांधी रणथंबोर में, प्रियंका गांधी के बेटे रेहान वाड्रा की सगाई की चर्चाओं के बाजार गर्म

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी प्रियंका गांधी और रॉबर्ट वाड्रा अपने परिजनों के साथ नए साल का जश्न मनाने के लिए अपने पॉपुलर पर्यटन स्थल रणथंभौर अभयारण्य पहुंचे हैं यहां शहर बाग होटल में उनके ठहरने की जानकारी मिली है कहा यह भी जा रहा है कि नए साल के जश्न के दौरान ही प्रियंका गांधी के बेटे रेहान की सगाई समारोह का भी होटल में आयोजन किया जाएगा । हालांकि गांधी परिवार की ओर से रेहान की सगाई के बारे में किसी भी तरह की कोई जानकारी नहीं दी गई है लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नए साल के जश्न के दौरान ही रेहान की सगाई सेरेमनी का भी आयोजन होगा रेहान की दिल्ली निवासी इंटीरियर डिजाइनर अवीवा वेग के साथ सगाई होने की चर्चा सुनने को मिली है सोनिया गांधी



के भी सगाई समारोह में आने की कहीं जा रही है जानकारी के अनुसार राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, रॉबर्ट गांधी, रेहान गांधी और अवीवा ने रणथंबोर अभयारण्य में टाइगर सफारी का भी आनंद उठाया है जानकारी के अनुसार प्रियंका गांधी के बेटे रेहान की सगाई समारोह में सिर्फ गांधी परिवार के बिल्कुल नजदीकी लोग ही मौजूद रहेंगे यह सगाई कार्यक्रम पूरी तरह से पारिवारिक और निकट के रिश्तेदारों तक ही सीमित रखा गया है

## बांग्लादेश में तीन दिन का शोक; आज सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा खालिदा जिया का पार्थिव शरीर

जयपुर टाइम्स

**ढाका(एजेंसी)** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की प्रमुख बेगम खालिदा जिया का मंगलवार को



80 वर्ष की उम्र में ढाका में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन के बाद से देशभर में शोक का माहौल है। इसी बीच बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने बताया कि खालिदा जिया को अंतिम विदाई बुधवार को दी जाएगी और उन्हें पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनके पति बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति और बीएनपी के संस्थापक जियाउर रहमान के बगल में दफनाया जाएगा। बता दें कि खालिदा जिया बांग्लादेश की तीन बार प्रधानमंत्री रह चुकी थीं। देश की राजनीति में उनके अतुल्य योगदान को देखते हुए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने तीन दिनों के लिए राजकीय शोक और एक दिन की छुट्टी का एलान किया है। इस बात की घोषणा अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने की। उन्होंने मंगलवार को कहा कि खालिदा जिया का पार्थिय शरीर कल यानी बुधवार को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने देश में तीन दिन का राजकीय शोक और एक दिन की छुट्टी का भी एलान किया है। कानून सलाहकार आसिफ नजरुल के अनुसार, खालिदा जिया की नमाज-ए-जनाजा (अंतिम नमाज) बुधवार को जोहर की नमाज के बाद संसद भवन के साउथ प्लाजा और मणिक मिया एवेन्यू में होगी। इसके बाद उन्हें ढाका के शेर-ए-बांग्ला नगर स्थित जिया उद्यान में उनके पति की कब्र के पास दफन किया जाएगा। इस संबंध में अंतरिम सरकार की सलाहकार परिषद की एक विशेष बैठक हुई।

## इंदौर में गंदा पानी पीने से 7 लोगों की मौत, 100 से ज्यादा बीमार

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** देशभर में स्वच्छता का सिरमौर और वाटर प्लस का तमगा हासिल इंदौर रहवासियों को पीने का साफ-स्वच्छ पानी तक उपलब्ध नहीं करवा पा रहा है। हालत यह है कि शहर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी की वजह से अब तक सात लोगों की मौत हो चुकी है। इन सभी को उल्टी-दस्त की शिकायत थी। लापरवाही का आलम यह है कि क्षेत्र में 26 दिसंबर को उल्टी-दस्त से पहली मौत हुई थी, लेकिन जिम्मेदारों की नींद नहीं खुली। सोमवार 29 दिसंबर को 100 से ज्यादा लोग उल्टी-दस्त की शिकायत करते हुए अस्पतालों में पहुंचे, जिसके बाद हड़कंप मच गया। हालत बिगड़ने पर इनमें से 34 मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने भागीरथपुरा क्षेत्र में सर्वे किया। पता चला कि ज्यादातर घरों में उल्टी-दस्त के मरीज हैं। रहवासियों का कहना है कि वे कई दिनों से दूषित पानी की शिकायत कर रहे थे, लेकिन किसी ने ध्यान ही नहीं दिया।

# बंगाल से घुसपैठ समाप्त करेंगे, चुन चुन कर बाहर भेजेंगेः अमित शाह

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** गृहमंत्री अमित शाह पश्चिम बंगाल दौरे पर हैं या होने वाले चुनाव से पहले उनका यह दौरा काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है । पश्चिम बंगाल के दौरे के दौरान अमित शाह बंगाल में पूर्व की कम्युनिस्ट पार्टी की सरकारों और वर्तमान में ममता बनर्जी की सरकारों पर कड़े प्रहार करके आप लग रहे हैं कि पहले कम्युनिस्टों ने और बाद में तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल में अराजकता और डर का माहौल बना दिया और इन दोनों की सरकारों ने भारत के संविधान की अवहेलना की । मंगलवार को कोलकाता में संवाददाता सम्मेलन में अमित शाह ने कहा कि इस बार पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन रही है और भाजपा की सरकार बनने के बाद पश्चिम बंगाल का हर क्षेत्र में तेजी से विकास होगा। पश्चिम



बंगाल की कला संस्कृति और संरक्षण और विकास के तेजी से प्रयास शुरू होंगे और पश्चिम बंगाल में अवैध रूप से रह रहे विदेशी लोगों को चुन चुन कर बाहर भेजेंगे अमित शाह ने कहा कि पहले 34 साल तक पश्चिम बंगाल में कम्युनिस्टों की सरकार ने मनमानी की इसकी वजह से पश्चिम बंगाल में अराजकता और डर का माहौल बना रहा इसके बाद पिछले 14 साल से तृणमूल कांग्रेस ने कम्युनिस्ट की सरकार को भी पीछे धकेल कर पश्चिम बंगाल को शांति अराजकता और डर का जबरदस्त वातावरण बना दिया है जिसकी वजह से पश्चिम बंगाल में गरीब लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि बंगाल की सीमा से हो रही घुसपैठ सिर्फ राज्य का नहीं बल्कि पूरे देश की सुरक्षा से जुड़ा मामला है देश की संस्कृति और सुरक्षा को बचाने के लिए बंगाल की सीमा को सील करने वाली सरकार जरूरी है उन्होंने दावा किया कि यह काम टीएमसी नहीं भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही कर सकती है अमित शाह ने कहा कि 14 वर्षों से पश्चिम बंगाल में है भ्रष्टाचार डर अशांतिका माहौल बना हुआ है और यही पश्चिम बंगाल की पहचान बनकर रह गया है उन्होंने कहा कि 15 अप्रैल 2026 के बाद जब बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी तब बंगाल के गौरव बंगाल की संस्कृति को पुनर्जीवित करने का सतत प्रयास करेंगे और विवेकानंद बंकिम बाबू गुरुदेव टैगोर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों का बैंगल बनाने का प्रयास करेंगे गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को न जाने क्यों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से डर लगता है । उन्होंने कहा कि डर लग रहा है यह अच्छी बात है डर होना भी चाहिए लेकिन केंद्र सरकार ने गरीबों के इलाज के लिए 5 लाख रुपए फ्री इलाज की सुविधा उपलब्ध करवा रखी है कम से कम उसका तो उन्हें उपयोग करना चाहिए ताकि गरीबों को राहत मिल सके उन्होंने कहा कि राजनीति में प्रतिस्पर्धा होती है लेकिन जहां गरीब और देश के विकास और कल्याण की बात होती है वहां पर राजनीति को बीच में नहीं लाना चाहिए उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी को यह डर लगता है कि अगर केंद्र के 5 लाख रुपए गरीबों की चिकित्सा व्यवस्था के लिए सरकार ले लेती है तो फिर इसका पूरा क्रेडिट मोदी सरकार को मिलेगा यही सोचकर वह केंद्र सरकार की इस योजना का लाभ अपने प्रदेश के गरीबों को नहीं उठाना देना चाहती उन्होंने कहा कि देश में अन्य सभी राज्यों की सरकार केंद्र सरकार की इस योजना का फायदा उठा रही है लेकिन ममता बनर्जी सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता से डरकर इस योजना को स्वीकार नहीं कर रही जो पश्चिम बंगाल के गरीबों के साथ ना इंसाफी है गृहमंत्री अमित शाह ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सिर्फ तृणमूल कांग्रेस को ही देखना चाहती है अन्य राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के साथ बुरा बर्ताव कर रही है उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के करीब 300 कार्यकर्ताओं की वहां हत्या कर दी गई है और 3000 से ज्यादा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को उनके घर में नहीं रहने दिया जा रहा उन्हें धमकाया जा रहा है और कहा जा रहा है कि अगर गांव में रहना है तो तृणमूल कांग्रेस का झंडा हाथ में लेना होगा इस तरह का अराजकता का वातावरण ममता बनर्जी ने बंगाल में बनाया हुआ है उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं के साथ वहां अत्याचार और दुराचार किया जा रहा है यहां तक की भारतीय जनता पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं के साथ दुष्कर्म तक किया जा रहा है उन्होंने कहा कि यह गंभीर एलिगेशनह्यूमन राइट्स रिपोर्ट के आधार पर लगा रहे हैं वे खुद अपने स्तर पर यह गंभीर आरोप नहीं लग रहे ।

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
31 दिसम्बर, 2025


## प्राचीन भूरासिद्ध हनुमान मंदिर में हुआ पौष बड़े व भजनों का आयोजन, भक्तों ने पाई प्रसादी






जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शहर के समीपवर्ती प्राचीन भूरासिद्ध हनुमान मंदिर में मंगलवार को पौष बड़े व भजनों का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर श्रद्धा के साथ प्रसादी पाई। मंदिर के महंत पंडित धर्मवीर शर्मा ने बताया कि सैकडों वर्ष पुराना प्राचीन भूरासिद्ध हनुमान मंदिर में मंगलवार को पौष बड़ा उत्सव व भजनों का आयोजन किया गया। यह आयोजन हर वर्ष किया जाता है इसी क्रम में मंगलवार को युक्त आयोजन किया गया। इस आयोजन में जहां एक तरफ महिलाओं ने भजन कीर्तन किया तो दूसरी तरफ पौष बड़े की प्रसादी में बने पुए और पकौड़े का भोग लगाया गया। इसके बाद सभी भक्तजनों को प्रसादी बांटी गई। मंदिर के महंत पंडित धर्मवीर शर्मा ने बताया कि मंदिर में स्वत: प्रकट हनुमान जी की प्रतिमा है तो दूसरी तरफ भगवान श्री कालेराम जी का परिवार ओर देवी सिद्ध माता, शिव परिवार, भैरव तथा पितृ देव विराजित है। यह एक सिद्ध स्थान है। जहां बड़ी संख्या में प्रतिदिन भक्त आते हैं और अपनी मंगल कामना की प्रार्थना करते हैं।

## महात्मा मोहनदास जी की 50वीं पुण्यतिथि धूमधाम से मनाएंगे 13 जनवरी को



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** महात्मा मोहनदास सेवा समिति की बैठक अलवर जिला सैनी महासभा संस्थान जिलाध्यक्ष अनिल सैनी (गब्बर) की अध्यक्षता में बस स्टैंड के पास स्थित मावली माता मंदिर में दोपहर 02:00 बजे आयोजित की गई। समिति महामंत्री बाबूलाल सैनी ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से महात्मा मोहनदास जी की 50वीं पुण्यतिथि से पूर्व 12 जनवरी 2026 सोमवार को महात्मा मोहनदास जी के समाधी स्थल भूरासिद्ध अलवर पर पद दंगल कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें निर्णायक मण्डल के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा पद दंगल में विजेताओं को चुना जावेगा। पद दंगल में प्रथम आने वाले को 5100/- रूपये, द्वितीय को 3100/- रूपये व तृतीय स्थान पर आने वाले को 2100/- रूपये नकद प्रदान किये जायेगे तथा समिति द्वारा संगीतकारों के साजबाज की व्यवस्था किये जाने का निर्णय लिया। साथ ही बैठक मे मोहनदास जी की 50वीं पुण्यतिथि पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों के लिये कमेटियों का गठन कर जिम्मेदारी सौपी। बैठक में समिति अध्यक्ष भौरेलाल सैनी, पूर्व पार्षद कैलाश सैनी, पूर्व पार्षद विजय सैनी, पूर्व पार्षद फूलचन्द सैनी, बाबूलाल झारिया, रमेश सैनी बहादुरपुर, रघूवीर सैनी एमपीएस, बनवारीलाल सैनी बरखेडा, पूर्व सरपंच घीसाराम सैनी, फौजी रामसिंह सैनी, डॉ. संदीप सैनी, रमन सैनी, बाबूलाल सैनी, जितेन्द्र सैनी, निर्मल सैनी, सुनील सैनी, झम्मनलाल सैनी, बनवारी लाल सैनी, एडवोकेट नरेश सैनी, राजेन्द्र सैनी, सन्तोष सैनी, मास्टर अशोक सैनी, दिनेश सैनी, विकास बबेरवाल, कैलाशचन्द सैनी, पवन सैनी, महेन्द्र सैनी सहित ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से समाज के गणमान्य लोग शामिल रहे।

## तोदी महाविद्यालय में एनएसएस शिविर का शुभारंभ




जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** स्थानीय श्री भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन अवसर पर लक्ष्मणगढ़ थानाधिकारी राजाराम, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एन.एस. नाथावत, सचिव आशकरण शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आनंद शर्मा व घनश्याम वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।कार्यक्रम में स्वयंसेविका दिव्या व्यास ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके पश्चात अतिथियों का माल्यार्पण व स्वागत गीत से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आनंद शर्मा ने सात दिवसीय विशेष शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि थानाधिकारी राजाराम ने स्वयंसेवकों के अनुशासन की सराहना करते हुए एनएसएस के ध्येय वाक्य 'स्वयं से पहले आप' के महत्व को बताया। उन्होंने युवाओं को नशे व सोशल मीडिया से दूरी बनाकर सकारात्मक जीवन जीने का संदेश दिया तथा कानून से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी दी।प्राचार्य डॉ. एन.एस. नाथावत ने विद्यार्थियों से शिविर के दौरान आयोजित श्रमदान, योग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, व्याख्यानमाला व प्रतियोगिताओं में सक्रिय भागीदारी कर उनसे सीख लेकर जीवन में अपनाने का आह्वान किया। सचिव आशकरण शर्मा ने भी शिविर के माध्यम से कौशल विकास कर व्यक्तित्व निखारने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान ऋषि, दिव्या, रश्मि सहित अन्य विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। अंत में घनश्याम वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# राजस्थान अन्य पिछडा वर्ग आयोग के सदस्य प्रो. राजीव सक्सेना एवं मोहन मोरवाल की उपस्थिति में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित

### जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों व आमजन से लिया प्रत्यक्ष फीडबैक



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** स्थानीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को समुचित राजनीतिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की दिशा में राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनीतिक प्रतिनिधित्व) आयोग द्वारा मंगलवार को जिला परिषद सभागार में आयोग के सदस्य प्रो. राजीव सक्सेना एवं मोहन मोरवाल एवं की अध्यक्षता एवं कठूमर विधायक रमेश खींची तथा जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर की उपस्थिति में जिला स्तरीय जनसंवाद एवं परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजस्थान ओबीसी आयोग के जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि आयोग के सदस्य प्रो. राजीव सक्सेना एवं मोहन मोरवाल ने जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, प्रबुद्धजनों एवं विभिन्न हितधारकों से प्रत्यक्ष संवाद कर ओबीसी वर्ग से जुड़े सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक मुद्दों पर व्यापक फीडबैक प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान आयोग सदस्यगणों ने कहा कि आयोग माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों की पालना में प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी स्थानीय निकायों में ओबीसी वर्ग के पिछड़ेपन की प्रकृति, उसके प्रभावों एवं वास्तविक स्थिति का पारदर्शी, प्रमाण आधारित और अनुभवजन्य अध्ययन कर रहा है। जनसंवाद के माध्यम से प्राप्त सुझावों के आधार पर आयोग एक समग्र एवं तथ्यपरक रिपोर्ट तैयार कर राज्य सरकार को प्रस्तुत करेगा, जिससे ओबीसी वर्ग को न्यायोचित राजनीतिक प्रतिनिधित्व का मार्ग प्रशस्त हो सके।

### जनसंवाद में आए अहम सुझाव

जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने जनसंख्या के अनुपात में ओबीसी को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने अन्य वंचित तबकों तक आरक्षण का लाभ पहुंचाने तथा क्षेत्रीय सामाजिक -आर्थिक वास्तविकताओं के अनुरूप आरक्षण निर्धारण, वर्गीकरण करने जैसे महत्वपूर्ण सुझाव आयोग के समक्ष रखे। कठूमर विधायक ने अन्य पिछडा वर्ग आरक्षण से वंचित भरतपुर जिले के जाट समुदाय को अन्य पिछडा वर्ग का लाभ दिये जाने, यादव समाज के प्रतिनिधियों ने हरियाणा सहित अन्य राज्यों से ब्याह कर आने वाली बहुओं को राजस्थान में भी अन्य पिछडा वर्ग के आरक्षण का लाभ दिये जाने का सुझाव रखा। इसी प्रकार जाट समाज सहित अन्य समाज के प्रतिनिधियों ने अन्य पिछडा वर्ग में क्रिमिलेयर की सीमा बढाने व जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण में वृद्धि करने एवं अन्य पिछडा वर्ग के जाति प्रमाण पत्र 6 माह की समय सीमा को समाप्त करने के सुझाव रखे। सामाजिक प्रतिनिधियों ने लिखित ज्ञापन भी आयोग को सौंपे। प्रतिभागियों ने आशा जताई कि आयोग की अनुशंसाओं से ओबीसी वर्ग का राजनीतिक सशक्तिकरण सुनिश्चित होगा। सभी ने आयोग के इस प्रयास को लोकतांत्रिक व्यवस्था को अधिक समावेशी और संतुलित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### *समावेशी लोकतंत्र की ओर सार्थक पहल*

*आयोग के दोनो सदस्यगणों ने विश्वास दिलाया कि अलवर सहित प्रदेश भर से प्राप्त सुझावों को गंभीरता से संकलित कर राज्य सरकार को प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि स्थानीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं में ओबीसी वर्ग को प्रभावी, न्यायसंगत और स्थायी राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिल सके। आयोग ने स्थानीय निकायों में राजनीतिक आरक्षण से संबंधित सुझाव आयोग कार्यालय, ई-मेल अथवा व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत करने का भी आग्रह किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि तथा अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण से जुड़े संगठनों के पदाधिकारियों ने आयोग को अपने सुझाव सौंपे। आयोग द्वारा संबंधित अधिकारियों को प्राप्त अभ्यावेदनों को सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रमुख ने सभी सामाजिक संगठनों की ओर से आयोग के सदस्यों का अभिनन्दन किया। खैरथल-तिजारा के अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवपाल जाट ने आयोग के माननीय सदस्यों का आभार जताया। कार्यक्रम में रामगढ प्रधान नसरू खान, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, नगर निगम के आयुक्त सोहन सिंह नरूका, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी आरती गुप्ता, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक लक्ष्मण सिंह, उप निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी प्रियंका माथुर, संजय नरूका, रमन गुलाटी, सुरेश मेहता, आनन्द बेनीवाल, नरेश धानावत, सुरेश यादव, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।*

## जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र द्वारा जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र खैरथल-तिजारा की ओर से परशुराम भवन परिसर स्थित मीटिंग हॉल में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता में लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। कार्यशाला में अनीशा गुप्ता, निजी सहायक ने विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए अधिक से अधिक पात्र युवाओं से आवेदन कर योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया।
जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र खैरथल-तिजारा के महाप्रबंधक दिलकुश मीना ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने उद्यमियों एवं बैंकर्स के साथ चर्चा करते हुए कहा कि विभागीय योजनाओं का लाभ अधिकतम लोगों तक पहुंचाने के लिए बैंकर्स, विभाग एवं उद्यमियों को एक कड़ी के रूप में समन्वय के साथ कार्य करना होगा।
कार्यक्रम में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र द्वारा संचालित निम्न महत्वपूर्ण योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई–

### विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना

डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित एवं आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना, 2022
राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2019/2022/2024
राजस्थान एक जिला एक उत्पाद नीति 2024
राजस्थान एमएसएमई नीति 2024
राजस्थान निर्यात प्रोत्साहन नीति 2024




राजस्थान व्यापार प्रोत्साहन नीति 2025
प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना
प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना
फर्म पंजीयन एवं अन्य विभागीय योजनाएं एवं कार्यक्रम
जिला अग्रणी प्रबंधक हरि नारायण मीना ने बैंकों की उद्यमियों के प्रति कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए उद्योग विभाग की योजनाओं में अधिक से अधिक आवेदन प्रेषित करने का आह्वान किया तथा बैंकर्स की ओर से पूर्ण सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं, क्षेत्रीय प्रबंधक रीको, अलवर खुशी राम मीना ने रीको की ओर से हरसंभव सहयोग प्रदान करने की बात कही।
कार्यशाला में राधेश्याम सैन (लेखाधिकारी, कृषि उपज मंडी समिति खैरथल), प्रदीप शर्मा (यूको बैंक), श्याम सुंदर शर्मा (केनरा बैंक), राघवेंद्र तिवाड़ी (पीएनबी), नरेश कौशिक, तिलक यादव, अमित बंसल (आरजीबी), जितेंद्र ठाकुर (बीओबी), नरेश कुमार (ड्राफ्टमैन, रीको), लघु उद्योग भारती से आनंद गुप्ता, विकास कुमार, सुभाष गोयल, देशराज, होशियार सिंह सहित पत्रकार बंधु, उद्यमीगण एवं दर्जनों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## पाण्डूपोल हनुमान मन्दिर के सिलिबेरी गेट को श्रद्धालुओं और आमजन के लिये बन्द करना दुर्भग्यपूर्ण, सरकार भक्त और भगवान के मार्ग में बाधक नहीं बने- नेता प्रतिपक्ष जूली

### सिलिबेरी गेट को पुनः खोले जाने को लेकर मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

जयपुर टाइम्स

**अलवर/ जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरिस्का अभयारण्य क्षेत्र में स्थित श्री पाण्डूपोल हनुमान जी मन्दिर के सिलीबेरी गेट को बिना किसी स्पष्ट आदेश और वैकल्पिक व्यवस्था के श्रद्धालुओं और आमजन के लिये बन्द कर दिये जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है और सरकार को चेताया है कि वह भक्त और भगवान के मार्ग में बाधा उत्पन्न नहीं करें। जूली ने बताया कि पाण्डूपोल हनुमान जी का मन्दिर प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है। प्रतिदिन यहां हजारां श्रद्धालु दर्शनों के लिये पहुंचते हैं और मन्दिर तक पहुंचने के लिये सिलीबेरी गेट वर्षों से श्रद्धालुओं और स्थानीय ग्रामीणजन के लिये सुगम और सुविधाजनक मार्ग रहा है, इसे बिना कोई वैकल्पिक व्यवस्था किये बन्द कर दिये जाने से स्थानीय ग्रामीणजन और श्रद्धालुओं में गहरा आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने इस गेट को पुनः खुलवाये



जाने के लिये ज्ञापन भी दिया है। जूली ने बताया कि इस गेट को बन्द कर देने से वृद्धजनों, महिलाओं, बच्चों और बीमारों को दुर्गम मार्ग से लम्बी दूरी तय करके जाना पड़ता है। इससे स्थानीय ग्रामीणों के दैनिक आवागमन, रोजगार और क्षैत्रीय व्यापार भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है जिससे जनाक्रोश बढ़ता जा रहा है। जूली ने बताया कि आमजन और श्रद्धालुओं की परेशानी को देखते हुए उन्होंने पाण्डूपोल हनुमान जी मन्दिर के सिलीबेरी गेट को आमजन और श्रद्धालुओं के लिये अविलम्ब खोले जाने के लिये मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखा है।

## जिला कलक्टर ने किया मालाखेडा एवं उमरैण क्षेत्र का दौरा

### चारागाह विकास एवं जल ग्रहण विकास कार्यो का किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मालाखेडा एवं उमरैण क्षेत्र का दौरा कर प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना सहित अन्य योजनाओं के कार्यो का फील्ड निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को धरातल पर योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के दिशा-निर्देश दिये।
जिला कलक्टर ने मालाखेडा पंचायत समिति के गांव बिचपुरी में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत चारागाह विकास कार्य के अन्तर्गत विकसित किये गये फलोद्यान का निरीक्षण किया। उन्होंने फलोद्यान कार्य की सराहना करते हुए निर्देश दिये कि इसे स्थानिय पर्यटन स्थल व घूमने के स्थान के रूप में भी विकसित करे, जिसमें घूमने के लिए पाथ वे एवं बैठने के लिए हट का निर्माण करावे। उन्होंने ग्राम बिचपुरी में ही फार्म पोण्ड का निरीक्षण किया, जिसमें लाभार्थी काश्तकार श्री भगवान सहाय ने संवाद के दौरान बताया कि फार्म पोण्ड बनने से फसल की सिंचाई में सुविधाजनक हुई है और उपज भी बढी है। जिला कलक्टर ने वाटरशेड विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि क्षेत्र में फार्म पोण्ड निर्माण के ओर कार्य भी स्वीकृत करे। उन्होंने गांव के जोहड रिनोवेशन कार्य का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि जोहड की पाल पर पौधारोपण करावे।
इसके उपरान्त ग्राम जाटोली पहुंचकर प्रधानमंत्री कृषि योजना के तहत चारागाह विकास योजना के अन्तर्गत पौधारोपण के स्वीकृत कार्य स्थल का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि कार्य स्वीकृति स्थल से अतिक्रमण हटाकर फरवरी माह से कार्य प्रारम्भ करे। उन्होंने मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन योजना के तहत उमरैन पंचायत समिति के ग्राम अकबरपुर में सीएसआर मद से बनाये जा रहे चैक डेम का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि सीएसआर फण्ड के माध्यम से योजना अन्तर्गत और कार्य स्वीकृत करावे।
इस दौरान वाटर शेड विभाग के अधीक्षण अभियन्ता नरेन्द्र मोथू, विकास अधिकारी मालाखेडा राजबाला मीना, विकास अधिकारी उमरैण आरती गुप्ता, वाटर शेड विभाग के अधीशाषी अभियन्ता प्रहलाद मीना एवं नरेगा के अधीशाषी अभियन्ता नरेन्द्र लाखीवाल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री के द्वारा कृषक कल्याण के लिए किया जा रहा है विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन

### कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की कृषक हितैषी योजनाओं का लाभ उठाकर कृषि को बनाया अधिक आय का माध्यम





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा किसानों के कल्याण एवं उनकी आय बढाने हेतु विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जिसमें सुक्ष्म सिंचाई योजना, पीएम कुसुम योजना, राष्ट्रीय बागवानी मिशन सहित अन्य योजनाओं का लाभ उठाकर पंचायत समिति उमरैण के ग्राम गुजूकी निवासी किसान महेन्द्र कुमार सैनी ने नवीन कृषि पद्धतियों को अपनाकर खेती में अच्छी आय के साथ अन्य कृषकों के लिए उत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया।
प्रगतिशील किसान महेन्द्र सैनी बताते है कि कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के सहयोग से बागवानी फसल प्रबन्धन, संरक्षित खेती, सुक्ष्म सिंचाई, मिट्टी परीक्षण एवं एकीकृत कीट प्रबन्धन पर प्रशिक्षण प्राप्त कर खेती में उच्च मूल्य वाली बागवानी फसलों की पैदावार के लिए प्रेरित हुआ। प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभव को धरातल पर उतारने के लिए सब्सिडी के माध्यम से पोली हाउस एवं ड्रीप सिंचाई प्रणाली की स्थापना एवं मल्चिंग, फार्म पोण्ड, सौर ऊर्जा संचालित पम्प जैसे संरक्षण उपायों को अपनाकर बागवानी फसले जैसे खीरा, टमाटर, स्टोबैरी इत्यादि की खेती शुरू की। वहीं पैदावार को बाजार में बेचने के लिए स्थानीय व्यापारियों के साथ निर्यातको से संबंध स्थापित कर उपज को उचित मूल्य पर बेचान किया। किसान श्री महेन्द्र सैनी का कहना है कि खेती में लागत को कम करने के लिए नवीन कृषि तकनीकों एवं पर्यावरण अनुकूल तरीकों को अपनाकर खेती में अधिक उपज प्राप्त की।

## *कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह कल*

***धौलपुर(निस)।*** *चंबल कला व साहित्य संस्थान धौलपुर के तत्वाधान में नूतन वर्ष के उपलक्ष्य में कवि सम्मेलन का आयोजन स्थानीय एवीएम कन्वेंट स्कूल, धौलपुर में 01 जनवरी, दोपहर 01.00 बजे से आयोजित किया जाएगा। संस्थान के अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि आयोजन में संस्था की ओर से वरिष्ठ कवि व साहित्यकार विकल फर्रुखाबादी का 'साहित्य भूषण' के रूप में सम्मान किया जाएगा। कवि सम्मेलन में वरिष्ठ कवि व गीतकार विकल फर्रुखाबादी, शिक्षाविद वीरेंद्र त्यागी, विवेक कुशवाहा दिल्ली, योगेंद्र रघुवंशी बाड़मेर, बाबूलाल सागर बसेड़ी, आकाश परमार सैपयु, प्रिया शुक्ला भरतपुर, प्रेम प्रसून मुरैना, राम पटसरिया धौलपुर, मुकेश सिकरवार दादा, प्रेम शंकर करेला और प्रहलाद भक्त पंचर मुरैना सहित अन्य कवि काव्य पाठ करेंगे।*

## पदोन्नति पर अवनीश शर्मा का सम्मान, विदाई समारोह

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** सार्वजनिक जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खंड लक्ष्मणगढ़ के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी अवनीश कुमार शर्मा (मुद्गल) के संस्थापन अधिकारी पद पर पदोन्नत होने पर विभागीय स्तर पर सम्मान व विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में अधिशासी अभियंता राकेश कुमार एवं सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता जितेन्द्र कुमार शेखसरीया ने साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर शर्मा का सम्मान किया। इसके बाद सहायक अभियंता मनीष मील ने शॉल ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया। उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी माल्यार्पण कर शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने शर्मा के कार्यकाल के दौरान उनके साथ जुड़े अनुभव साझा करते हुए उनकी कर्तव्यनिष्ठा, कार्यकुशलता व सरल स्वभाव की सराहना की। अवनीश कुमार शर्मा ने कहा कि अधिकारियों व कर्मचारियों के स्नेह, सहयोग एवं मार्गदर्शन से ही उन्हें सीकर जिले का प्रथम संस्थापन



अधिकारी बनने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।समारोह में अधिशासी अभियंता राकेश कुमार, पूर्व अधिशासी अभियंता जितेन्द्र कुमार शेखसरीया, सहायक अभियंता मनीष मील, तेजपाल सिंह (फतेहपुर), सांवरमल (नेछवा), श्रीमती सुनीता, डॉ. महेश शर्मा, दिनेश मारोठवाला, राजेश शर्मा (पीटीआई), सुभाष पारीक, आशीष मुद्गल, रवि मुद्गल, सुभाष शर्मा सहित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हर बूथ पर युवा मोर्चा की होगी जोरदार उपस्थित, कांग्रेस के आंदोलन का करेंगे पर्दाफाश : शंकर गौरा

## भाजपा के नए युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा के हौसले बुलंद, भाजपा कार्यालय में युवा मोर्चा से जुड़े लोगों ने किया जोरदार स्वागत

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के नए प्रदेश अध्यक्ष शंकर गौरा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि प्रदेश में उनकी पहली प्राथमिकता प्रदेश में प्रत्येक बूथ पर युवा मोर्चा के कर्मठ युवाओं की तैनाती पर रहेगा जो पार्टी के संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ केंद्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से संचालित की जा रही योजनाओं के बारे में लोगों को नियमित रूप से जानकारी देते रहेंगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी रोजाना नए-नए झूठ मुद्दे जनता के बीच लेकर आ रही है जिनका पर्दाफाश करने के लिए युवा मोर्चा अब मजबूती के साथ कांग्रेस के इन सभी आंदोलन का मुंह तोड़कर जवाब देगा और जनता के बीच कांग्रेस विभिन्न मामलों को लेकर जिस तरह का भ्रम फैला रही है उसके बारे में युवा मोर्चा बारीकी से लोगों को जानकारी देकर यह बताने का प्रयास करेगा कि कांग्रेस पार्टी सिर्फ गुमराह करने के लिए बेवजह का मुद्दा उछल रही है उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रति पूरे देश के लोगों का भरोसा लगातार कमजोर होता जा रहा है जिसकी वजह से एक के बाद एक स्टेट में कांग्रेस पार्टी को पराजय का सामना करना पड़ रहा है इसलिए कांग्रेस पार्टी के पास कोई मुद्दा बचा नहीं है क्योंकि केंद्र में मोदी सरकार और प्रदेश में भजनलाल सरकार दोनों ही सरकारें शानदार तरीके से अपना काम कर रही है इसलिए प्रदेश और देश की जनता का भाजपा के प्रति भरोसा और विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है यह बात कांग्रेस पार्टी के नेता बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं इसलिए मीडिया में बने रहने के लिए वह झूठ और मनगढ़ंत मुद्दे तैयार करके जनता के बीच लेकर जा रहे हैं और जनता में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन युवा मोर्चा कांग्रेस पार्टी के इस षड्यंत्र का पर्दाफाश करेगा पत्रकारों से बातचीत के दौरान शंकर गोरा ने कहा कि केंद्र सरकार और प्रदेश की भजनलाल सरकार ने प्रदेश के युवाओं के लिए भी कई तरह की कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं जिनके बारे में प्रदेश के युवाओं को युवा मोर्चा विस्तार से बताया और युवा मोर्चा के सदस्य बनाने के लिए भी युवा मोर्चा विशेष अभियान शुरू करेगा उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार से जो भी दिशा निर्देश मिलेगा युवा मोर्चा उन दिशा निर्देश की अनुपम में अपनी पूरी जान लगा देगा उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली दरबार के निर्देश पर प्रदेश भाजपा की ओर से हाल ही में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पद पर शंकर गौरा को नियुक्ति दी गई है जिसके बाद शंकर गोरा ने अपनी नियुक्ति के लिए पार्टी हाई कमान के अलावा प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भी गहरा आभार व्यक्त किया है शंकर गोरा का प्रदेश भाजपा कार्यालय में युवा मोर्चा से जुड़े लोगों की ओर से जोरदार स्वागत किया गया

# सहायक उप निरीक्षक की जली हुई लाश मिलने से सनसनी फैली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उदयपुर के सबीना थाना इलाके में बिलिया में राजस्थान ट्रैफिक पुलिस में सहायक उपनिरीक्षक पद पर तैनात एक व्यक्ति की जली हुई लाश मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक सहायक उप निरीक्षक राकेश मीणा की जली हुई लाश को कब्जे में किया घटना स्थल से आवश्यक तथ्य और सबूत जुटाए पुलिस ने मौके पर एफएसएल की टीम को भी बुलाया है जानकारी के अनुसार मृतक राकेश मीणा की जली हुई बॉडी जले हुए मकान में ही पड़ी मिली है अब पुलिस इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है जानकारी के अनुसार मृतक राकेश मीणा की जली हुई लाश जले हुए मकान में ही मिली है इसलिए पुलिस इस मामले से जुड़े विभिन्न पहलुओं की बारीकी से जांच पड़ताल कर रही है यह मामला महज हादसा है या फिर सुसाइड का है या फिर किसी ने षडयंत्र पूर्वक मकान के आग लगे इन सब विषयों की बारीकी से छानबीन की जा रही है इसके अलावा मृतक के परिजनों रिश्तेदारों और जानकार लोगों से भी पूछताछ करके मामले की तहकीकात की जा रही है फिलहाल राकेश मीणा की मौत को लेकर पुलिस विभाग में भी शोक की लहर छा गई ।

# दूदू में बिजली का तार टूट कर मकान पर गिरा दो महिलाएं झुलसी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** दूदू में लक्ष्मी फार्म हाउस के पास बिजली विभाग की ओर से बिछाया गया तार अचानक टूट कर मकान पर गिर गया जिसकी वजह से मकान में मौजूद दो महिलाओं को करंट लगा और वह मौके पर ही गंभीर रूप से झुलस गई जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में जोरदार आक्रोश छाया हुआ है सूचना मिलने के बाद पुलिस प्रशासन और बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का जायजा लिया बिजली विभाग के बड़े अधिकारी इस पूरे मामले को गंभीरता से ले रहे हैं और यह पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं कि आखिर बिजली का यह तार अचानक टूट कैसे क्या बिजली के तार बिछाने के दौरान कोई कमी या गड़बड़ी रह गई या फिर अचानक किसी वजह से तार टूट कर नीचे गिरे इसके बारे में छानबीन की जा रही है ग्रामीणों को मौके पर पहुंचे बिजली विभाग के अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा से नहीं होगी और इस मामले में जांच करके अधिकारियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाएगी जानकारी के अनुसार पूरे मामले पर स्थानीय कांग्रेस पार्टी के नेताओं की भी पूरी निगाहें टिकी हुई है इस मामले को लेकर स्थानीय कांग्रेस नेता अब इसे एक बड़ा मुद्दा बनाने की रणनीति तैयार कर रहे हैं स्थानीय कांग्रेस पार्टी के नेताओं का कहना है कि बिजली के जो तार बिछाए गए हैं उसमें कई तरह की तकनीकी कमियां है कई जगहों पर बिजली के तारों की ऊंचाई कम है तो कई जगहों पर बिजली के तार पूरी तरह से झूलते हुए दिखाई दे रहे हैं जो कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं इसलिए स्थानीय कांग्रेस के नेता बिजली के इन तारों को लेकर बड़ा आंदोलन तैयार करने के बारे में गंभीरता से विचार विमर्श कर रहे हैं उधर बिजली के तार टूटने से झुलसने वाली दोनों महिलाओं की हालत खतरे से बाहर है ।

# जयपुर-बान्द्रा टर्मिनस-जयपुर साप्ताहिक सुपरफास्ट नई रेल का शुभारंभ 4 जनवरी से



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियो की सुविधा हेतु जयपुर-बान्द्रा टर्मिनस-जयपुर साप्ताहिक सुपरफास्ट नॉन स्टॉप प्रिमियम रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 09705 जयपुर-बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट नॉन स्टॉप प्रिमियम रेलसेवा दिनांक 4.01.26 से 22.02.26 तक जयपुर से रविवार को 18.40 बजे रवाना अगले दिन 11.20 बजे बान्द्रा टर्मिनस पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09706 बान्द्रा टर्मिनस-जयपुर साप्ताहिक सुपरफास्ट नॉन स्टॉप प्रिमियम रेलसेवा दिनांक 4.01.26 से 22.02.26 तक बान्द्रा टर्मिनस से सोमवार को 14.40 बजे रवाना होकर अगले दिन 8.45 बजे जयपुर पहुँचेगी। यह रेलसेवा नॉन स्टॉप है और मार्ग के सिर्फ परिचालनिक कारणों से चन्देरिया रतलाम एवं सूरत स्टेशनों पर ठहराव करेगी।इस रेलसेवा में 1 फर्स्ट एसी 2 सैकण्ड एसी 8 थर्ड एसी 1 थर्ड एसी इकोनोमी 4 द्वितीय शयनयान एवं 2 पॉवरकार डिब्बों सहित कुल 18 डिब्बें होगे।

# मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत जनवरी में होंगे एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

जयपुर टाइम्स

**नावां शहर(निस)।** राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन व माननीय मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के अंतर्गत राज्य योजना के तहत जिले में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। योजना के तहत जिले के चयनित 54 क्लस्टरों में 6750 किसानों को एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) कार्यालय, डीडवाना-कुचामन के अनुसार यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जनवरी 2026 में जिले की विभिन्न पंचायत समितियों में आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक प्रशिक्षण में 125 किसानों की भागीदारी रहेगी। प्रशिक्षण भारत सरकार की ओर से चयनित संस्था केवीके-मोलासर के वैज्ञानिकों व विषय विशेषज्ञों की ओर से दिया जाएगा। प्रशिक्षण में किसानों को प्राकृतिक खेती की तकनीक, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, जैविक आदानों का उपयोग, लागत में कमी व टिकाऊ उत्पादन प्रणाली की जानकारी दी जाएगी। योजना अंतर्गत प्रति किसान प्रति दिन 125 रुपये की दर से व्यय का प्रावधान है, जिसमें NMNF के 50 क्लस्टरों को 100 प्रतिशत केंद्रीय सहायता और राज्य योजना के 4 क्लस्टरों को राज्य सरकार द्वारा वित्तपोषित किया जाएगा। जिले की कुचामन सिटी, नावां, मकराना, परबतसर, डीडवाना, मौलासर व लाडनूं पंचायत समितियों के विभिन्न गांवों में यह प्रशिक्षण आयोजित होंगे। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए कृषि विभाग के अधिकारी, कृषि पर्यवेक्षक व संबंधित संस्थाओं को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

# सैनी ने खजूर की विशिष्ट किस्मों को करवाया पेटेंट, देश में राजस्थान को दिलाई नई पहचानः राठौड़

## मोदी के कृषि नवाचार मंत्र से साकार हुआ अनुसंधान प्रयासः प्रभु लाल सैनी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान की खजूर की तीन विशिष्ट किस्मों को भारत सरकार से पेटेंट मिलने पर पूर्व कृषि मंत्री डॉ. प्रभुलाल सैनी का भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में भव्य स्वागत-अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने डॉ. सैनी को गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी और उनकी इस उपलब्धि को राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय बताया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी, मिथिलेश गौतम, प्रदेश मंत्री अपूर्वा सिंह तथा प्रदेश कार्यालय सचिव मुकेश पारीक सहित अनेक प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे और सभी ने डॉ. सैनी को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि डॉ. प्रभुलाल सैनी ने अपने निरंतर परिश्रम और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से राजस्थान के कृषि क्षेत्र को नई पहचान दिलाई है। उनकी यह उपलब्धि किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और नवाचार को बढ़ावा देगी। उल्लेखनीय है कि वसुंधरा राजे सरकार में पूर्व कृषि मंत्री रहे डॉ. प्रभुलाल सैनी द्वारा विकसित खजूर की तीन विशिष्ट किस्में – एसटी -1 एस टी -2 एवं और एस टी-3 – को भारत सरकार के कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा पेटेंट प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि देश के कृषि इतिहास में अपने आप में पहली और अनूठी मानी जा रही है। डॉ. सैनी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निरंतर यह कहा जाता रहा है कि कृषि क्षेत्र में नवाचार अनुसंधान और तकनीक के माध्यम से ही किसानों की आय को बढ़ाया जा सकता और यही भावना उनके इस शोध कार्य की प्रेरणा रही है। इन किस्मों के विकास के लिए लगभग 10 वर्षों तक देश के ख्यातिप्राप्त वैज्ञानिकों द्वारा गहन परीक्षण एवं अनुसंधान किया गया। पंजीकरण की कानूनी प्रक्रिया 16 सितंबर 2021 को आवेदन प्रस्तुत करने के साथ प्रारंभ हुई थी, जिसमें विभिन्न विशिष्ट लक्षणों और शुद्धता की जांच के बाद अब अंतिम मान्यता प्रदान की गई है। इससे न केवल उनके अनुसंधान को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है बल्कि प्रदेश और देश के किसानों को भी नवीन कृषि प्रयोगों के लिए प्रेरणा प्राप्त होगी।

# किरोड़ी ने जयपुर में अपने आवास पर की जन सुनवाई, ख्वाजा की दरगाह पर चादर भीअर्पित

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** कृषि मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा ने मंगलवार को जयपुर में एयरपोर्ट रोड पर स्थित अपने आवास पर जनसुनवाई की जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दिखाई और अपनी समस्याओं को डॉक्टर मीणा के समक्ष प्रस्तुत किया जनसुनवाई में पानी बिजली सड़क राजस्व कृषि खाद बीज चिकित्सा शिक्षा पेंशन जैसे विषयों से जुड़ी समस्याओं को लेकर लोग डॉक्टर किरोडी के पास पहुंचे जिन समस्याओं का हाथों हाथ निवारण हो सकता था उन समस्याओं के निवारण के लिए डॉक्टर किरोड़ी ने तुरंत ही संबंधित विभाग के अधिकारियों से मोबाइल फोन से बातचीत की और पीड़ित व्यक्ति की समस्या के समाधान के निर्देश दिए और जिन समस्याओं का तुरंत समाधान नहीं हो सकता था उन समस्याओं के निवारण के लिए उन्होंने पीड़ित व्यक्ति को पूरा भरोसा दिलाया तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को पीड़ित व्यक्ति की समस्या के समाधान के लिए सतत प्रयास शुरू करने के निर्देश दिए तथा जो समस्याएं कानूनी अड़चन और अन्य कारण की वजह से फिलहाल दूर नहीं हो सकती उनके बारे में डॉक्टर किरोड़ी ने पीड़ित व्यक्ति को समस्या के समाधान नहीं होने के कारण के बारे में बारीकी से जानकारी देकर समझाया जानकारी के अनुसार वैसे तो डॉक्टर किरोड़ी मीणा अपने निर्वाचन क्षेत्र और जयपुर स्थित अपने आवास पर आने वाले लोगों की समस्याओं को सुनते रहते हैं इसीलिए उनके आवास पर रोजाना ही बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहते हैं किरोड़ी के आवास पर सुबह से लेकर देर रात तक लोगों की भीड़ आसानी से देखी जा सकती है क्योंकि किरोड़ी अपने आवास पर आने वाले प्रति व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुनते हैं और फिर उसका निवारण का प्रयास भी करते हैं इसलिए लोग बड़ी उम्मीद के साथ उनके यहां अपनी समस्याएं लेकर पहुंचते हैं मंगलवार को ही डॉक्टर किरोड़ी मीणा की ओर से अजमेर स्थित ख्वाजा साहब की दरगाह पर चादर अर्पित की गई यह चादर मीणा ने अपने प्रतिनिधिमंडल के हाथों भिजवाई थी किरोड़ी मीणा की ओर से ख्वाजा साहब की दरगाह पर चादर अर्पित किए जाने के बाद मीणा का संदेश भी पढ़कर सुनाया गया मीणा ने अपने संदेश में कहा कि ख्वाजा साहब गरीबों के मसीहा और भाईचारे के प्रतिबिंब थे उन्होंने कहा कि समाज में आपस में सौहार्द प्यार का माहौल स्थापित करने में उनकी बड़ी भूमिका रही डॉ मीना ने लोगों से अपने संदेश के माध्यम से आग्रह किया है कि वह ख्वाजा साहब के जीवन से प्रेरणा लेकर आपस में प्रेम मोहब्बत से रहे और देश के विकास में अपना सहयोग दें ।

# पोष बड़ा कार्यक्रम का सर्राफ ने किया शुभारंभ

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** शहर के डागा मार्ग भेरुजी मंदिर गली में 9 वर्षों से निरंतर प्रदीप भरतिया की ओर से शुरू किए गए पोष बड़ा कार्यक्रम का सिलसिला अब भी जारी है। डागा मार्ग पर 9 वें पोष बड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ सरदारशहर विधायक अनिल शर्मा और व्यापार व उद्योग संघ के अध्यक्ष शिवरतन सर्राफ ने सालासर बालाजी की पूजा अर्चना के साथ किया। इस अवसर पर विधायक अनिल शर्मा व्यापार व उद्योग संघ अध्यक्ष शिवरतन सर्राफ और सरदारशहर डीएसपी कुलदीप वालिया ने राहगीरों को गरम-गरम बड़े और जलेबी का प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर व्यापार व उद्योग संघ अध्यक्ष शिवरतन सर्राफ ने बताया कि 9 वर्ष पहले हमारे स्थानीय व्यापारी और समाजसेवी प्रदीप भरतिया की ओर से इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी जो निरंतर अब भी जारी है। हर वर्ष मलमास के महीने में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। डागा मार्ग भैरव मंदिर गली के व्यापारियों के सहयोग से इस पोष बड़ा के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि मलमास के महीने में पोष बड़ा कार्यक्रम का एक अलग महत्व है। वहीं कड़कड़ाती सर्दी में यहां से गुजर रहे राहगीरों ने गरम-गरम जलेबी और बड़े खाकर अपने आप को तृप्त किया। पोष बड़ा कार्यक्रम मंगलवार पूरे दिन भर चलाया गया। इस अवसर पर उमेद तिवारी, गणेश पारीक, दीपचंद प्रजापत, नितेश झांकल, दुर्गासिंह सोनगरा, पवन लीला, सूर्यांश भरतिया, मोतीराम जांगिड़, आनंद दर्जी, केशव शर्मा, ताराचंद महर्षि, सांवरमल झेडू, रामलाल लोढसर, ध्रुव लीला सहित बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी पोष बड़ा कार्यक्रम के सहयोग में सहयोग किया।

# नौकरी का झांसा नाबालिग से दुष्कर्म का 10 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आईपीएस की ओर से फरार अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के मध्येनजर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धौलपुर वैभव शर्मा आरपीएस के निर्देशन में और कृष्णराज जांगिड आरपीएस वृत्ताधिकारी वृत्त धौलपुर के निकटतम सुपरविजन में पुलिस थाना कोतवाली की ओर से थानाप्रभारी वीरेन्द्र सिंह उप निरीक्षक के नेतृत्व में मनोज हैड कांस्टेबल मय थाना की टीम की ओर से नाबालिक के साथ बलात्कार करने का आरोपी रामभरोसी उर्फ राजेन्द्र सिंह सिसोदिया को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। घटना 15 दिसम्बर 2025 को थाना इलाका बसेड़ी के एक व्यक्ति की ओर से थाना पर उपस्थित होकर एक रिपोर्ट इस आशय पेश की थी कि आज से करीब 2-3 महीने पहले सरकारी हॉस्पीटल धौलपुर में रामभरोसी उर्फ राजेन्द्र सिंह सिसोदिया पुत्र जनक सिंह ठाकुर निवासी पोखरापुरा धौलपुर थाना कोतवाली धौलपुर जिला धौलपुर की ओर से जेल पुलिस में नौकरी लगाने के लिए परिवादी को व उसकी पुत्री को घर पर बुलाकर फार्म भरना और 5 दिसम्बर 2025 को परिवादी को फोन कर पुत्री को एडमिट कार्ड के बहाने धौलपुर मकान पर बुलाकर घर के अन्दर जबरन बलात्कार करने के सम्बंध में तहरीर पेश की। जिस पर मुकदमा धारा बीएनएस व पोस्को एक्ट में दर्ज किया गया। उक्त मामले में फरार मुल्जिम रामभरोसी उर्फ राजेन्द्र सिंह सिसोदिया पुत्र जनक सिंह ठाकुर उम्र 58 साल निवासी सामौर थाना दिहौली जिला धौलपुर हाल निवासी पोखरापुरा धौलपुर थाना कोतवाली धौलपुर जिला धौलपुर की तलाश के लिए धौलपुर पुलिस अधीक्षक की ओर से थाना कोतवाली व स्पेशल टीम गठित की गई। टीमों की ओर से विभिन्न स्थानों पर दबिश दी गई। तकनीकी व आसूचना के आधार पर सैंपऊ, कैंथरी, बसई नबाब, खेरागढ़ व आगरा शहर शमशाबाद, मथुरा यूपी व मुरैना व ग्वालियर गाजियाबाद, दिल्ली वृंदावन, लखनऊ इत्यादि स्थानों पर दबिश दी जाकर तलाश की गई। परन्तु मुल्जिम बहुत शातिर किस्म का आदतन अपराधी रहा है। जो पूर्व में भी इसी प्रकार की कई वारदातों को अंजाम दे चुका है। मुल्जिम भेष बदलने व छदम पहचान बनाकर चकमा देने में शातिर है। जिसकी तलाश के लिए उक्त टीमों की ओर से अथक प्रयास व मेहनत से लगातार आसूचना तंत्र को एक्टिव रखते हुए तलाश जारी रखी गई। अंततः सूचना प्राप्त हुई कि 26 दिसम्बर को थाना से रवाना टीम हैड कांस्टेबल मनोज की ओर से आगरा यूपी में रहकर मुल्जिम की तलाश आसूचना के आधार पर की गई।

# बीज विधेयक 2025 किसान हितों की रक्षा में ऐतिहासिक कदम- डॉ किरोड़ी लाल

## कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री की अध्यक्षता में बीज विधेयक 2025 की समीक्षा बैठक,कृषि विभाग की सफलता की कहानियां, पुस्तिकाओं का विमोचन

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित बीज विधेयक 2025 पर मंगलवार को पंत कृषि भवन के सभा कक्ष में कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ किरोड़ी लाल की अध्यक्षता में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीज विधेयक 2025 के विभिन्न प्रावधानों उनके व्यावहारिक प्रभाव तथा किसानों को होने वाले प्रत्यक्ष लाभों पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ किरोड़ी लाल ने कहा कि यह विधेयक किसानों के अधिकारों की सुरक्षा गुणवत्तापूर्ण बीज की उपलब्धता तथा कृषि क्षेत्र में पारदर्शिता लाने वाला एक दूरदर्शी कानून सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के साथ खड़ी है और बीज विधेयक 2025 से खेती में सुधार और प्रदेश की पैदावार में आशातीत वृद्धि होगी। जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और हमारा कृषक आत्म निर्भर बन सकेगा। उल्लेखनीय है कि कृषि मंत्री द्वारा इस वर्ष कृषि उर्वरक बीज व पैस्टिसाइड बनाने वाले विनिर्माताओं एवं विक्रेताओं की जाँच की गई जिसमें काफी अनियमितताएं पाई गईं इसके साथ ही उन्होंने किसानों को आ रही परेशानियों को भी धरातल पर जाकर सुना और समझा। जिससे डॉ किरोड़ी लाल ने सबसे पहले केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री को सीड बील में बदलाव करने के लिए पत्र लिखकर बीज में मिलावट करने वालों के खिलाफ सख्त कानून बनाने के लिए सुझाव दिया और केंद्र सरकार द्वारा इनकी बात मानते हुए सीड बिल 2025 लाया गया। अब जल्द ही उर्वरक व पेस्टिसाइड बिल भी लाये जा रहे हैं। बैठक में सवाई माधोपुर में आयोजित किये जा रहे अमरूद महोत्सव एवं उन्नत कृषि तकनीकी मेले की भी समीक्षा की गई। डॉ किरोड़ी लाल ने आयोजित किये जा रहे अमरूद महोत्सव की विस्तार से जानकारी ली और उन्होंने अधिकारियों को महोत्सव में आने वाले किसानों के ठहरने खाने-पीने एवं ट्रांसपोर्ट की उत्तम व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में अमरूद की विभिन्न किस्मों एवं प्रोसेसिंग के बाद बनाये जा रहे विभिन्न उत्पादों की भी विस्तार से जानकारी ली। अमरूद सवाई माधोपुर के पंच गौरवों में शामिल है। अमरूद महोत्सव का उद्देश्य अमरूद को न केवल फल नहीं बल्कि जिला गौरव आजीविका एवं उद्यमिता का प्रतीक बनाना है। अमरूद एक कम अवधि में उत्पादन देने वाली पोषण से भरपूर एवं बहु उपयोगी फल फसल है। सवाई माधोपुर जिले में वर्तमान में 15 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में 20 हजार से अधिक किसानों द्वारा अमरूद की व्यावसायिक खेती की जा रही है। डॉ किरोड़ी लाल द्वारा पंत कृषि भवन में समन्वित कृषि प्रणाली से समृद्ध किसानों की सफलता की कहानियां एवं जैविक खेती से समृद्ध कृषकों की सफलता की कहानियां पुस्तिकाओं का विमोचन किया गया। बैठक में प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी मंजू आयुक्त कृषि चिन्मयी गोपाल आयुक्त उद्यानिकी शुभम चौधरी निदेशक राजस्थान राज्य जैविक बीज प्रमाणिकरण संस्था के सी मीणा, अतिरिक्त निदेशक कृषि आदानगोपाल लाल अतिरिक्त निदेशक कृषि विस्तार एस एस शेखावत सहित विभागीय अधिकारी एवं सवाई माधोपुर से कृषि एवं उद्यानिकी अधिकारी उपस्थित रहे।

## कहानी

# बगुला भगत और केकड़ा

एक वन प्रदेश में एक बहुत बड़ा तालाब था। हर प्रकार के जीवों के लिए उसमें भोजन सामग्री होने के कारण वहां नाना प्रकार के जीव, पक्षी, मछलियां, कछुए और केकड़े निवास करते थे। पास में ही बगुला रहता था, जिसे परिश्रम करना बिल्कुल अच्छा नहीं लगता था। उसकी आंखें भी कमजोर थीं। मछलियां पकडने के लिए तो मेहनत करनी पड़ती हैं, जो उसे खलती थी। इसलिए आलस्य के मारे वह प्रायः भूखा ही रहता। एक टांग पर खड़ा यही सोचता रहता कि क्या उपाय किया जाए कि बिना हाथ-पैर हिलाए रोज भोजन मिले। एक दिन उसे एक उपाय सूझा तो वह उसे आजमाने बैठ गया। बगुला तालाब के किनारे खड़ा हो गया और लगा आंखों से आंसू बहाने। एक केकड़े ने उसे आंसू बहाते देखा तो वह उसके निकट आया और पूछने लगा 'मामा, क्या बात है भोजन के लिए मछलियों का शिकार करने की बजाय खड़े आंसू बहा रहे हो? ' बगुले ने जोर की हिचकी ली और भर्राए गले से बोला 'बेटे, बहुत कर लिया मछलियों का शिकार। अब मैं यह पाप कार्य और नहीं करुंगा। मेरी आत्मा जाग उठी हैं। इसलिए मैं निकट आई मछलियों को भी नहीं पकड़ रहा हूं। तुम तो देख ही रहे हो। ' केकड़ा बोला 'मामा, शिकार नहीं करोगे, कुछ खाओगे नही तो मर नहीं जाओगे? ' बगुले ने एक और हिचकी ली 'ऐसे जीवन का नष्ट होना ही अच्छा है बेटे, वैसे भी हम सबको जल्दी मरना ही हैं। मुझे ज्ञात हुआ हैं कि शीघ्र ही यहां बारह वर्ष लंबा सूखा पड़ेगा। '

बगुले ने केकड़े को बताया कि यह बात उसे एक त्रिकालदर्शी महात्मा ने बताई है, जिसकी भविष्यवाणी कभी गलत नहीं होती। केकड़े ने जाकर सबको बताया कि कैसे बगुले ने बलिदान व भक्ति का मार्ग अपना लिया है और सूखा पड़ने वाला है।

उस तालाब के सारे जीव मछलियां, कछुए, केकड़े, बत्तख व सारस आदि दौड़े-दौडे बगुले के पास आए और बोले 'भगत मामा, अब तुम ही हमें कोई बचाव का रास्ता बताओ। अपनी अक्ल लड़ाओ तुम तो महाज्ञानी बन ही गए हो। '

बगुले ने कुछ सोचकर बताया कि वहां से कुछ कोस दूर एक जलाशय हैं जिसमें पहाड़ी झरना बहकर गिरता हैं। वह कभी नहीं सूखता। यदि जलाशय के सब जीव वहां चले जाएं तो बचाव हो सकता है। अब समस्या यह थी कि वहां तक जाया कैसे जाएं? बगुले भगत ने यह समस्या भी सुलझा दी 'मैं तुम्हें एक-एक करके अपनी पीठ पर बिठाकर वहां तक पहुंचाऊंगा क्योंकि अब मेरा सारा शेष जीवन दूसरों की सेवा करने में ही तो गुजरेगा। '

सभी जीवों ने गद्-गद् होकर 'बगुला भगतजी की जै' के नारे लगाए।

अब बगुला भगत के पौ-बारह हो गई। वह रोज एक जीव को अपनी पीठ पर बिठाकर ले जाता और कुछ दूर ले जाकर एक चट्टान के पास जाकर उसे उस पर पटककर मार डालता और खा जाता। कभी मूड हुआ तो भगतजी दो फेरे भी लगाते और दो जीवों को चट कर जाते तालाब में जानवरों की संख्या घटने लगी। चट्टान के पास मरे जीवों की हड्डियों का ढेर बढ़ने लगा और भगतजी की सेहत बनने लगी। खा-खाकर वह खूब मोटे हो गए। मुख पर लाली आ गई और पंख चर्बी के तेज से चमकने लगे। उन्हें देखकर दूसरे जीव कहते 'देखो, दूसरों की सेवा का फल और पुण्य भगतजी के शरीर को लग रहा है। ' बगुला भगत मन ही मन खूब हंसता। वह सोचता कि देखो दुनिया में कैसे-कैसे मूर्ख जीव भरे पड़े हैं, जो सबका विश्वास कर लेते हैं। ऐसे मूर्खों की दुनिया में थोड़ी चालाकी से काम लिया जाए तो मजे ही मजे हैं। बिना हाथ-पैर हिलाए खूब दावत उड़ाई जा सकती है। बहुत दिन यही क्रम चला। एक दिन केकड़े ने बगुले से कहा 'मामा, तुमने इतने सारे जानवर यहां से वहां पहुंचा दिए, लेकिन मेरी बारी अभी तक नहीं आई। ' भगतजी बोले 'बेटा, आज तेरा ही नंबर लगाते हैं, आजा मेरी पीठ पर बैठ जा। ' केकड़ा खुश होकर बगुले की पीठ पर बैठ गया। जब वह चट्टान के निकट पहुंचा तो वहां हड्डियों का पहाड देखकर केकड़े का माथा ठनका। वह हकलाया 'यह हड्डियों का ढेर कैसा हैं? वह जलाशय कितनी दूर है मामा? ' बगुला भगत ठां-ठां करके खुब हंसा और बोला 'मूर्ख, वहां कोई जलाशय नहीं है।

# नए वर्ष के निर्णायक मोर्चे



वर्ष 2025 को विदाई देते हुए भारत केवल एक कैलेंडर वर्ष का समापन नहीं कर रहा, बल्कि अपनी विदेश नीति के एक अत्यंत निर्णायक और चुनौतीपूर्ण चरण में कदम रख रहा है। वर्ष 2026 भारत के लिए एक सामान्य कूटनीतिक निरंतरता का वर्ष नहीं होगा, बल्कि यह वह समय होगा जब वैश्विक सत्ता-संतुलन, आर्थिक अनिश्चितता और पड़ोसी क्षेत्रों में अस्थिरता, तीनों एक साथ भारत की रणनीतिक क्षमता की परीक्षा लेंगे। आज भारत वह देश नहीं रहा, जो वैश्विक घटनाओं पर प्रतिक्रिया देता हो। वह अब एक ऐसा प्रभावशाली शक्ति-केंद्र है, जिसकी नीतियों का प्रभाव क्षेत्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर महसूस किया जाता है। 2026 में प्रवेश करते समय भारत की विदेश नीति की सबसे तात्कालिक और राजनीतिक रूप से संवेदनशील चुनौती अमेरिका के साथ उसके संबंध हैं। रणनीतिक स्तर पर भारत-अमेरिका संबंध मजबूत बने हुए हैं। चीन को लेकर साझा चिंताएं, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा सहयोग और रक्षा साझेदारी इसकी पुष्टि करते हैं, किंतु आर्थिक मोर्चे पर स्थिति कहीं अधिक जटिल है। 2025 में भारतीय निर्यात पर लगाए गए भारी अमेरिकी शुल्कों ने यह स्पष्ट कर दिया कि रणनीतिक साझेदारी अब भी आर्थिक संरक्षणवाद की गारंटी नहीं देती। यह केवल व्यापारिक नुकसान का प्रश्न नहीं है, बल्कि उस व्यापक संकेत का भी है कि अमेरिका भारत को एक रणनीतिक साझेदार के साथ-साथ एक लेन-देन आधारित आर्थिक इकाई के रूप में देख रहा है। भारत के लिए 2026 की दहलीज पर सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि वह अमेरिका के साथ किसी सीमित व्यापारिक समझौते की दिशा में बढ़े, बिना यह संदेश दिए कि वह आर्थिक दबाव के आगे झुकने को तैयार है। अत्यधिक नरमी भारत की वैश्विक सौदेबाजी की विश्वसनीयता को कमजोर कर सकती है, जबकि लंबे समय तक टकराव आर्थिक वृद्धि को प्रभावित कर सकता है, विशेषकर ऐसे समय में जब वैश्विक मांग पहले ही मंद पड़ रही है। यह संतुलन साधना आसान नहीं होगा, लेकिन भारत के लिए अनिवार्य है। एक और चिंता अमेरिका और पाकिस्तान के बीच संभावित पुनर्संवाद की है। यद्यपि पाकिस्तान अब अमेरिकी विदेश नीति का केंद्रीय स्तंभ नहीं रहा, फिर भी यदि आतंक-रोधी सहयोग या क्षेत्रीय स्थिरता के नाम पर वाशिंगटन इस्लामाबाद के साथ सीमित सामरिक संवाद भी बढ़ाता है तो इसका प्रभाव भारत की सुरक्षा चिंताओं पर पड़ सकता है। भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि भारत-पाकिस्तान संबंधों का पुनः 'हाइफनेशन' न हो और सीमा-पार आतंकवाद के मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय दबाव कमजोर न पड़े। वर्ष 2026 में भारत द्वारा ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालना अवसर और चुनौती, दोनों है। ब्रिक्स अब केवल उभरती अर्थव्यवस्थाओं का मंच नहीं, यह विभिन्न भू-राजनीतिक प्राथमिकताओं और वैचारिक दृष्टिकोणों का एक जटिल समूह बन चुका है। भारत से अपेक्षा की जा रही है कि वह इस मंच को दिशा प्रदान करे, किंतु चीन का आर्थिक वर्चस्व और रूस की भू-राजनीतिक मजबूरियां सर्वसम्मति को सीमित करती हैं। कुछ नए सदस्य ब्रिक्स को पश्चिम-विरोधी मंच के रूप में देखना चाहते हैं, जबकि भारत का दृष्टिकोण अधिक व्यावहारिक और संतुलित है। भारत के लिए चुनौती यह होगी कि वह ब्रिक्स को वैचारिक ध्रुवीकरण से बचाते हुए विकास, वित्त, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और जलवायु अनुकूलन जैसे मुद्दों पर केंद्रित रखे। यदि ब्रिक्स केवल बयानबाजी का मंच बनता है या पश्चिम-विरोधी राजनीति में उलझता है तो इससे भारत की ब्रिज-बिल्डर की भूमिका को गंभीर आघात पहुंचेगा। व्यापार कूटनीति 2026 में भारत की विदेश नीति का एक और निर्णायक मोर्चा होगी। वैश्विक व्यापार व्यवस्था तेजी से खंडित हो रही है-संरक्षणवाद, औद्योगिक नीति और चुनिंदा डी-कपलिंग अब अपवाद नहीं, नई सामान्य स्थिति बन चुके हैं। ऐसे में यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और हिंद-प्रशांत साझेदारों के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते केवल आर्थिक नहीं, बल्कि रणनीतिक आवश्यकता बन गए हैं, किंतु इन वार्ताओं में श्रम मानक, पर्यावरण नियम, डाटा शासन और बाजार पहुंच जैसे संवेदनशील मुद्दे शामिल हैं। भारत के सामने यह भी चुनौती होगी कि वह अत्यधिक रक्षात्मक रवैये से बाहर निकले, बिना अपनी घरेलू नीति-स्वायत्तता से समझौता किए। अत्यधिक विलंब का जोखिम यह है कि भारत उन आपूर्ति श्रृंखलाओं से बाहर रह जाए, जो चीन के विकल्प तलाश रही हैं। क्षेत्रीय स्तर पर पाकिस्तान भारत की सबसे जटिल चुनौती बना हुआ है। नियंत्रण रेखा पर शांति को किसी संरचनात्मक परिवर्तन के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। भारत के लिए जरूरी होगा कि वह विश्वसनीय प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखे, बिना ऐसे टकराव में फंसे, जो आर्थिक प्राथमिकताओं को नुकसान पहुंचाए। पाकिस्तान के साथ संबंधों में कोई त्वरित समाधान नहीं है-यह संयम, तैयारी और दीर्घकालिक रणनीति की

*चीन को लेकर साझा चिंताएं, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा सहयोग और रक्षा साझेदारी इसकी पुष्टि करते हैं, किंतु आर्थिक मोर्चे पर स्थिति कहीं अधिक जटिल है। 2025 में भारतीय निर्यात पर लगाए गए भारी अमेरिकी शुल्कों ने यह स्पष्ट कर दिया कि रणनीतिक साझेदारी अब भी आर्थिक संरक्षणवाद की गारंटी नहीं देती। यह केवल व्यापारिक नुकसान का प्रश्न नहीं है, बल्कि उस व्यापक संकेत का भी है कि अमेरिका भारत को एक रणनीतिक साझेदार के साथ-साथ एक लेन-देन आधारित आर्थिक इकाई के रूप में देख रहा है। भारत के लिए 2026 की दहलीज पर सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि वह अमेरिका के साथ किसी सीमित व्यापारिक समझौते की दिशा में बढ़े, बिना यह संदेश दिए कि वह आर्थिक दबाव के आगे झुकने को तैयार है। अत्यधिक नरमी भारत की वैश्विक सौदेबाजी की विश्वसनीयता को कमजोर कर सकती है, जबकि लंबे समय तक टकराव आर्थिक वृद्धि को प्रभावित कर सकता है, विशेषकर ऐसे समय में जब वैश्विक मांग पहले ही मंद पड़ रही है। यह संतुलन साधना आसान नहीं होगा, लेकिन भारत के लिए अनिवार्य है।*
*एक और चिंता अमेरिका और पाकिस्तान के बीच संभावित पुनर्संवाद की है। यद्यपि पाकिस्तान अब अमेरिकी विदेश नीति का केंद्रीय स्तंभ नहीं रहा, फिर भी यदि आतंक-रोधी सहयोग या क्षेत्रीय स्थिरता के नाम पर वाशिंगटन इस्लामाबाद के साथ सीमित सामरिक संवाद भी बढ़ाता है तो इसका प्रभाव भारत की सुरक्षा चिंताओं पर पड़ सकता है। भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि भारत-पाकिस्तान संबंधों का पुनः 'हाइफनेशन' न हो और सीमा-पार आतंकवाद के मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय दबाव कमजोर न पड़े। वर्ष 2026 में भारत द्वारा ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालना अवसर और चुनौती, दोनों है। ब्रिक्स अब केवल उभरती अर्थव्यवस्थाओं का मंच नहीं, यह विभिन्न भू-राजनीतिक प्राथमिकताओं और वैचारिक दृष्टिकोणों का एक जटिल समूह बन चुका है।*

## सम्पादकीय

# बंगाल में एसआईआर को लेकर बढ़ा विवाद



मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बिहार से सवालों का जो सिलसिला शुरू हुआ था, वह देश के अन्य राज्यों में भी नए-नए रूप में सामने आ रहा है। कभी इस प्रक्रिया में बूथ स्तरीय अधिकारियों पर काम के दबाव का मुद्दा उठाया जाता है, तो कभी लाखों लोगों के मसविदा सूची से बाहर हो जाने को लेकर आशंकाओं का नगाड़ा पीटा जा रहा है। पश्चिम बंगाल में तो अब एक नई समस्या सामने आई है, जिसे चुनाव आयोग ने खुद स्वीकार करते हुए सूची में छूट गए मतदाताओं की सुनवाई की प्रक्रिया रोकने का निर्देश दिया है। आयोग का कहना है कि राज्य में वर्ष 2002 की मतदाता सूची के डिजिटलीकरण में तकनीकी समस्या की वजह से कई लोगों के नाम मसविदा सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं और ऐसे लोगों के लिए फिलहाल व्यक्तिगत सुनवाई की जरूरत नहीं है। इससे स्पष्ट है कि पुनरीक्षण की प्रक्रिया खामियों से रहित नहीं है। मगर, सवाल है कि इस तरह की व्यवस्थागत चूक से मतदाताओं को जो नाहक ही मानसिक और अन्य तरह की परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं, उनकी भरपाई कैसे हो पाएगी? गौरतलब है कि विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया सबसे पहले बिहार से शुरू हुई थी। तब चुनाव आयोग की ओर से आधार कार्ड को पहचान पत्र के दस्तावेजों में शामिल न करने का मुद्दा प्रमुखता से उठा था। आयोग का तर्क था कि आधार को नागरिकता का पहचान पत्र नहीं माना जा सकता, मगर बाद में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर इसे पहचान के दस्तावेजों में शामिल कर दिया गया। इसके बावजूद बिहार में लाखों की संख्या में लोग मतदाता सूची से बाहर रह गए। यह सवाल अब दूसरे राज्यों में भी उठ रहा है, क्योंकि वहां भी बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम मसविदा सूची से हटाए गए हैं। हालांकि, चुनाव आयोग की ओर से अंतिम सूची तैयार करने से पहले पात्र लोगों को अपना नाम जुड़वाने के लिए अवसर दिए जाएंगे, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि बिहार की तरह दूसरे राज्यों में भी लाखों लोग सूची से बाहर रह सकते हैं। इसमें एक सवाल आयोग की विश्वसनीयता को लेकर भी उठ रहा है, जिस कारण पश्चिम बंगाल में तो सत्तारूढ़ दल ने अपने स्तर पर मतदाताओं की पात्रता को सत्यापित करने की मुहिम शुरू कर दी है। पुनरीक्षण प्रक्रिया में अभी तक सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश में दो करोड़ 89 लाख लोगों के नाम मसविदा सूची से हटाए गए हैं। चुनाव आयोग का कहना है कि इनमें से पात्र लोगों को प्रक्रिया के अगले चरण में अपनी योग्यता साबित करने का मौका दिया जाएगा। मतदाताओं को सूची से बाहर रखने के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें समय पर जरूरी दस्तावेज प्रस्तुत न करना भी शामिल है। मगर, यह सवाल भी महत्त्वपूर्ण है कि अगर कोई मतदाता पात्र होने के बावजूद किन्हीं कारणों से संबंधित दस्तावेज जमा नहीं करा पाता है, तो क्या उसका मताधिकार खत्म हो जाएगा? और अगर उसके पास मत देने का अधिकार नहीं रहेगा, तो स्वाभाविक है कि देर-सवेर उसकी नागरिकता पर भी सवाल उठेंगे और उसका भविष्य खतरे में पड़ जाएगा।

# सामने आनी चाहिए नेहरू की चिट्ठियां

देश के पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के निजी पत्रों और दस्तावेजों पर किसका अधिकार है? राष्ट्र का या नेहरू-गांधी परिवार का? यह बहस एक बार फिर गरमा गई है। हाल में जब भाजपा सांसद संबित पात्रा ने संसद में कहा कि नेहरू से जुड़े कागज प्रधानमंत्री संग्रहालय और पुस्तकालय से गायब हैं तो केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि देश के पहले प्रधानमंत्री से संबंधित कोई दस्तावेज प्रधानमंत्री संग्रहालय से लापता नहीं है।

केंद्रीय मंत्री ने इसे स्पष्ट करते हुए कहा कि नेहरू जी के 'पत्र लापता नहीं हैं' कहने का अर्थ है कि वे सोनिया गांधी के पास हैं, क्योंकि लापता वह चीज होती है, जिसके विषय में कुछ पता ही नहीं हो। सवाल यह है कि क्या सरकार ने इन पत्रों पर राजनीति की या नेहरू-गांधी परिवार इन खतों को देश के सामने नहीं आने देना चाहता? इससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या नेहरू-गांधी परिवार के पास मौजूद पत्र अब अस्तित्व में हैं या नहीं?

इसमें कोई शक नहीं है कि जवाहरलाल नेहरू की चिट्ठियां समकालीन राजनीति और समाज का जीवंत दस्तावेज हैं। उनके पत्र आज भी जीवंत हैं, क्योंकि वे भारत की आधुनिक चुनौतियों जैसे सांप्रदायिकता, राष्ट्रवाद, भारत की वैश्विक भूमिका और सामाजिक न्याय के सवाल को संबोधित करते हैं। इसके अलावा इन चिट्ठियों में उनके निजी जीवन की झलक भी है। उनमें से अधिकांश वर्षों तक प्रधानमंत्री संग्रहालय में रखे हुए थे, लेकिन मनमोहन सरकार में अचानक इन चिट्ठियों की मौजूदगी का पता बदल गया।

इस साल अप्रैल में प्रधानमंत्री म्यूजियम की तरफ से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को एक खत लिखा गया। उसमें कहा गया कि राहुल गांधी के परिवार के पास जवाहरलाल नेहरू से जुड़े जो दस्तावेज हैं, वे वापस कर दिए जाएं। प्रधानमंत्री म्यूजियम और लाइब्रेरी सोसायटी के सदस्य रिजवान कादरी ने दावा किया था कि 2008 में यूपीए कार्यकाल में 51 बक्सों में भरकर नेहरू के निजी खत सोनिया गांधी के पास पहुंचाए गए थे।



उनका दावा है कि उन्होंने सितंबर 2024 में भी सोनिया गांधी को खत लौटाने के लिए पत्र लिखा था, लेकिन उनसे कोई जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने राहुल गांधी को पत्र लिखा। रिजवान कादरी ने जिन 51 बक्सों की बात की थी, उनमें नेहरू के वे पत्र रखे हुए हैं, जो उन्होंने एडविना माउंटबेटन, अल्बर्ट आइंस्टीन, जयप्रकाश नारायण, पद्मजा नायडू, विजयलक्ष्मी पंडित, अरुणा आसफ अली, बाबू जगजीवन राम और गोविंद बल्लभ पंत जैसी कई नामी शख्सियतों को लिखे थे।

हालांकि ऐसा नहीं है कि इन पत्रों को सार्वजनिक करने की मांग पहली बार की गई है। 2014 में भी ऐसी मांग उठी थी। उस वक्त यूनिवर्सिटी आफ नार्थ कोलंबिया के इतिहासकार सुसान डेनबे ने नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय से 1947 के बाद के नेहरू के पत्र देखने की इच्छा जताई थी, लेकिन उन्हें मंजूरी नहीं मिल पाई। इन खतों को लेकर नेहरू-गांधी परिवार के करीबी ये तर्क देते हैं कि प्रधानमंत्री संग्रहालय ने ऐसे खत परिवार को तोहफे में दे दिए थे और तोहफा वापस कैसे लिया जा सकता है, लेकिन क्या देश के पहले प्रधानमंत्री का पत्र व्यवहार परिवार की जागीर हो सकता है? अच्छी बात यह है कि अब यह बहस गर्म हो रही है और इस बारे में नेहरू-गांधी परिवार को जवाब देना होगा। नेहरू के कई खत हंगामा मचा सकते हैं।

*इस साल अप्रैल में प्रधानमंत्री म्यूजियम की तरफ से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को एक खत लिखा गया। उसमें कहा गया कि राहुल गांधी के परिवार के पास जवाहरलाल नेहरू से जुड़े जो दस्तावेज हैं, वे वापस कर दिए जाएं। प्रधानमंत्री म्यूजियम और लाइब्रेरी सोसायटी के सदस्य रिजवान कादरी ने दावा किया था कि 2008 में यूपीए कार्यकाल में 51 बक्सों में भरकर नेहरू के निजी खत सोनिया गांधी के पास पहुंचाए गए थे।*
*उनका दावा है कि उन्होंने सितंबर 2024 में भी सोनिया गांधी को खत लौटाने के लिए पत्र लिखा था, लेकिन उनसे कोई जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने राहुल गांधी को पत्र लिखा। रिजवान कादरी ने जिन 51 बक्सों की बात की थी, उनमें नेहरू के वे पत्र रखे हुए हैं, जो उन्होंने एडविना माउंटबेटन, अल्बर्ट आइंस्टीन, जयप्रकाश नारायण, पद्मजा नायडू, विजयलक्ष्मी पंडित,*

# जन दबाव का प्रभाव

सुप्रीम कोर्ट की ओर से उन्नाव के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को राहत देने वाले दिल्ली हाई कोर्ट के निर्णय पर रोक लगाने के साथ ही जिस तरह अरावली की पहाड़ियों की परिभाषा से संबंधित अपने ही फैसले को स्थगित किया गया, उससे यही रेखांकित होता है कि जन दबाव ने अपना असर दिखाया। यह अच्छा हुआ कि सुप्रीम कोर्ट ने इन दोनों मामलों में जनता के दबाव को महसूस किया और सवालों से घिरे फैसलों पर रोक लगाई, लेकिन विचार इस पर भी होना चाहिए कि आखिर ऐसे फैसले कैसे दिए गए, जिन्होंने महिलाओं की सुरक्षा और पर्यावरण की रक्षा को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े किए? दिल्ली हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के उक्त फैसले केवल विसंगति भरे ही नजर नहीं



आ रहे थे, बल्कि इस उक्ति का उपहास भी उड़ा रहे थे कि न्याय होने के साथ ही होते हुए दिखना भी चाहिए। दिल्ली हाई कोर्ट ने दुष्कर्म के दोषी कुलदीप सिंह सेंगर को केवल जमानत ही नहीं दी थी, बल्कि ट्रायल कोर्ट से मिली उम्रकैद की सजा इस आधार पर निलंबित भी कर दी थी कि जन प्रतिनिधि पाक्सो एक्ट के तहत लोक सेवक की परिभाषा के दायरे में नहीं आते। यह बड़ा ही विचित्र निष्कर्ष था। दुर्भाग्य से इस निष्कर्ष का लाभ पूर्व विधायक को दे दिया गया। इस फैसले ने लोगों को हैरान भी किया और परेशान भी। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि अंततः सवालों से घिरे फैसलों पर रोक लग गई, क्योंकि ऐसे हर मामले न तो चर्चा में आ पाते हैं और न ही उन्हें लेकर लोग विरोध जताने सदैव सड़कों पर उतर पाते हैं। दूरदराज के ऐसे मामले या तो केवल खबर का हिस्सा बनकर रह जाते हैं या फिर अनसुने रह जाते हैं। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि जैसे उन्नाव दुष्कर्म कांड में दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले का विरोध हो रहा था, वैसे ही अरावली पहाड़ियों के मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला भी आलोचना के घेरे में था। इसका कारण सुप्रीम कोर्ट की ओर से इस परिभाषा को मान्यता देना था कि सौ मीटर से ऊंची पहाड़ियों को ही अरावली पर्वतमाला का हिस्सा माना जाएगा। इससे अरावली के एक बड़े हिस्से में खनन का रास्ता खुलता दिख रहा था। इससे लोगों का चिंतित होना स्वाभाविक था। यह राहतकारी है कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने ही फैसले पर रोक लगा दी, लेकिन आखिर अरावली की ऐसी परिभाषा को मान्यता कैसे मिल गई, जो इस पर्वतमाला के अस्तित्व को ही संकट में डाल सकती थी?

# सांभर फेस्टिवल में दो लाख सैलानी पहुंचे , ट्रैफिक कांस्टेबल की गलती पड़ी भारी, पर्यटकों को हुई परेशानी

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)।** सांभर फेस्टिवल का खुमार भले ही चरम पर हो, लेकिन इसके साथ ही प्रशासनिक नाकामी भी पूरी तरह उजागर हो गई है। मंगलवार को करीब दो लाख से अधिक सैलानी सांभरलेक पहुंचे, मगर इस भारी भीड़ को संभालने में ट्रैफिक और पार्किंग व्यवस्था पूरी तरह फेल साबित हुई। नतीजा यह रहा कि सांभरलेक से फेस्टिवल स्थल कोच्या की ढाणी झपोक तक 5 से 6 किलोमीटर लंबा जाम लग गया और सैलानी घंटों तक सड़क पर तड़पते रहे।

जाम की सबसे बड़ी वजह ट्रैफिक ड्यूटी में तैनात हेड कांस्टेबल सतवीर द्वारा एक व्यक्ति विशेष की निजी पार्किंग में वाहनों को जबरन प्रवेश दिलाना बताया जा रहा है।



इसके चलते मुख्य सड़क पर वाहनों की कतारें लग गईं और कुछ ही देर में हालात पूरी तरह बेकाबू हो गए। वाहन रेंगते रहे, धूल और गर्मी के बीच बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग बेहाल नजर आए। कई सैलानियों ने तो फेस्टिवल में पहुंचने से पहले ही हार मान ली। जब हालात हाथ से निकल गए, तब सांभरलेक थाना प्रभारी राम मिलन मीणा के नेतृत्व में पुलिस ने मोर्चा संभाला। जाप्ता बुलाकर करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद जाम तो खुलवा दिया गया, लेकिन तब तक सैलानियों का गुस्सा चरम पर पहुंच चुका था। लोगों का साफ कहना था कि जब प्रशासन को पहले से लाखों की भीड़ का अंदेशा था, तो ट्रैफिक, पार्किंग और डायवर्जन की ठोस योजना आखिर क्यों नहीं बनाई गई। सवाल यह भी उठ रहे हैं कि क्या फेस्टिवल केवल प्रचार के भरोसे छोड़ दिया गया है? फेस्टिवल स्थल पर भले ही चौथे दिन भी गतिविधियों की चमक दिखाई दी, लेकिन सड़क पर फंसे सैलानियों के लिए यह उत्सव किसी सजा से कम नहीं था। बच्चे झूलों का आनंद लेते रहे, युवा पैरा सेलिंग, पैरा ग्लाइडिंग और पैरा मोटरिंग जैसी एडवेंचर गतिविधियों में जुटे रहे, मगर बाहर अव्यवस्था का मंजर पूरी तस्वीर बिगाड़ता रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राजस्थानी लोक संस्कृति की झलक जरूर देखने को मिली। बनवारी लाल जाट द्वारा प्रस्तुत कच्ची घोड़ी नृत्य ने दर्शकों की तालियां बटोरीं, लेकिन सवाल यही है कि क्या रंगारंग मंचीय कार्यक्रम प्रशासनिक विफलताओं पर परदा डाल सकते हैं? हकीकत यह है कि एक ओर सांभर फेस्टिवल पर्यटन के नाम पर रिकॉर्ड भीड़ जुटा रहा है, वहीं दूसरी ओर ट्रैफिक, पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था बार-बार दम तोड़ रही है। अगर यही हाल रहा, तो सांभर फेस्टिवल की पहचान पर्यटन उत्सव के बजाय अव्यवस्था, जाम और प्रशासनिक लापरवाही के प्रतीक के रूप में बनकर रह जाएगी। सैलानियों की दो टूक चेतावनी है—व्यवस्थाएं नहीं सुधरीं, तो यह उत्सव बोझ बन जाएगा, उपलब्धि नहीं।

## नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के विधान सभा क्षेत्र बसेडी में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन सिद्धेश्वरी माता मन्दिर:नहर कोठी पर किया गया। शंकर आई हॉस्पिटल जयपुर ने दी सेवाएं स्थानीय क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से 'घर-घर गंगे सेवा समिति, बसेडी की ओर से एक नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में जयपुर के सुप्रसिद्ध शंकर आई हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में आए सैकड़ों ग्रामीणों की आंखों की विस्तृत जांच की गई।मोतियाबिंद, दृष्टि दोष और आंखों से संबंधित अन्य समस्याओं के लिए उचित डॉक्टरी परामर्श दिया गया।स्थानीय सहयोग: कार्यक्रम का आयोजन 'घर-घर गंगे सेवा समिति' के तत्वावधान में किया गया। जनता का उत्साहशिविर के दौरान बड़ी संख्या में बुजुर्गों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई जो बड़े शहरों में जाकर इलाज कराने में असमर्थ है। इस शिविर का आयोजन बृजराज सिंह परमार के नेतृत्व में किया गया।

## सर्दी से बचाव, मवेशियों को पहना रहे जूट और कम्बल




जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** सर्दी का असर तेज होने के साथ जिले के पशुपालकों व पशु विक्रेताओं ने मवेशियों की देखभाल में सतर्कता भी बढ़ा दी है। कई पशुपालक अपने मवेशियों को सर्दी से बचाने के लिए जूट की ओढ़नियां बनाकर पहना रहे हैं। ये स्थिति सभी गांव ढाणियों में देखी जा सकती है। सांगानेर तहसील के पास श्रीरामपुरा गांव निवासी पशुपालक बाबूलाल प्रजापति, रंगलाल प्रजापति, जगदिश शर्मा (रिटायर्ड प्रधानाध्यापक) ने बताया कि हम सालों से पशु पालन करते आए है। हम लोग तो स्वेटर, जैकेट, कंबल आदि पहनकर सर्दी से बचाव करते हैं, लेकिन इन मूक जानवरों का क्या होगा। इसी को ध्यान में रखते हुए जूट के थैलों से ओढ़नियां बनाई हैं। इनके परिवार में अभी 10-20 मवेशी हैं, जिन्हें रात के समय ये ओढ़नियां, कम्बल पहनाते हैं।

## निंझर बालाजी मंदिर में पौष बड़ा, हजारों श्रद्धालुओं ने पाई पंगत प्रसादी



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निस)।** आकेड़ा डूंगर के निंझर श्रीधनुर्धारी बालाजी मंदिर में पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान भजन उत्सव का भी आयोजन हुआ। मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष सीताराम सैनी ने बताया कि भजन उत्सव के दौरान श्रद्धालु बालाजी के भजनों पर झूम उठे। इस दौरान गायक कलाकारों ने छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना..... बालाजी प्यारो लागे...., मेरे केसरी को लाल करज्यो छोटो सो मेरो काम, संकट हरने वाले को हनुमान कहते हैं.....आदि भजनों पर श्रद्धालुओं को भावबिभौर कर दिया। कार्यक्रम में बड़ा गांव, भाटिया, सिस्यावास, लक्ष्मी नारायणपुरा, आकेड़ा, 17 नंबर, जैसल्या सहित क्षेत्र के विभिन्न कॉलोनी के हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी का लुत्फ लिया। इस दौरान बालाजी की पुष्प सज्जित विशेष झांकी का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान समिति कोषाध्यक्ष रामबाबू गुप्ता, सुरेश गुप्ता, नारायण मीणा, हरफूल टोडावता, घनश्याम कुमावत, रामकिशोर शर्मा, राकेश मीणा, पप्पू गुर्जर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## संभागीय आयुक्त पूनम दूदू व बगरू विधानसभा क्षेत्रों का आज करेगी दौरा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** संभागीय आयुक्त पूनम बुधवार को बतौर रोल ऑब्ज़र्वर जयपुर जिले की बगरू व दूदू विधानसभा क्षेत्रों का दौरा करेंगी। इस दौरान वे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की प्रगति की समीक्षा करेंगी। साथ ही राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों व बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से संवाद भी करेंगी। बगरू विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी संघमित्रा बरड़िया ने बताया कि संभागीय आयुक्त पूनम बुधवार को प्रातः 11 बजे बगरू तहसील में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का पर्यवेक्षण करेंगी। इस अवसर पर वे मतदाता सूची से संबंधित शिकायतों व आपत्तियों की सुनवाई भी करेंगी। इसी क्रम में दूदू विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि संभागीय आयुक्त पूनम बुधवार को दोपहर 1 बजे दूदू विधानसभा क्षेत्र में कार्यालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, दूदू में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का पर्यवेक्षण करेंगी। इस दौरान मतदाता सूची से जुड़ी शिकायतों व आपत्तियों की सुनवाई के साथ-साथ मतदान केन्द्रों का निरीक्षण, बूथ लेवल अधिकारियों से संवाद और अन्य निर्वाचन संबंधी कार्यों की समीक्षा भी की जाएगी।

## राजस्थान के माटी कला बोर्ड चेयरमैन प्रहलाद राय टाक को काठमांडू में अंतरराष्ट्रीय सम्मान

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** राजस्थान माटी कला बोर्ड के चेयरमैन प्रहलाद राय टाक को माटी कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय और निरंतर उत्कृष्ट कार्य के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। नेपाल की राजधानी काठमांडू स्थित रशियन कल्चर सेंटर में आयोजित वैश्विक शांति समरसता सम्मेलन के दौरान उन्हें 'एशिया कॉन्टिनेंट अवॉर्ड-25' से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें माटी कला आर्ट के क्षेत्र में लगातार दो वर्षों से किए जा रहे प्रभावशाली योगदान के लिए प्रदान किया गया।

समरसता मंच के तत्वावधान में आयोजित इस भव्य समारोह में राजनयिक संबंधों से जुड़े वियना अभिशरण अधिनियम 1972 तथा विचार प्रेजेंटेशन को भी प्रमुखता दी गई। कार्यक्रम में नेपाल के प्रथम उपराष्ट्रपति महामहिम परमानंद झा, दिव्य पुरुष परमपूज्य जगदगुरु शिवशक्ति महाराज (नेपाल सरकार), नेपाल सरकार के पूर्व उपप्रधानमंत्री राजेंद्र महतो, नेपाल की पूर्व लोकसभा स्पीकर इंदिरा राणा मगर व रोमा यूनिवर्सिटी नई दिल्ली के चांसलर डॉ. हुकम चंद गणेशिया ने संयुक्त रूप से टाक को यह सम्मान प्रदान किया। सम्मान स्वरूप उन्हें शाल,



नेपाली टोपी, प्रशस्ति पत्र, मेडल व स्मृति चिह्न भेंट किया गया। समारोह की विशेष बात यह रही कि 25 देशों के राष्ट्रध्वजों की उपस्थिति में यह सम्मान प्रदान किया गया, जिससे कार्यक्रम को अंतरराष्ट्रीय गरिमा और पहचान मिली। प्रहलाद राय टाक ने इस अवसर पर कहा कि यह सम्मान राजस्थान की माटी कला, कारीगरों और लोक परंपराओं को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस उपलब्धि को प्रदेश के सभी माटी कला शिल्पकारों को समर्पित किया।

## आशा कार्यकर्ताओं के लिए किलकारी व मोबाइल एकेडमी पर क्षमता-वर्धन कार्यशाला



जयपुर टाइम्स

**नावां शहर(निस)।** डीडवाना- कुचामन जिले के नावा ब्लॉक अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मारोठ के सभागार में आशा कार्यकर्ताओं के लिए किलकारी एवं मोबाइल एकेडमी (च्ररू) कार्यक्रम पर आधारित एक दिवसीय क्षमता-वर्धन एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी नावा डॉ. सौरभ जैन ने की। कार्यशाला में आशा कार्यकर्ताओं को किलकारी व मोबाइल एकेडमी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम अधिकारी अंशुल शर्मा ने बताया कि किलकारी एवं मोबाइल एकेडमी भारत सरकार की प्रमुख डिजिटल स्वास्थ्य सेवाएँ हैं, जिनके माध्यम से गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण, मातृ व शिशु स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी वॉइस कॉल के जरिए उनके मोबाइल फोन पर उपलब्ध कराई जाती है। मोबाइल एकेडमी आशा कार्यकर्ताओं के ज्ञान व कौशल को मजबूत करने में सहायक सिद्ध हो रही है। इस अवसर पर डॉ. सौरभ जैन ने आशा कार्यकर्ताओं को लाभार्थियों का समय पर पंजीकरण, सही मोबाइल नंबर व एलएमपी का शुद्ध दर्जकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लाभार्थियों को बार-बार मोबाइल नंबर न बदलने के लिए प्रेरित करने पर भी जोर दिया। साथ ही बताया कि आशा कार्यकर्ता अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से 14424 डायल कर मोबाइल एकेडमी कोर्स पूर्ण कर सकती हैं, जिस पर भारत सरकार की ओर से प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाता है। डॉ. जैन ने सभी आशा कार्यकर्ताओं को एक सप्ताह के भीतर मोबाइल एकेडमी कोर्स पूर्ण करने व किलकारी कॉल सेवा को अधिकतम लाभार्थियों तक पहुँचाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही किलकारी कॉर्नर की स्थापना, आरसीएच रजिस्टर में किलकारी कॉलम बनाने तथा ममता कार्ड पर डॉ. अनीता का मोबाइल नंबर दर्ज करने के निर्देश भी प्रदान किए।

### मलेरिया नियंत्रण को लेकर नगर निगम जयपुर की बड़ी कार्रवाई

## कचरागाहों, नालों व ट्रांसफर स्टेशनों पर फॉगिंग और कीटनाशक छिड़काव

जयपुर टाइम्स

**जयपुर।** मौसमी बीमारियों, विशेषकर मलेरिया व डेंगू की रोकथाम को लेकर नगर निगम जयपुर की मलेरिया शाखा की ओर से व्यापक स्तर पर अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत नगर निगम जयपुर पार्ट प्रथम एवं पार्ट द्वितीय के विभिन्न क्षेत्रों में कचरागाहों, कचरा ट्रांसफर स्टेशनों, नालों तथा ढाणियों में फॉगिंग व कीटनाशक छिड़काव की कार्रवाई की गई। नगर निगम जयपुर पार्ट प्रथम के क्षेत्राधिकार में सेवापूरा कचरागाह के कचरे पर, कालवाड़ कचरा ट्रांसफर स्टेशन, पापड़ के हनुमान मंदिर का नाला, नारायणा हरदयाल हॉस्पिटल के पास का नाला, बंबाला कचरा ट्रांसफर स्टेशन, झालाना कचरा ट्रांसफर स्टेशन तथा रीको इंडस्ट्रियल एरिया स्थित कचरा ट्रांसफर स्टेशन पर मलेरिया टीम की ओर से फॉगिंग करवाई गई। इसके अलावा सेवापूरा कचरागाह के पास स्थित ढाणियों—त्रिवेणी नगर की ढाणी एवं आर्मी परेड एरिया में भी कीटनाशक छिड़काव किया गया। इसी क्रम में नगर निगम जयपुर पार्ट द्वितीय के क्षेत्राधिकार में मथुरादासपुरा कचरागाह के कचरे पर, लाल डूंगरी कचरा ट्रांसफर स्टेशन, टीबी सेंटर का नाला तथा वार्ड नंबर 18 नाहरि का नाका क्षेत्र के नाले में फॉगिंग की गई। साथ ही मथुरादासपुरा कचरागाह के आसपास की ढाणियों शांति नगर ढाणी, सायपुर गांव में हनुमान वाटिका की ढाणी, मुख्यमंत्री निवास व सीएम कार्यालय क्षेत्र में भी मलेरिया



निरोधक छिड़काव किया गया। इसके अतिरिक्त दोनों निगम क्षेत्रों में कॉल सेंटर, दूरभाष, राजस्थान संपर्क पोर्टल और मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त शिकायतों के आधार पर भी मलेरिया टीमों को मौके पर भेजकर फॉगिंग और कीटनाशक छिड़काव कराया गया।

नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर रखी जा रही है। आमजन से भी अपील की गई है कि वे अपने आसपास पानी जमा न होने दें और मलेरिया शाखा को समय पर सूचना देकर सहयोग करें, ताकि मच्छरजनित बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

## उप जिला चिकित्सालय भूमि आवंटन मामले में नहीं थम रहा बवाल, जन आंदोलन की चेतावनी

जयपुर टाइम्स




**नावां शहर(निस)।** डिडवाना जिले के नावा शहर में उप जिला चिकित्सालय के नवीन भवन निर्माण और भूमि आवंटन को लेकर जनता का आक्रोश बढ़ गया है। सकल दिगंबर जैन समाज नावा सिटी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम उपखंड अधिकारी नावा के माध्यम से एक ज्ञापन भेजा है। इसमें शहर की सीमा के भीतर, आमजन की पहुंच योग्य भूमि पर ही अस्पताल भवन का निर्माण शुरू करने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि वर्तमान अस्पताल भवन अत्यंत जर्जर, असुरक्षित और दयनीय स्थिति में है। बारिश के दौरान छतों से पानी टपकता है और दीवारों से प्लास्टर झड़ रहा है, जिससे कभी भी गंभीर हादसे की आशंका बनी रहती है। इन हालातों में मरीजों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों और प्रशासन द्वारा वर्षों से दिए जा रहे आश्वासनों के बावजूद, उप जिला चिकित्सालय के नए भवन का निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया है। इससे आमजन में गहरा असंतोष व्याप्त है। जनता की स्पष्ट मांग है कि अस्पताल शहर से दूर नहीं, बल्कि नगर सीमा के भीतर या उसके निकट ऐसे स्थान पर बनाया जाए, जहां आपातकालीन मरीजों सहित सभी वर्गों को सहज सुविधा मिल सके। समाज ने ज्ञापन में चेतावनी दी है कि यदि 1 जनवरी 2026 तक उप जिला चिकित्सालय भवन के निर्माण, उपयुक्त भूमि आवंटन और कार्य प्रारंभ करने को लेकर कोई ठोस व सार्वजनिक निर्णय नहीं लिया गया, तो 2 जनवरी 2026 से नावा सिटी में शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक और जन-भागीदारी आधारित आंदोलन शुरू किया जाएगा। समाज ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि नावा सिटी की जनता के स्वास्थ्य अधिकारों की लड़ाई होगा। सकल दिगंबर जैन समाज ने मुख्यमंत्री से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर नावा की जनता को राहत प्रदान करने की अपील की है।

## बाड़मेर के पहले नेशनल राइफल रिनाउंड शूटर बने केयर्न वेदांता इंजी. मंगलाराम चौधरी

### 68वीं नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में परचम लहराया

जयपुर टाइम्स

**बाड़मेर(निस)।** जिले के धोरीमन्ना उपखंड के गांव डबोई निवासी एवं केयर्न ऑयल एंड गैस, वेदांता लिमिटेड के इंजीनियर मंगलाराम चौधरी ने राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर शानदार उपलब्धि हासिल करके बाड़मेर जिले एवं राज्य का नाम एक बार फिर से रोशन किया है। चौधरी ने यह साबित कर दिया कि यदि इरादे मजबूत हो तो जॉब के साथ-साथ भी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा सकता है। चौधरी ने भोपाल में आयोजित 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप (राइफल) में भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरी बार 'नेशनल रिनाउंड शूटर का खिताब' अपने नाम किया। इस प्रदर्शन के आधार पर कुमार सुरेंद्र सिंह शूटिंग चैंपियनशिप में भी जगह बनाई। भारतीय शूटिंग टीम चयन के विभिन्न ट्रायल्स व



अंतरराष्ट्रीय शूटिंग टीम चयन में के.एस.एस. शूटिंग चैंपियनशिप के स्कोर का भी काफ़ी योगदान होता है। इससे पहले भी इन्होंने पिछले साल सम्पन्न हुई 67 वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 'नेशनल रिनाउंड शूटर' का खिताब प्राप्त किया था और बाड़मेर जिले के पहले 'नेशनल राइफल रिनाउंड शूटर' बनने का गौरव हासिल किया था। चौधरी ने इस 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप के 50 मीटर राइफल इवेंट में भाग लेकर 592.5 स्कोर हासिल किया। वहीं ओलंपियन ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर ने 50 मीटर राइफल शूटिंग के क्वालिफिकेशन राउंड में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाते 597 स्कोर हासिल किया व गोल्ड मेडल प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन के निर्धारित मानको पर नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया व खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से आयोजित की गई। आईएसएसएफ विश्व स्तर पर शूटिंग खेलों की सर्वोच्च संस्था है, जो ओलंपिक और अंतरराष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिताओं का संचालन और मानकीकरण करती है। यह उपलब्धि न केवल मंगला राम चौधरी के कठिन परिश्रम का परिणाम है, बल्कि शूटिंग जैसे महंगे खेलों में भी धोरों की धरती बाड़मेर के उभरते खेल परिदृश्य की भी सशक्त पहचान बनकर सामने आई है। चौधरी ने बताया कि ऑयल फील्ड जैसी व्यस्त और चुनौतीपूर्ण नौकरी के साथ इस स्तर तक पहुँचना आसान नहीं था, लेकिन केयर्न कंपनी की ओर से मिले सहयोग और परिवार के निरंतर समर्थन से वे छुट्टियों के दौरान लगातार शूटिंग अभ्यास करते रहे और मेहनत व धैर्य के बल पर यह मुकाम हासिल किया। चौधरी ने शूटिंग की शुरुआत इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान एनसीसी (राष्ट्रीय कैडेट कोर) से की। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें एनसीसी में प्रवेश नहीं मिलता, तो वे शायद कभी शूटिंग के बारे में सोच भी नहीं पाते, क्योंकि वे एक साधारण किसान परिवार से आते हैं।

### सीमित संसाधनों में भी शानदार प्रदर्शन:

चौधरी ने बताया कि उनके पास अभ्यास के लिए बहुत कम समय था। ओलंपिक स्तर की पर्याप्त गोलियों की कमी, उच्च गुणवत्ता वाली एसेसरीज़ का अभाव और खुद की राइफल न होने के कारण उन्हें किराए की राइफल से ही प्रतियोगिता में हिस्सा लेना पड़ा। इसके बावजूद उन्होंने कठिन परिश्रम, आत्मविश्वास और लगन के साथ बेहतरीन प्रदर्शन किया।

### 10 दिन की कड़ी मेहनत व विशेष ट्रेनिंग ने बदली तस्वीर:

कंपनी से अवकाश मिलते ही चौधरी ने देश की प्रतिष्ठित शूटिंग रेंज डॉ करनी सिंह शूटिंग रेंज से ओलंपिक कोटा होल्डर, इंटरनेशनल मेडलिस्ट व वर्तमान में भारतीय शूटिंग टीम के कोच हरि ओम सिंह गोदारा के मार्गदर्शन में प्रैक्टिस की। चौधरी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, कोच हरि ओम सिंह गोदारा, हेमाराम चौधरी (पूर्व मंत्री), ओम बिरला (लोक सभा, अध्यक्ष), वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, राहुल शर्मा (वेदांता), उम्मेदाराम बेनीवाल (सांसद), अब्दुल बरी (डायरेक्टर-डब्लयूटीएस एनर्जी), डॉ. सुरेंद्र सिंह गोदारा, डॉ. रमेश सोमरा, आईईएस शैतान सांगवा (डायरेक्टर गुरुग्राम मेट्रो), श्री जोर सिंह चौधरी (बीएसएफ), सी.आर. चौधरी (एलेन), सी.आर. चौधरी (मंत्री),आईईएस जगदीश चौधरी (रेलवे),डॉ. जे.पी. भांभू, ब्रिगे. बी.एस. शेखावत, आर. कार्तिक, बिभूति प्रसाद, संजीव कुमार, सज्जाद मुंशी, नितिन भड, रॉय वर्गीश, आईईएस रामदयाल कासवां (सीपीडब्ल्यूडी), आईईएस राजेश कुलहरी (जॉइंट सेक्रेटरी भारत सरकार), डॉ दिनेश बिश्नोई, ग्रुप कैप्टन एन आर सिंह (एनसीसी), पी बिश्नोई (एनसीसी) और अपने रिलीवर मोहित रतुरी व नवीन कुमार यादव को दिया। चौधरी को एनसीसी में अपने बेमिसाल प्रदर्शन के लिए पहले भी रक्षा मंत्री अवॉर्ड, एनसीसी बेस्ट कैडेट अवॉर्ड और कैडेट अंडर ऑफिसर की रैंक प्राप्त कर चुके हैं।



## मां बनने और शूटिंग के बीच संतुलन बनाना मेरे लिए एक सीखने वाला अनुभव

टीवी और एंटरटेनमेंट की दुनिया में नए साल के मौके पर खास कार्यक्रम देखने को मिलते हैं। इस बार भी जीटीवी ने दर्शकों के लिए खास कार्यक्रम जी रिश्तों का मेला 2025 आयोजित किया है। इस बार इस खास शो को होस्ट करने की जिम्मेदारी टीवी की मशहूर अभिनेत्री श्रद्धा आर्या को मिली, जिन्हें दर्शक उनके हिट शो कुंडली भाग्य में प्रीता के किरदार से जानते हैं। उनके साथ अभिनेता जय भानुशाली भी होंगे, जो उनका साथ देंगे। श्रद्धा आर्या ने अपने अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने कहा, मुझे यह अनुभव ऐसा लगा, जैसे एक बड़ा उत्सव हो, जिसमें प्यार और अपनापन भरा हो। शो होस्ट करना मेरे लिए सिर्फ काम नहीं, बल्कि एक खुशी और उत्साह से भरा अनुभव था। कार्यक्रम के दौरान मैंने न सिर्फ दर्शकों का मनोरंजन किया, बल्कि उनके साथ अपने जुड़ाव को भी महसूस किया। वर्क-लाइफ बैलेंस की बात करते हुए श्रद्धा ने कहा, मां बनने और शूटिंग के बीच संतुलन बनाए रखना मेरे लिए एक सीखने वाला अनुभव रहा है। कई बार शूटिंग के दौरान मुझे बच्चों की बहुत याद आती है और कभी-कभी यह बहुत चुनौतीपूर्ण भी लगता है। काम के दौरान दिल का एक हिस्सा हमेशा बच्चों के साथ रहता है। लेकिन, जब मैं काम खत्म करके घर लौटती हूं और बच्चे मुझे गले लगाते हैं, तो सारी थकान और मुश्किलें तुरंत दूर हो जाती हैं।

श्रद्धा ने बताया कि उनके लिए यह सब थोड़ा आसान रहा, क्योंकि उन्हें घर और सेट दोनों जगह बहुत समर्थन मिला। उनके परिवार ने हमेशा उन्हें समझा और टीम ने भी उनके समय और जिम्मेदारियों का सम्मान किया। इस सहयोग के कारण वह अपने काम में सहज महसूस कर पाई। उन्होंने कहा, जीटीवी की टीम के साथ शूटिंग करना हमेशा आसान और मजेदार रहा है। टीम मेहनत और समय का सम्मान करती है, जिससे मुझे काम में आराम मिलता है और प्रदर्शन भी बेहतर होता है।

जी रिश्तों का मेला 2025 को होस्ट करने के बारे में श्रद्धा ने कहा, नए साल का स्वागत करना और इस खास मौके पर दर्शकों के साथ जुड़ना एक बड़े उत्सव जैसा महसूस हुआ। शो में प्यार, यादें और अपनापन साफ दिखता है। सेट पर काम करते समय लोग मुझे अब भी प्रीता के नाम से बुलाते हैं। कभी-कभी ऐसा लगता है जैसे कुंडली भाग्य अभी भी चल रहा है और मैं रोज शूटिंग कर रही हूं।



# सहर बंबा ने साझा किए बीते 25 सालों में पांच सबसे यादगार पल

सिनेमा की दुनिया में जब भी किसी कलाकार के नाम का जिक्र होता है, तो दर्शक उन्हें उनके सफर और अनुभवों से याद करते हैं। इस कड़ी में फिल्म 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' की एक्ट्रेस सहर बंबा ने बातचीत में बताया कि 2000 से 2025 तक उनके जीवन के पांच सबसे यादगार पल कौन-कौन से रहे। सहर ने कहा कि सबसे यादगार पलों की शुरुआत उस दिन से होती है जब उन्होंने फिल्म 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' के ट्रेलर लॉन्च पर शाहरुख खान के साथ स्टेज साझा किया और उनके साथ डांस किया। सहर ने कहा, 'यह सिर्फ एक फैन मोमेंट नहीं था, बल्कि एक जरिया था यह याद दिलाने का कि मुझे सिनेमा से प्यार क्यों हुआ था। यह पल मेरे लिए सपना सच होने जैसा था, जिसे मैं कभी नहीं भूल सकती।' दूसरे सबसे यादगार पल के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, 'मेरे लिए दूसरा सबसे यादगार पल वह था जब मुझे आर्यन खान ने खुद कॉल करके बताया कि वह शो का हिस्सा बन गई हैं। इस कॉल ने मेरी जिंदगी बदल दी। मुझे उस वक्त एहसास हुआ कि मैं किसी बड़े प्रोजेक्ट के लिए चुनी गई हूं। यह कॉल उनके मुझपर भरोसा किए जाने के बारे में था। सहर ने बताया, ''तीसरा यादगार पल था, जब मैंने पहली बार लीड एक्ट्रेस के तौर पर सेट पर कदम रखा। उस समय मुझे कोई बाहरीपन महसूस नहीं हुआ, ऐसा लगा जैसे मेरा सेट से कोई खास जुड़ाव हैं। मैं कहानी को पूरी तरह से निभाने और पेशेवर रूप से काम करने के लिए तैयार थी। यह एहसास मेरे आत्मविश्वास और पेशेवर दृष्टिकोण के लिए बहुत महत्वपूर्ण था। चौथे सबसे खास पल की बात करते हुए उन्होंने कहा, 'चौथा खास पल परिवार से जुड़ा हुआ है। अपने परिवार का अपने ऊपर गर्व देखकर मैं इमोशनल हो गई थी। जब परिवार के सदस्यों ने मेरी मेहनत और सफर को देखा, तो वह मुझ पर गर्वित हुए। मेरा परिवार हमेशा सबसे बड़ा सहारा और प्रेरणा रहा है। पांचवां और आखिरी महत्वपूर्ण पल था सहर के लिए एक कलाकार के रूप में अपनी पहचान पाना। उन्होंने कहा, 'मैंने एक कलाकार के रूप में अपनी पहचान मजबूत की है। कब 'ना' कहना है, धैर्य रखना है, और समय पर भरोसा करना है, यह मैंने सीख लिया है। यह अंदरूनी बदलाव मेरे लिए किसी बाहरी सफलता जितना ही महत्वपूर्ण है।



# अब केवल हिट फिल्म में नहीं, बल्कि सराहना में भी छिपी है कामयाबी

भारतीय फिल्म और वेब इंडस्ट्री पिछले कुछ दशकों में बहुत बदल चुकी है। खासकर महिला कलाकारों के लिए अब नए मौके खुले हैं, जो पहले शायद सिर्फ सीमित तरह के रोल तक ही सिमटकर रह जाते थे। इसी बदलाव और अपनी व्यक्तिगत यात्रा को लेकर अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी ने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे उनकी यात्रा में बदलाव आए। श्वेता ने कहा, मैंने अपने करियर में ऐसे लोगों के साथ और कहानियों में काम किया है, जिन्होंने मुझे नए तरीके से सोचने और महसूस करने का मौका दिया है। मैं हमेशा रूढ़िवादी सोच को चुनौती देने में भरोसा करती हूं। पहले फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में महिलाओं के लिए अवसर और रोल सीमित होते थे। हीरोइन या महिला कलाकार का रूप और किरदार अक्सर तय ही होता था। लेकिन अब डिजिटल प्लेटफॉर्म्स, नए क्रिएटर्स, और दर्शकों की बदलती सोच ने कहानी कहने के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है। श्वेता ने इस बदलाव में दर्शकों की अहम भूमिका पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, सिर्फ कहानीकार ही बदलाव नहीं लाते, बल्कि दर्शक भी इसमें अपना अहम योगदान देते हैं। जब दर्शक इन नई कहानियों का समर्थन करते हैं, उन्हें अपनाते हैं, किरदारों और कहानियों को पसंद करते हैं और सराहना देते हैं, तब कलाकारों को प्रयोग करने का हौसला मिलता है। आज के समय में कलाकारों के पास ज्यादा जगह है कि वे नए अनुभव लें और अपने करियर की दिशा खुद तय करें।

अपने व्यक्तिगत अनुभव के बारे में श्वेता ने बताया, इंडस्ट्री ने मुझे धैर्य रखना सिखाया और आत्मविश्वास को बढ़ाया। सफलता अब सिर्फ एक ही रूप में नहीं देखी जाती। पहले यह माना जाता था कि एक कलाकार को सिर्फ बड़े नाम और बॉक्स ऑफिस हिट चाहिए। लेकिन, आज सफलता की परिभाषा बदल गई है और ये सभी के लिए अलग-अलग हो सकती है। जब आप अच्छा काम करते हैं और वह सराहा जाता है, तो यह आपको एक खास तरह की ताकत देता है। श्वेता ने कहा, करियर में अब तक के अलग-अलग किरदार और कहानियां मेरे लिए हमेशा यादगार रहे हैं। सभी किरदारों ने मुझे अलग तरह से सोचने और महसूस करने का मौका दिया। मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मुझे ऐसा प्रोफेशन मिला, जो मुझे नए तरीके से देखने और समझने का अवसर देता है। उन्होंने कहा, इंडस्ट्री में महिलाओं की जगह और उनकी आवाज पहले की तुलना में बहुत मजबूत हो गई है। अब न केवल बड़े स्टार्स बल्कि छोटे और नए कलाकार भी अपनी पहचान बना सकते हैं, साथ ही दर्शकों के साथ सीधे जुड़ सकते हैं। यह बदलाव अवसर के साथ-साथ रचनात्मक स्वतंत्रता भी देता है।

# नागिन 7 में प्रियंका चाहर चौधरी के साथ नजर आएंगे साहिल उप्पल



छोटे पर्दे की क्वीन एकता कपूर के लोकप्रिय सीरियल नागिन का सातवां सीजन शुरू होने वाला है। इसकी प्रीमियर डेट नजदीक आ रही है। इसी के साथ कास्ट को लेकर भी नई-नई अपडेट आ रही हैं। शो में लीड रोल एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी अदा करेंगी। उनके साथ एक लोकप्रिय एक्टर की शो में एंट्री हुई है। शो से साहिल उप्पल जुड़ गए हैं। रियलिटी शो 'बिग बॉस 16' और 'उडारियां' जैसे शोज में काम कर चुकी प्रियंका चाहर चौधरी नागिन 7 में लीड रोल अदा करेंगी। टेलीचक्कर की एक रिपोर्ट के मुताबिक शो में साहिल उप्पल लीड रोल में नजर आएंगे।

### ये सितारे भी होंगे शो का हिस्सा

प्रियंका चाहर, नमिक पॉल और साहिल उप्पल के अलावा नागिन 7 में ईशा सिंह, विहान वर्मा, रिब्बू मेहरा, कुशाग्र दुआ, प्रतीक्षा राय, निवेदिता पाल और आफरीन दबेस्तानी भी अहम भूमिका अदा करते दिखेंगे। इतनी शानदार स्टारकास्ट के साथ वापसी कर रहे इस शो को लेकर दर्शक भी उत्साहित हैं।

# आलिया भट्ट से ज्यादा फीस लेती हैं श्रद्धा कपूर



बॉलीवुड में अक्सर एक्ट्रेसेस की तुलना की खबरें आती रहती हैं। अक्सर कहा जाता है कि इस दो एक्ट्रेसेस के बीच नंबर वन बनने की रेस लगी रहती है। श्रद्धा कपूर और आलिया भट्ट ये वो दो हीरोइनें हैं, जिन्होंने बॉलीवुड में कदम लगभग एक साथ ही रखा था लेकिन ये डिबेट अक्सर होती है कि आलिया को ज्यादा मौके दिए गए और श्रद्धा को कहीं ना कहीं साइडलाइन करने की कोशिश की गई। अब लीजिए इस पर श्रद्धा कपूर के पापा शक्ति कपूर ने शॉकिंग खुलासा किया है।

### आलिया से ज्यादा फीस लेती हैं श्रद्धा कपूर



दरअसल हाल ही में एक इंटरव्यू में श्रद्धा कपूर के पापा ने खुलकर इस सब पर बात की है। इस बातचीत में उन्होंने बताया है कि, आलिया भट्ट भले ही ज्यादा फिल्में कर रही हों, या उन्हें ज्यादा मौके मिल रहे हों, लेकिन श्रद्धा कपूर फिर भी आलिया भट्ट से ज्यादा फीस लेती हैं। उन्होंने इसमें अनन्या पांडे का भी जिक्र किया है। शक्ति कपूर ने हाल ही में पॉडकास्ट द पावरफुल ह्यूमन्स में बात करते हुए श्रद्धा को आलिया-अनन्या पांडे से कंपेयर करने पर सवाल किया गया और पूछा गया कि श्रद्धा वाकई में कम फिल्में करती हैं या उन्हें ऑफर्स कम मिलते हैं तो इस पर उन्होंने कहा कि, मैं सच कहूं तो वो फिल्में ही कम करती है। जो सबसे अच्छी होती हैं, वही फिल्म वो करती है, पर पैसा ज्यादा लेती है। इन सबसे ज्यादा पैसा लेती है। वह साल में सिर्फ एक या दो ही फिल्में करती है।

### क्या श्रद्धा को सच में मिल रहीं कम फिल्में?

शक्ति कपूर ने यहां इशारों ही इशारों में बहुत कुछ कह दिया। उनके मुताबिक, भले ही श्रद्धा कम फिल्में करतीं हों, लेकिन आलिया से ज्यादा फीस लेती हैं। वहीं शक्ति से पूछा गया कि ऐसी खबरें आती हैं कि, श्रद्धा को उतना काम नहीं मिल रहा है तो इस पर वो हंसते हुए कटाक्ष करते हुए कहते हैं कि, 'क्या सच में उसे काम नहीं मिल रहा है?



# मैं कर्जत में खेती करके खुश थी, सोचा लिया था उनकी शक्ल नहीं देखूंगी

एक दशक पहले छोटे पर्दे के चर्चित कॉमिडी शो भाभी जी घर पर हैं ने जिस एक किरदार को सबसे अधिक पॉपुलर बनाया, वो है अंगूरी भाभी का। सही पकड़े हैं जैसे तकिया कलाम से एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे ने इस किरदार में जान डाल दी। दर्शक उनके मुरीद हो गए। लेकिन 2016 में फैंस को तब झटका लगा जब शिल्पा ने भारी विवादों के बीच शो छोड़ने का फैसला कर लिया। तब उनके और शो के मेकर्स के बीच आरोप-प्रत्यारोप का लंबा दौर भी चला। जाहिर है, ऐसे में किसी ने नहीं सोचा था कि शिल्पा कभी दोबारा अंगूरी भाभी बनकर लौटेंगी। लेकिन वक्त बदला, कड़वाहट कम हुई और अब वह फिर से भाभी जी घर पर हैं 2.0 में लौट आई हैं।

शो में अपनी वापसी के बारे में शिल्पा शिंदे कहती हैं, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं यह शो वापस करूंगी। मैंने तो संतोष कर लिया था कि चलो जिंदगी में जो हुआ, वो हुआ। लेकिन असल में, हमारे शो के जो राइटर हैं मनोज संतोषी जी, यह किरदार उनका बच्चा था। उन्होंने अंगूरी भाभी को जन्म दिया था। वह अक्सर मुझे फोन करते रहते थे। पूछते भी थे कि क्या मैं वापस आऊंगी, मगर मैं टाल जाती थी। शिल्पा ने बताया कि वह मनोज के कारण ही शो में लौटी हैं।

### मैं मनोज जी के लिए लौटी हूं

एक्ट्रेस ने आगे बताया, पिछले साल दिसंबर में मनोज संतोषी जी की तबीयत खराब हो गई, तब मैं उनके संपर्क में थी। जो भी संभव हुआ, मैंने किया। उनके साथ हॉस्पिटल में रही। मेरी पूरी कोशिश थी कि मैं मनोज जी को बचाऊं, मगर नहीं बचा पाई। उनका लिवर ट्रांसप्लांट होना था, पर वे नहीं बच पाए। उस दौरान जब शो से जुड़े सब लोग मिले तो एक अलग बॉन्डिंग हो गई। जब मेकर्स ने मुझे पूछा तो मैंने पहले मना ही किया। फिर आसिफ शेख जी ने कहा कि मनोज जी बहुत खुश होंगे तो मैंने उनके लिए और ऑडियंस जिसने हमेशा मुझे प्यार दिया, उनके लिए यह शो किया।

### उन इल्जामों में सच्चाई नहीं

शिल्पा ने 2016 में जब शो छोड़ा था, तब मेकर्स ने जहां उन्हें कानूनी नोटिस भेजा था, वहीं उन्होंने भी मेकर्स पर सेक्सुअल हरैसमेंट के आरोप लगाते हुए स्न्ह्न्न्रदर्ज करवाई थी। इतनी तल्खी के बाद शो में वापसी को लेकर कोई डर था? इसके जवाब में वह कहती हैं उस वक्त हम दोनों के बीच एक तीसरा व्यक्ति था और जब भी कोई तीसरा घुसता है तो बहुत सारी गलतफहमी क्रिएट होती है और रिश्ता टूट जाता है। हमारे साथ भी वही हुआ था। जहां तक इल्जाम लगाने की बात थी तो मैंने महाभारत के सीख लेते हुए जैसे को तैसा वाली चीज की थी, क्योंकि मुझ पर अनप्रफेशनल होने, शो को खराब करने जैसे इल्जाम लगाए जा रहे थे। मुझे काम करने से रोका जा रहा था। ऐसे में मेरे पास कोई रास्ता नहीं था, लेकिन हकीकत सबको पता है।

### मेरा टीवी से मन उठ गया था

शिल्पा शिंदे भाभी जी घर पर हैं से फेमस हुईं। बाद में बिग बॉस 13 की विनर भी बनीं। इसके बावजूद उन्होंने झलक दिखला जा के अलावा कोई और शो नहीं किया। इस बारे में वह बताती हैं, मेरा टीवी से मन उठ गया था। मुझ पर जिस तरह इल्जाम लगाए गए, काम नहीं करने दिया गया तो मेरी सोच भी ऐसी थी कि भाड़ में जाओ। आपकी वजह से मेरी रोजी रोटी नहीं चल रही है। मैंने तो लिखकर रखा था कि बिग बॉस के बाद छह महीने तक जो मेरे साथ काम करने आएंगे, उनकी जिंदगी में शक्ल नहीं देखूंगी (हंसती हैं)। मेरी ये सोच थी कि मुझे इन लोगों के साथ काम नहीं करना है जो बिग बॉस की सफलता के बाद मेरे पास आए। उसके अलावा, जो ऑफर आए वो इतने अच्छे नहीं थे कि उन्हें करने का मन करे।

### मैं तो खेती करके खुश थी

बकौल शिल्पा, मैंने तो टीवी इंडस्ट्री को टाटा-बाय बोल दिया है। मैं बहुत अलग दुनिया में जा चुकी हूं। मैं कर्जत में जैसे गांव में रहते हैं, खेती करते हैं, वैसे रहती हूं। मैंने मुंबई लगभग छोड़ दिया है। मैंने पहले लॉकडाउन के दौरान कर्जत में कुछ जमीन ली थी। वहां मैंने अपना बंगला बनाया है। फिर रिवरसाइड पर और जमीन ली, जहां मैं बहुत प्यारा सा विंटेज रिसॉर्ट जैसा बना रही हूं। मैं खुद ही उसकी इंजीनियर, आर्किटेक्ट सब हूं, तो उसमें बिजी रहती हूं। मैं वहां ऑर्गेनिक फार्मिंग कर रही हूं तो मैं अपनी जिंदगी में काफी संतुष्ट हूं। वरना ये ग्लैमर, पैसा और बाकी चीजों की चाह तो अंतहीन हैं। पैसा जितना भी कमाओ कम पड़ता है लेकिन एक ठहराव जरूरी है।

# 78वें आर्मी डे परेड की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारतीय सेना प्रत्येक देशवासी का गर्व और अभिमान है। सेना के पराक्रम, त्याग और बलिदान के कारण ही हम सभी सुरक्षित महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि आर्मी डे परेड का यह आयोजन न सिर्फ जयपुर, बल्कि समस्त राजस्थान वासियों के लिए जवानों की अटूट राष्ट्रभक्ति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है। उन्होंने कहा कि पहली बार सैन्य छावनी की सीमाओं से बाहर आर्मी डे परेड का भव्य व ऐतिहासिक आयोजन जयपुर में होने जा रहा है। उन्होंने प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि जगतपुरा में महल रोड पर 15 जनवरी को होने जा रही इस परेड के आयोजन में प्रदेशवासी अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों, ताकि वे सेना की वीरगाथा के बारे में और अधिक जान सके। भजन लाल शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में 78वें सेना दिवस पर आयोजित होने वाली परेड और अन्य आयोजनों की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आयोजन को ऐतिहासिक और भव्य रूप देने के लिए अधिकारी सभी जरूरी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने परेड स्थल पर अतिथियों और आमजन की बैठने की व्यवस्था, परिवहन, यातायात और पार्किंग व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## डेढ़ लाख लोग प्रतिदिन देखेंगे मुख्य परेड और रिहर्सल

बैठक में सेना के अधिकारियों ने सेना दिवस पर होने वाले विभिन्न आयोजनों के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 15 जनवरी को मुख्य परेड का आयोजन होगा, जिसमें जबकि 9, 11 व 13 जनवरी को भी आमजन इसकी रिहर्सल देख सकेंगे। प्रत्येक दिन लगभग डेढ़ लाख लोग इस भव्य परेड के साक्षी बनेंगे। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक दिन स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों, नारी शक्ति, पूर्व सैनिकों सहित आमजन को परेड दिखाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परेड का आयोजन सुव्यवस्थित रूप से करने के लिए अधिकारी सेना के साथ समन्वय बनाते हुए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें

## लड़ाकू विमान, टैंक व मिसाइलों का होगा प्रदर्शन

यह आयोजन भारतीय सेना और नागरिकों के बीच विश्वास, जुड़ाव और सम्मान के रिश्ते को और मजबूत करेगा। इस परेड में लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टर्स की फ्लाई-पास्ट टुकड़ियों का मार्च, मिसाइल व टैंकों, ड्रोन तकनीक और आधुनिक युद्ध क्षमताओं का प्रदर्शन किया जाएगा। परेड में नेपाल आर्मी बैंड भी हिस्सा लेगा।

### शौर्य संध्या में होगा ऑपरेशन सिंदूर पर भव्य लाइट एण्ड साउंड शोः

मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्मी परेड के अवसर पर एसएमएस स्टेडियम में 15 जनवरी को 'शौर्य संध्या 2026' का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले 10 जनवरी को इस आयोजन का पूर्वाभ्यास किया जाएगा। इस दौरान फर्स्ट डे कवर का विमोचन, शहीदों के परिजनों का सम्मान, परंपरागत युद्ध कलाओं के प्रदर्शन के साथ ही ऑपरेशन सिंदूर का भव्य लाइट एंड साउंड शो आयोजित किया जाएगा। आधुनिक तकनीक के साथ 1000 ड्रोन का शो भी होगा। उन्होंने कहा कि 8 से 12 जनवरी 2026 तक 'नो योर आर्मी' प्रदर्शनी का आयोजन सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन कॉलेज परिसर में किया जाएगा। प्रदर्शनी के दौरान आम नागरिकों को सेना की आधुनिक हथियार प्रणालियों और रक्षा तकनीक को नज़दीक से देखने का अवसर मिलेगा। बैठक के दौरान मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, सप्त शक्ति कमांड के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित राज्य सरकार व सेना के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

# बिलानाम भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)** राणाजी का गुढ़ा ग्राम पंचायत के राजस्व ग्राम झालो का ढुंढ़ा के ग्रामीणों ने तहसीलदार ललित कुमार डिडवानिया को ज्ञापन सौंप कर बिलानाम भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाने व सीमा ज्ञान कराने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत गुढ़ा के राजस्व ग्राम झालो का ढुंढ़ा में स्थित बिलानाम भूमि जिसके खाता संख्या 1 पर अंकित आराजी संख्या 23 व 24 में स्थित सम्पूर्ण रकबे की भूमि के आसपास खनन कार्य किया किया जा रहा हैं। खनन वैध हैं या अवैध इसकी जानकारी ग्रामीणों को नहीं हैं। इसलिए ग्रामवासी उक्त भूमि का सीमा ज्ञान करवाना चाहते हैं। ग्रामीणों ने सर्किल गिरदावर को भी जानकारी दी। उक्त भूमि में खननकर्ताओ ने जगह-जगह पत्थर डाल दिए और खानों में आने-जाने के लिए रास्ते बना दिए गए हैं। खनन कर्ताओं की ओर से सम्पूर्ण जमीन को अपनी बताते हुए मनमर्जी से कार्य किया जा रहा हैं। भील समाज के ग्रामीणों ने सभी खनन कर्ताओं पर धमकाने का आरोप भी लगाया। खननकर्ता एग्रीमेंट लीज की आड़ में बिलानाम भूमि जो कि मवेशियों के चरने के लिए है, उसमें अवैध खनन कर सम्पूर्ण भूमि को उजाड़ देना चाहते है। ग्रामीणों की ओर से खननकर्ताओं को पाबन्द किए जाने की मांग भी की गई।

# महंत की स्मृति में रक्तदान शिविर व श्रद्धाजंलि सभा



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** तिलस्वां महादेव मन्दिर महंत गोपाल लाल पाराशर की पुण्य स्मृति में मंगलवार को रक्तदान शिविर व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन नीलकंठ रिसोर्ट तिलस्वां में किया गया। शिविर में 61 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। पुजारी घनश्याम पाराशर व गिरधर पाराशर ने बताया कि रक्त संग्रह सहयोग सेवार्थ फाउण्डेशन भीलवाड़ा के सहयोग से किया गया। महंत रामप्रिय दास महाराज थड़ोद व विधायक गोपाल लाल खंडलेवाल के मुख्य आतिथ्य में प्रातः 11 बजे पंडित छीतर लाल गौड़ व मनीष व्यास की ओर से वैदिक मंत्रोचार के साथ मौजूद लोगों की ओर से महंत गोपाल लाल पाराशर के चित्र पर पुष्प चढ़ा कर श्रद्धाजंलि अर्पित की। महंत परमेश्वर दास त्यागी, जगदीश खंडेलवाल, थाना प्रभारी स्वागत पांडेय, एसआई नरेश शर्मा, भवानीशंकर पाराशर, पुजारी घनश्याम पाराशर, गिरधर पाराशर, नरेश पाराशर,गोविंद पाराशर, शिव चन्द्रवाल,अंकित तिवाड़ी, सुनील जोशी, बिट्ठल तिवाड़ी, श्याम अहीर व गोपाल अहीर समेत कई लोग मौजूद रहे।

# आचार्य गुणवत्ता विकास की एक दिवसीय कार्यशाला



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/राजाखेड़ा(निस)।** आचार्य गुणवत्ता विकास वर्ग की दृष्टि से एक दिवसीय कार्यशाला आदर्श विद्या मंदिर राजाखेड़ा में संपन्न हुई जिसमें विभिन्न विषयों पर मंथन रहा प्रभावी वंदना व पंच परिवर्तन का विषय प्रदीप कुमार शर्मा प्रधानाचार्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत क्रिया आधारित शिक्षा के संबंध में प्रांतीय निरीक्षक अरुण कुमार दुबे ने अपना प्रभावी बौद्धिक दिया प्रभावी शिक्षण कैसा हो इस संबंध में योगेंद्र सिंह राणा पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने विचार व्यक्त किए। मानव जीवन में योग का महत्व इस पर जयवीर शर्मा जिला सचिव धौलपुर ने प्रभावी वार्ता व्यक्त की। इस अवसर पर आदर्श विद्या मंदिर राजाखेड़ा मनिया व धौलपुर के आचार्य बंधु उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों और आचार्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# नाबालिग से दुष्कर्म का इनामी बदमाश गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** कोतवाली पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने पकड़ा इनामी बदमाश को, आरएएसी से बर्खास्त 10 हजार के इनामी राजेन्द्र सिसोदिया को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया । 15 दिसम्बर को नौकरी दिलाने के बहाने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया था। एसपी विकास सांगवान के निर्देशन में 15 दिसम्बर से ही पुलिस की कई टीमें आरोपी की तलाश में जुटी थीं और धौलपुर, भरतपुर, जयपुर, सहित यूपी व एमपी में संभावित ठिकानों पर दबिश देकर सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। इसके बाद पुख्ता सूचना संकलन कर यूपी के वृंदावन से इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया। बदमाश को पकड़ने में हैड कॉन्स्टेबल मनोज कुमार की अहम भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी अपहरण, पोस्को, आबकारी, मारपीट जैसे कई मामले दर्ज हैं। आरोपी पुलिस इंस्पेक्टर, उप अधीक्षक बनकर अनजान नाबालिग लड़कियों और औरतों को बनाता शिकार बनाता है।

# लूट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, एक मोटरसाइकिल बिना नंबरी जब्त

## कब्जे से लूटा गया सामान पर्स, एटीएम, ड्राईविंग लाइसेंस व 400 रुपये बरामद




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आईपीएस के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा आरपीएस व वृत्ताधिकारी मनियां खलील अहमद आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में फरार अपराधियों के विरु?द्ध कार्यवाही करते हुए थानाधिकारी मनियां नीरज शर्मा पुलिस निरीक्षक मय टीम की ओर से लूट मामले में फरार दो मुल्जिम सूरज व अंकित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। घटना 25 दिसम्बर 2025 को नयागांव से सादिकपुर के बीच टीकाराम के बाग के पास विमल कुमार पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी सादिकपुर थाना मनियां अपनी पत्नी के साथ स्कूटी से अपने गांव जा रहा था। तभी रास्ते में दो व्यक्ति सफेद रंग की बिना नंबरी अपाची मोटरसाइकिल से आए। जिन्होंने उक्त दंपत्ति का रास्ता रोककर उनसे पर्स, एटीएम, ड्राईविंग लाइसेंस व 400 रुपये व अन्य सामान लूटकर ले गए। उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना मनियां पर मुकदमा धारा बीएनएस में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश के लिए टीम गठित की गई। जिसमें पुलिस टीम ?की ओर से त्वरित कार्यवाही करते हुए वक्त घटना प्रयोग में ली गई एक मोटरसाइकिल अपाची बिना नंबरी को जब्त किया जाकर मुल्जिम अंकित पुत्र रामविलास ठाकुर उम्र 20 साल निवासी चौहानपुरा थाना दिहौली जिला धौलपुर व सूरज पुत्र होलीराम ठाकुर उम्र 18 साल निवासी गोपालपुरा थाना दिहौली जिला धौलपुर को 29 दिसम्बर 2025 को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से लूटा गया सामान की बरामदगी की जा चुकी है। दोनों मुल्जिमों को 30 दिसम्बर 2025 को न्यायालय में पेश किया जा रहा है और प्रकरण में शेष एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

# भारतीय मानक ब्यूरो ने किया बालिका विद्यालय में एक्सपोजर विजिट




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** भारतीय मानक ब्यूरो नोएडा ब्रांच नई दिल्ली के निर्देशन में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर के स्टैंडर्ड क्लब 4378 की ओर से विद्यार्थियों के लिए एक्स्पोज़र विजिट का आयोजन किया गया। इस विजिट में स्टैंडर्ड क्लब की कुल 73 छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं के वाहन को हरी झंडी दिखाते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्य अर्चना मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए एक्सपोजर विजिट भारतीय मानक ब्यूरो की बहुत अच्छी पहल है। इससे विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच व देख कर सीखने की भावना का विकास होता है। इस विजिट के दौरान छात्राओं ने एन एच 44 पर रीको में स्थित बजरंग प्लास्टिक व पीवीसी पाइप कंपनी का दौरा किया। स्टैंडर्ड क्लब मेंटर अनुपम पाराशर ने छात्राओं को पी वी सी पाइप बनाने की प्रक्रिया की प्रोसेसिंग समझाई। उन्होंने कच्चा माल, पीवीसी रेजिन, स्टेबलाइज़र, फिलर्स, हाई स्पीड मिक्सर, एस्ट्रूडर, वैक्यूम सेटिंग टैंक, कूलिंग सिस्टम और कटर जैसे टेक्निकल शब्दों से विद्यार्थियों को परिचित कराया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने ओम कोल्ड स्टोर का विजिट किया। वरिष्ठ अध्यापक वीर सिंह टांक ने बताया कि धौलपुर जिला आलू के प्रमुख उत्पादक ज़िलों में से एक है और आलू के वृहद उत्पादन के संरक्षण के लिए कोल्ड स्टोरेज की आवश्यकता पड़ती है। विज्ञान संकाय प्रभारी मंजू जादौन ने बताया कि कोल्ड स्टोरेज में शीतलन के लिए अमोनिया व कार्बन डाइऑक्साइड गैस का निर्माण कर तापमान 4 डिग्री सेल्सियस से कम रखा जाता है। उप प्राचार्य भगवान सिंह मीणा ने विद्यार्थियों को फैक्ट्री स्थापना व वायु प्रदूषण उत्पन्न करने वाले जहरीले रसायनों से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि धौलपुर जिला ग्वालियर व आगरा जैसे औद्योगिक जिलों के मध्य स्थित है जो कि वायु प्रदूषण के लिए सुभेद्य है इसलिए विद्यार्थियों को वायु प्रदूषण कम करने के उपायों के बारे में निरंतर चिंतन मनन करते रहना चाहिए। स्टूडेंट लीडर तनुश्री सैनी ने क्लब के नव प्रवेशी विद्यार्थियों की प्रोफाइल प्रस्तुत की। विजिट के अंत में समस्त विद्यार्थियों ने अल्पाहार प्राप्त किया। इस अवसर पर सुनीता शर्मा, प्रियंका जिंदल, मनोज कुमार झा, अनिल मीणा, मोहित बघेल, मुस्कान गुर्जर व भूमिका चौधरी इत्यादि उपस्थित रहे।

# राजाखेड़ा में आवारा गोवंश की होती दुर्दशा चारे का नहीं इंतजाम

## कड़ाके की ठंड में गोवंश परेशान



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/राजाखेड़ा(निस)।** उपखंड के अंदर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में गोवंश की दुर्दशा होती नजर आ रही है। यह अनबोला जानवर अपने मुंह से तो नहीं बोल सकते लेकिन भूखे पेट की खातिर बाजार गली व आम सड़कों पर पॉलिथीन की थैली दोनों कागज वह सड़कों पर पड़ी अन्य सामग्री खाने को मजबूर हैं ना तो इनके लिए कोई भी गौशाला का इंतजाम है क्षेत्र के अंदर और ना है उनके लिए चारे भूसे का इंतजाम अपने पेट की खातिर गोवंश अधिकांश इधर-उधर घूमते हुए भटकते हुए नजर आते हैं जब किसी की खेती की तरफ जाते हैं तो काश्तकार इन गोवंशों को लाठी डंडों से पीट-पीट करके दूर-दूर तक भगा देते हैं जबकि यह भूखे पेट खुले आसमान के नीचे रहने को कड़ाके की ठंड में भी अपना समय बीता। बैठने को मजबूर रहते हैं। प्रशासन की ओर से इनके लिए चारे पानी की कोई भी व्यवस्था नजर नहीं आती है जबकि प्रशासन को चाहिए की आवारा गोवंश के लिए चारे पानी की व्यवस्था करें जो गोवंश सर्दी के कारण या भूख प्यास के कारण अपने जीवन लीला समाप्त कर देते हैं, उनको नगर पालिका की ओर से चार पहिए वाले वाहन टेंपो में डालकर के जंगल की तरफ पटक देते हैं क्या नगर पालिका प्रशासन व ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत प्रशासन इन आवारा गोवंशों के लिए चारे पानी की व्यवस्था कर भूखे प्यासे मर रहे गोवंशों को रात दिलाने का कार्य करेगा।

# चार दिन से सड़क किनारे पड़ी मृत गाय, पंचायत और सरपंच की संवेदनहीनता उजागर

## सूचना के बावजूद अनदेखी, दुर्गंध और संक्रमण का खतरा बढ़ा



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/राजाखेड़ा (नि.स.)।** विधानसभा क्षेत्र के खेरली गांव में पंचायत और सरपंच की लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। गांव में सड़क किनारे एक गाय पिछले चार दिनों से मृत अवस्था में पड़ी हुई है, लेकिन जिम्मेदारों ने अब तक उसे उठवाने की जहमत तक नहीं उठाई। हालात ऐसे हैं कि बदबू फैलने लगी है और क्षेत्र में संक्रमण का खतरा बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार मृत गाय की जानकारी सरपंच को फोन के माध्यम से दी गई थी, लेकिन सरपंच ने इस सूचना को पूरी तरह अनसुना कर दिया। इसके बाद पंचायत कार्यालय में लिखित सूचना भी दी गई, तब जाकर आश्वासन मिला कि 'दो दिन में गाय को उठवा दिया जाएगा।' हैरानी की बात यह है कि सूचना दिए जाने के बावजूद दो दिन और बीत चुके हैं, लेकिन मौके पर न तो कोई सफाईकर्मी पहुंचा और न ही प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच का रोजाना इसी मार्ग से आना-जाना होता है, इसके बावजूद सड़क किनारे पड़ी मृत गाय उन्हें नजर नहीं आ रही। लोगों का कहना है कि अगर यही हालात रहे तो आने वाले समय में गांव में गंभीर बीमारियों का खतरा पैदा हो सकता है। बच्चे, बुजुर्ग और राहगीर सभी इस दुर्गंध और गंदगी से परेशान हैं। ग्रामीणों में रोष है कि एक ओर सरकार स्वच्छता और पशु संरक्षण की बातें करती है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर पंचायत प्रतिनिधियों की ऐसी उदासीनता सामने आ रही है। लोगों का सवाल है कि जब चार दिन तक मृत पशु नहीं उठाया जा सकता, तो आपात स्थिति में पंचायत किस तरह काम करेगी। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए मृत गाय को हटवाया जाए और लापरवाह सरपंच व पंचायत कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की अनदेखी दोबारा न हो।

# स्वच्छ भारत मिशन के तहत 'थैली बंद' अभियान

**धौलपुर/ बाडी(निस)।** बसेडी स्वच्छ भारत मिशन के तहत 'थैली बंद' अभियान की नगर पालिका बसेड़ी ने पहल शुरुआत की प्लास्टिक मुक्त भारत की ओर एक और कदम इस पहल का मुख्य उद्देश्य सिंगल-यूज़ प्लास्टिक के उपयोग को पूरी तरह समाप्त करना और नागरिकों को कपड़े या जूट के थैलों के प्रति जागरूक करना है।अभियान के अंतर्गत नगर पालिका बसेड़ी की ओर से बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर कैरी बैग वितरित किए और लोगों से अपील की प्लास्टिक की थैलियों का प्रयोग ना करें। 'थैली बंद' संदेश के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और कचरा प्रबंधन में सुधार लाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि आने वाली पीढ़ी को एक स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण मिल सके।प्रशासन का कहना है कि जनभागीदारी से ही इस मिशन को सफल बनाया जा सकता है। जगह-जगह 'थैला बैंक' भी स्थापित किए जा रहे हैं ताकि लोग आसानी से कपड़े के थैले प्राप्त कर सकें।

# अखिल भारतीय कुलश्रेष्ठ महासभा का त्रैवार्षिक वार्षिक अधिवेशन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** महावीर प्रसाद कुलश्रेष्ठ को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। उक्त कार्यक्रम डी ए वी स्कूल के ऑडिटोरियम सेक्टर 14 फरीदाबाद (हरियाणा) में 28 दिसंबर 2025 को आयोजित हुआ। संरक्षक डॉक्टर सुभाष कुलश्रेष्ठ मुजफ्फरनगर ने विभिन्न प्रांतो के बड़े शहरों से उनसे सभाओं के आए अध्यक्ष और सचिव ऑन का अभिनंदन और स्वागत किया गया। शिप्रा कुलश्रेष्ठ अध्यक्ष अखिल भारतीय कायस्थ महासभा दिल्ली व फाउंडर चेयरपर्सन राह एक मिशन ने कुलश्रेष्ठ समाज के विकास के लिए समर्पण के साथ हाथ ऊपर उठने के लिए बढ़ाने का सुझाव दिया। कुलश्रेष्ठ समाज को रिश्ते निभानें में अग्रणी भूमिका का निर्वहन करने की सलाह दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रह कार्यवाहक अध्यक्ष महावीर कुलश्रेष्ठ ने समाज को संगठित रहने और संगठित दिखने की सलाह दी। डोनेटरों को ढूंढना और उचित हाथों में प्रोत्साहन राशि पहुंचने के लिए स्थानीय कुलश्रेष्ठ सभाओं की अहम भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आगरा में 21 दिसंबर को उनसे सभा को पूरे 100 वर्ष होने पर भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में देश-विदेश व प्रदेशों में कार्यरत 56 सभाओं के अग्रणी भूमिका निभाने वाले समाज सेवी उपस्थित हुए यह अनुकरणीय कार्य है। अन्य कुलश्रेष्ठ सभाओं को इसे क्रियान्वित कर अपने-अपने क्षेत्र में करते हुए आपसी समन्वय बनाने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण कुलश्रेष्ठ फरीदाबाद राष्ट्रीय महासचिव संजय मोहन फरीदाबाद व 11 अन्य सदस्यों को प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में शपथ दिलाई गई। जिसमें आगरा से विशाल, मनोज, सर्वानंद, संजीव व आशीष और प्रबंध कार्यकारिणी में मनोज सचिव आरपी मीडिया प्रभारी महावीर प्रसाद कुलश्रेष्ठ धौलपुर को पुनः राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। संजीव कुलश्रेष्ठ मुंबई राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं, भारत भूषण, पवन को राष्ट्रीय कार्यकारी में शपथ दिलाई गई है। शपथ दिलाने का कार्य डॉक्टर सुभाष चंद्र कुलश्रेष्ठ मुजफ्फरनगर की ओर से किया गया। आम सभा, त्रैवार्षिक अधिवेशन में वर्ष 2026-28 की नव निर्वाचित राष्ट्रीय कार्यकारिणी के चयन का अनुमोदन भी कराया गया है। यह कार्यक्रम उपनिदेशक की ओर से 1 दिसंबर 2025 को चुनाव अधिकारी प्रभात कुलश्रेष्ठ ग्रेटर नोएडा को निर्देशित किए जाने पर 2 दिसंबर 2025 को जारी निर्देशों की अनुपालन में 28 दिसंबर 2025 रविवार को साधारण सभा व त्रैवार्षिक अधिवेशन फरीदाबाद में किए जाने का निर्णय लिया गया था। यह पहला अवसर था जिसमें युवाओं की भागीदारी बढ़-चढ़कर रही। अखिल भारतीय कुलश्रेष्ठ महासभा के उक्त अधिवेशन में सदस्यों की उपस्थिति प्रोत्साहित करने वाली रहीं। कार्यक्रम में राजेश नागर, अति विशिष्ट अतिथि मंत्री स्वतंत्र प्रभार हरियाणा सरकार की ओर से निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण कुलश्रेष्ठ व राष्ट्रीय महासचिव संजय मोहन के साथ-साथ प्रबंध कार्यकारिणी के 11 सदस्यों को शुभ आशीर्वाद दिया, जिसमें धौलपुर व बाड़ी से महावीर प्रसाद कुलश्रेष्ठ,देवेन्द्र कुमार कुलश्रेष्ठ, बाबूलाल कुलश्रेष्ठ अशोक कुलश्रेष्ठ, बासुदेव प्रसाद कुलश्रेष्ठ, दीपक कुलश्रेष्ठ, राघव कुलश्रेष्ठ व भारतवर्ष के विभिन्न शहरों के लगभग 350 से अधिक समाजसेवी उपस्थित रहे।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
31 दिसम्बर, 2025

## सभापति ने किया लोहिया स्टेडियम का अवलोकन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नगरपरिषद की सभापति निलोफर गौरी ने शहर के एन के लोहिया स्टेडियम में चल रहे रेत भराई कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान कार्यवाहक आयुक्त विक्रम जोरवाल को आवश्यक दिशा निर्देश सभापति निलोफर गौरी ने देते हुए कहा कि जल्द से जल्द गुणवतायुक्त कार्य सम्पन्न करवाया जाए। सभापति ने बताया कि रेत भराई, समतलीकरण के बाद चार दीवारी का निर्माण कार्य भी होगा और सुजानगढ़ की जनता को सुंदर रूप में यह स्टेडियम मिलेगा। इस दौरान संवेदक कुलदीप सारण, भंवरलाल भाटी आदि लोग भी मौजूद रहे।

## प्रोटेक्ट टुडे, सिक्योर टूमारो कार्यक्रम का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू, तालुका विधिक सेवा समिति सुजानगढ़ के निर्देशानुसार पीएलवी विजय पाल श्योराण की ओर-प्रोटेक्ट टुडे, सिक्योर टूमारो.... विषयक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पैन-इंडिया पर्यावरणीय व सामुदायिक संरक्षण पहल के संबंध में विधिक जागरूकता कार्यक्रम किया गया। भूतनाथ मन्दिर, शिवबाड़ी रोड पर किए 3 कार्यक्रमों में बाल-विवाह रोकथाम व न्याय आपके द्वार अभियान के संबंध में विधिक जानकारी भी दी गई। धर्म काँटा न्यू मार्केट, घोषी चौक के लोगों ने कहा कि हमारे मार्केट में जन सुविधाए बनाई जानी चाहिए ताकि आमजन को खुल्ले में पेशाब करने को मजबूर नहीं होना पड़े। बड़ी संख्या में लोगों ने कहा कि यदि जल्द महिला और पुरुष पेशाबघर व शोचालय नहीं बनाए गए तो आक्रोशित जनता आन्दोलन करने को मजबूर होगी। पैरा लीगल वोलंटीयर विजय पाल ने बताया कि सभी ने साफ, सफाई रखने और पर्यावरण की रक्षा में योगदान देते हुए पेड़ पोधे लगाने और उन्हें बचाने का भी संकल्प लिया। इस दौरान बाबूलाल माली, चिरंजीलाल महरिया, ज्ञानाराम प्रजापत, राजवीर सिंह, अनिल शर्मा, महावीर पारीक आदि अनेक लोग शामिल रहे।

## 25 लाख के टेंडर कार्यों की जांच करवाने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भाजपा पार्षदों ने एक ज्ञापन अतिरिक्त जिला कलक्टर के नाम एसडीएम कार्यालय में सौंपकर नगरपरिषद की ओर से जारी किए गए 25 लाख रू. के रोड़ रिपेयरिंग व नाली, क्रोस टेंडर में अनियमितता का आरोप लगाते हुए मामले की जांच किए जाने व भुगतान रोके जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि हम लोग निर्वाचित पार्षद हैं और हमें लगता है कि इस मामले में सार्वजनिक धन का दुरूपयोग किया गया है। ज्ञापन में बताया गया है कि नगरपरिषद और ठेकेदार की मिलीभगत से इस टेंडर के कार्यों में अनियमितता हुई है, इसलिए इसकी जांच आवश्यक है। इसलिए मामले की तकनीकी टीम से निष्पक्ष जांच करवाई जाए। ज्ञापन सौंपते वक्त भाजपा नेता बाबूलाल कुलदीप, पार्षद पंकज घासोलिया, रेंवतमल पंवार, गणेश मंडावरिया, नरेंद्र प्रजापत, तरूण सियोता, रविन्द्र पाण्डे आदि लोग मौजूद रहे।

## सीएचओ को दिया खाद्य सुरक्षा का प्रशिक्षण

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिले में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की खाद्य सुरक्षा विंग की ओर से सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचसी) को ईट राइट अभियान के तहत प्रशिक्षण दिया गया। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच के सुक्ष्म तरीके और आमजन को मिलावटी खाद्य पदार्थों से बचाव



के लिए अपनाई जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया। उप मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रवीण झूरिया ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूक करने के सीएचओ की महती भूमिका है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी रतन गोदारा ने बताया कि खाद्य पदार्थों में किस प्रकार की मिलावट हो सकती है तथा किस प्रकार आमजन को जागरूक करने की आवश्यकता है इसके बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान एमएफटीएल वैन के माध्यम से नमूने लेने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में एनसीडी के समन्वयक डॉ प्रेमशंकर शर्मा व नर्सिंग ट्यूटर शाहिद अली ने प्रशिक्षण दिया।

# मजदूरों के बकाया भुगतान का मुद्दा बना सियासी तूफान

### भाजपा के राष्ट्रीय सोशल मीडिया हैंडल्स पर छाया मामला, लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सीधे निशाने पर

जयपुर टाइम्स

सुजानगढ़ (नि.सं.) एनएसयूआई की ओर से आयोजित अरावली बचाओ रैली के बाद मजदूरों को कथित रूप से भुगतान नहीं किए जाने का मामला अब स्थानीय विवाद से निकलकर राष्ट्रीय सियासत का मुद्दा बन गया है। इस प्रकरण को लेकर भाजपा ने सीधे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर हमला तेज कर दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय सोशल मीडिया हैंडल्स पर यह मुद्दा लगातार ट्रेंड कर रहा है और कांग्रेस की जमकर घेराबंदी की जा रही है। बताया जा रहा है कि 26 दिसंबर को जयपुर में हुई अरावली बचाओ रैली में सुजानगढ़ क्षेत्र के मजदूरों को 500 रुपये दिहाड़ी और भोजन का लालच देकर ले जाया गया, लेकिन रैली के बाद उन्हें भुगतान नहीं किया गया। इसको लेकर 28 दिसंबर को स्थानीय भाजपा नेता नरेंद्र गुर्जर मजदूरों को साथ लेकर सड़क पर उतर आए और प्रदर्शन किया। इसके बाद मजदूरों के बयान और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगे, जिसने सियासी आग में घी डालने




का काम किया। वीडियो वायरल होते ही भाजपा के राष्ट्रीय स्तर के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सक्रिय हो गए। भारतीय जनता पार्टी और उससे जुड़े विभिन्न मोर्चों के हैंडल्स से कांग्रेस पर तीखे हमले शुरू हो गए। आरोप लगाया गया कि भीड़ जुटाने में नाकाम रहने पर कांग्रेस ने गरीब मजदूरों को पैसे का झांसा देकर इस्तेमाल किया और बाद में उन्हें बेसहारा छोड़ दिया।

## भाजपा के चर्चित सोशल मीडिया पेज बीजेपी फॉर इंडिया पर वीडियो साझा करते हुए लिखा गया

'भीड़ नहीं, घोटाला! 'अरावली बचाओ' के नाम पर कांग्रेस का भाड़े का ड्रामा फेल। जयपुर रैली में मजदूरों को फंसाया गया–500 रुपये और भोजन का झांसा दिया, लेकिन अंत में खाली हाथ। ' पूर्व नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़ ने भी वीडियो साझा करते हुए कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने लिखा कि अरावली पर्वतमाला को लेकर जिस आंदोलन को कांग्रेस जनसमर्थन बता रही थी, उसके लिए मजदूरों को भाड़े पर बुलाया गया और रैली खत्म होते ही उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया गया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने कांग्रेस नेताओं से सार्वजनिक अपील करते हुए कहा कि जिन गरीब मजदूरों को पैसे का वादा कर रैली में ले जाया गया, पहले उनका हक दिया जाए। इसी तरह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने भी कांग्रेस को कटघरे में खड़ा किया। मामला यहीं नहीं रुका। भाजपा एससी मोर्चा, ओबीसी मोर्चा और महिला मोर्चा के राष्ट्रीय सोशल मीडिया हैंडल्स पर भी मजदूरों के वीडियो शेयर किए गए। पोस्ट में लिखा गया कि कांग्रेस को न अरावली की चिंता है, न मजदूरों की–उसे केवल राजनीति चमकानी आती है। हर मुद्दे पर फर्जी नैरेटिव गढ़ना कांग्रेस की पुरानी आदत बन चुकी है। राजस्थान भाजपा के आधिकारिक पेज के साथ-साथ केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के ऑफिशियल अकाउंट से भी वीडियो साझा कर मजदूरों के साथ हुए कथित अन्याय को उजागर किया गया। फेसबुक, एक्स और व्हाट्सएप पर सैकड़ों पोस्ट और फीड्स के जरिए यह मुद्दा देशभर में फैलाया जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि यह मामला अब सीधे राहुल गांधी की छवि से जोड़ दिया गया है। स्थानीय कांग्रेस नेताओं की लापरवाही या चुप्पी ने भाजपा को बड़ा मौका दे दिया, जिसे उसने हाथ से जाने नहीं दिया। अगर समय रहते मजदूरों को भुगतान कर दिया गया होता, तो यह मुद्दा राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस के लिए किरकिरी का कारण नहीं बनता। अब हालात यह हैं कि अरावली बचाओ आंदोलन कांग्रेस के लिए पर्यावरण का मुद्दा कम और सियासी संकट ज्यादा बनता नजर आ रहा है, जबकि मजदूरों के बकाया भुगतान का सवाल राहुल गांधी तक जा पहुंचा है और भाजपा इसे पूरे देश में कांग्रेस के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल कर रही है।

## ओपीजेएस ट्रस्ट के चेयरमैन को जान से मारने की धमकी का आरोप

जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(चूरू)।** ओ.पी.जे.एस. ट्रस्ट व ओ.पी.जे.एस. विश्वविद्यालय से जुड़े गंभीर आरोपों को लेकर मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर स्थित मुख्य कार्यालय के सभागार में ट्रस्ट की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के वर्तमान चेयरमैन डॉ. अक्षय कुमार शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय इस समय अत्यंत नाजुक दौर से गुजर रहा है। डॉ. अक्षय शर्मा ने आरोप लगाया कि ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन डॉ. पवन शर्मा, पूर्व डायरेक्टर जोगेंद्र सिंह तथा उनके परिजन लगातार उन्हें व अन्य पदाधिकारियों को जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। साथ ही विश्वविद्यालय परिसर में घुसकर अवैध कब्जा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने इस पूरे मामले में पुलिस की भूमिका को भी संदिग्ध बताया। चेयरमैन ने बताया कि पूर्व में ओ.पी.जे.एस. विश्वविद्यालय में फर्जी डिग्री और मार्कशीट छापने का बड़ा मामला सामने आ चुका है, जिसमें तत्कालीन डायरेक्टर जोगेंद्र सिंह, दलालों सहित कई लोगों को जेल जाना पड़ा था। इसके बावजूद पूर्व कर्मचारी व ट्रस्टी पवन शर्मा, ईदु राणा, नरेंद्र त्यागी, अरविंद चौधरी और राकेश सहरावत त्यागपत्र देने के बाद भी संगठित होकर उपद्रव फैलाने और अवैध गतिविधियों में लिप्त होने की कोशिश कर रहे हैं। डॉ. शर्मा




ने आरोप लगाया कि ये लोग पुराने एजेंटों के माध्यम से फर्जी डिग्री व मार्कशीट छपवाकर बेचने का प्रयास कर रहे हैं और कर्मचारियों का एजेंट बनकर लोगों को गुमराह कर करोड़ों रुपए वसूल चुके हैं। जब वर्तमान प्रबंधन फर्जी दस्तावेजों के सत्यापन से इनकार करता है, तो दबाव बनाने के लिए धमकियां दी जाती हैं और विश्वविद्यालय पर कब्जा करने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में थाना हमीरवास के थानाधिकारी व जिला प्रशासन को लिखित शिकायत दी जा चुकी है और विश्वविद्यालय परिसर की सुरक्षा के लिए पुलिस गार्ड उपलब्ध कराने की मांग भी की गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। डॉ. अक्षय शर्मा ने स्पष्ट किया कि वर्तमान ट्रस्टी व पदाधिकारी ट्रस्ट और विश्वविद्यालय का संचालन पूरी तरह विधिसम्मत तरीके से कर रहे हैं।

## अटल स्मृद्धि सप्ताह समारोह आयोजित

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निस)।** चौधरी गेस्ट हाउस में मुख्य वक्ता चंद्राराम गुरी के मुख्यातिथ्य व शहर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को विधानसभा स्तरीय श्रद्धेय अटल समृद्धि सप्ताह समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवनी और राजनीति के अनूठे इतिहास को स्मरण किया कार्यक्रम में विद्या भारती की ओर से संचालित आदर्श विद्या मंदिर के बच्चों ने अटल बिहारी वाजपेयी पर निबंध प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले बच्चों को संगठन की ओर से पुरस्कृत भी किया गया। इस मोके पर विधानसभा संयोजक अजीत सिंह राठौड़, जमरदीन तेली, कैलाश कंदोई, सुनील भाकर, रणजीत राठौड़, विशाल शर्मा, राकेश टाक, रामवतार सैनी, माणकचंद सैनी, मोहम्मद फारूक, मदन गुरी, राकेश शर्मा, विजय सोनी, पार्षद हरि इंदौरिया, गुमान सैनी, हेमन्त व्यास, सेठी पेंटर, लिलाधर बागोरिया, पप्पू सोनी, रामचन्द्र प्रजापत, च्यानण शर्मा, अशोक जांगिड़, कमांडो चुन्नीलाल सैनी, भगवती प्रसाद शर्मा, भंवरलाल पुनीया, राजेन्द्र जोईया ,जे के दायमा, चिरंजीलाल शर्मा, एडवोकेट रविकांत खण्डेलवाल, रमेश राहड, सुदर्शन सबलानिया, दीपक पासवान ,ख्याली प्रजापत, नंदू पटीर, मदन जोशी सहित पार्टी के विधानसभा स्तरीय जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

## एसआईआर में नाम कटने पर भड़का आक्रोश, एसडीएम कार्यालय का घेराव



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में नाम नहीं जुड़ने और बड़ी संख्या में वोट काटे जाने के विरोध में मंगलवार को उपखंड क्षेत्र के लोगों का आक्रोश सामने आया। सेवादल के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बाटड़ के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने नगरपालिका से उपखंड कार्यालय तक मार्च निकालते हुए एसडीएम कार्यालय का घेराव किया और चेतावनी ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि बठोठ, बाटड़ानाऊ, बगड़ी सहित उपखंड क्षेत्र के कई गांवों में वर्षों से मतदान कर रहे नागरिकों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। बाटड़ ने कहा कि आजादी से पहले से यहां निवास कर रहे घूमंतू जनजाति बांवरिया, लुहार, भोपा, एससी-एसटी, अल्पसंख्यक समुदाय सहित अन्य वर्गों के लोग मताधिकार का प्रयोग करते आ रहे हैं, फिर भी एसआईआर के दौरान उनके नाम काट दिए गए।घेराव के दौरान एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए नाम कटने के कारणों की जानकारी देने और हटाए गए नाम शीघ्र पुनः जोड़ने की मांग की गई। इस दौरान एसडीएम और नरेन्द्र बाटड़ के बीच इस मुद्दे को लेकर संवाद भी हुआ। नरेन्द्र बाटड़ ने चेतावनी दी कि यदि मतदाता सूची में नाम वापस नहीं जोड़े गए और जन्मतिथि, मूल निवास, जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेजों के नाम पर लोगों को परेशान किया गया, तो आंदोलन तेज किया जाएगा और प्रशासन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रदर्शन में पूर्व सरपंच कुलदीप बाटड़, सरपंच प्रतिनिधि सुरेश बगड़ी, पंचायत समिति सदस्य राकेश वर्मा, हरफुल गोदारा, एडवोकेट राजेन्द्र सियाग, एडवोकेट सतवीर भास्कर, अयूब भाटी, मांगीलाल बांवरिया, सुभाष भोपा, मोटाराम मेघवाल, लक्ष्मणाराम मेघवाल, बाबूलाल गोदारा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष शामिल रहे।

## गाजसर में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू की ओर से आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, गाजसर में किया गया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजू शर्मा ने की। डॉ. मंजू शर्मा ने चाइनीज मांझे के पूर्ण बहिष्कार का आह्वान करते हुए कहा कि यह पक्षियों सहित आमजन के लिए भी अत्यंत घातक है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत कड़वासर के सरपंच सुरेंद्र प्रजापत ने बच्चों को राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ. महेंद्र खारड़िया ने राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण में योगदान पर प्रकाश डाला। वहीं अति



विशिष्ट अतिथि श्री बजरंग लाल सैनी, प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, गाजसर ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का मंच संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरीश शर्मा द्वारा किया गया। अंत में जयप्रकाश बेरवाल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर राजकीय लोहिया महाविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. अजय तंवर सहित एनएसएस इकाई तृतीय एवं चतुर्थ के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# रतनगढ़ विधानसभा का अटल सम्मेलन

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की अटल स्मृति वर्ष के अंतर्गत रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं का अटल सम्मेलन मंगलवार को स्थानीय भाजपा कार्यालय में आयोजित किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ भारत माता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। वंदे मातरम के गायन के साथ शुरू हुए सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने कहा कि भारत रत्न और हम सब करोड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत अटल बिहारी वाजपेयी अजातशत्रु के रूप में अपनी पहचान बनाई। उनकी ओर से लिखी गई कविताएं आज भी प्रासंगिक है, वह



सैद्धान्तिक राजनीति के पुरोधा थे। महर्षि ने कहा कि वाजपेयी में सभी दलों को साथ लेकर चलने का बहुत बड़ा गुण था जो उन्हें अन्य दलों में भी स्वीकार्यता देता रहा है। अटल स्मृति वर्ष के जिला संयोजक व भाजपा जिला उपाध्यक्ष भास्कर शर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी वाकपटुता के धनी थे। उनके अटल इरादों ने देश को एक नई राह दिखाई। शर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में कवि सम्मेलन, निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता व स्वच्छता अभियान एवम विभिन्न सेवाकार्य के कार्यक्रम करवा कर के अटलजी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा संयोजक अर्जुनसिंह फ्रांसा ने की। इस दौरान अटल स्मृति वर्ष के जिला सह संयोजक दीनदयाल पारीक, एडवोकेट बजरंग गुर्जर ने भी सम्मेलन को संबोधित करते हुए अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर प्रकाश डाला। सम्मेलन का संचालन सुशील इंदौरिया ने किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष तालनिया, जिला प्रवक्ता ओम महर्षि, कौशल्या सैनी, गजानंद स्वामी, करणी सिंह, चितरंजन सिंह, श्योपाल मेघवाल, छोटू सिंह राजपुरोहित, निरंजन रूंथला, भीमराज प्रजापत, हेमन्त पंवार, किशन लाल घोड़ेला, मनोज हरित, विकाश सारस्वत, महेश सेवदा, जीवन भाटी, महेंद्र उपाध्याय, स्वरूप सिंह, गोपाल मारू, खेमराज पारीक, मुकेश मारू, सावरमल खटीक, इन्द्रचन्द देवड़ा, धनपत शर्मा, गौतम महर्षि, भरत रांकावत, प्रहलाद भार्गव, झुमरमल भार्गव, निखिल इंदौरिया, पृथ्वी सिंह, लीलाधर जोशी, सुरेंद्रसिंह, प्रदीप सैनी, सुनील कम्मा, सुरेश घारू, मांगीलाल माहिच, बजरंग लाल लुहानिवाल, सलीम खान, हनीफ खत्री, दीपचंद प्रजापत, हिरालाल प्रजापत, सुनील शर्मा, शंकर लाल प्रजापत, दुर्गा दत्त गोयनका, रामकिशन गौरिसरिया, बलवीर स्वामी, अब्दुल कलाम, जगदीश सांखोलिया, राजेन्द्र चांदगोठिया, रामोतार दायमा, रामगोपाल चौधरी, रामदेव चंदनिया, सीताराम दर्जी, विमल महर्षि, धनराज सैनी, अशोक पंवार, गोविंद कठोड, प्रभुदयाल राजपुरोहित, ललित शर्मा सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर ने सालासर बालाजी मंदिर में लगाई धोक

जयपुर टाइम्स



**सालासर(निस)।** सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर ने सालासर बालाजी मंदिर में दर्शन कर पूजा - अर्चना की और देश - प्रदेश में खुशहाली के लिए कामना की। इस अवसर पर श्री हनुमान सेवा समिति अध्यक्ष सत्यप्रकाश पुजारी, मांगीलाल पुजारी, धर्मवीर पुजारी, मनोज पुजारी, अर्जुन पुजारी, संपत पुजारी, प्रथम पुजारी, विजय पुजारी, नितिन पुजारी, नागरमल पुजारी, जीतमल शर्मा, महावीर पुजारी ने पूजा- अर्चना करवाई और राज्यपाल माथुर का बालाजी का चित्र व दुपट्टा भेंट कर अभिनंदन किया। इस दौरान एएसपी दिनेश कुमार, एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, सीओ दरजाराम, तहसीलदार गिरधारी पारीक, नायब तहसीलदार सुरेंद्र कुमार, सुजानगढ़ नगरपरिषद नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच, कमल दाधीच, पार्षद पुरुषोत्तम शर्मा, हिमांशु भाटी, बुद्धिप्रकाश सोनी, मांगीलाल भामू सहित अन्य मौजूद रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत दुंकर,
### पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः- ग्रा.पं./खु.नि./2025-26/81-90 दिनांकः 29.12.2025

### खुली निविदा सूचना संख्या- 04/2025-26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दुकर पंचायत समिति बीदासर (चूरू) में स्वीकृत निम्नकार्यों को सम्पादित कराने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एक वर्ष की डिफ़ेक्टिव लाइब्लिटिजके साथ उपर्युक्त श्रेणी राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदकों से खुली निविदा प्रक्रिया द्वारा निर्धारित प्रपत्र / फार्म में दिनांक 29.12.2025 समय दोपहर 12:00 पी. एम. बजे से निविदायें आमन्त्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम<br>उक्त कार्यों के इच्छुक निविदादाताओं द्वारा निर्धारित | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 01. | खेल मैदान में ओपन जिम निर्माण कार्य ग्राम दुकर ग्राम पंचायत दुंकर | 497557 | 9952 |

शुल्क कार्यालय में जमा करवाकर दिनांक 05.01.2026 समय 11:00 ए.एम. बजे तक निविदा फार्म एवं शर्तो की प्रति प्राप्त की जा सकती है। भरी हुई एवं सीलबन्द निविदाऐं दिनांक 05.01.2026समय 12:00 पी. एम. बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करवाई जा सकती है। धरोहर राशि निविदा आवेदन-पत्र के साथ संलग्न शर्तों अनुसार स्थानीय बीदासर बैंक शाखापर देय बैंक डी0डी0 / बैंकर्स चेक द्वारा जमा कराई जा सकेगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 05.01.2026 को दोपहर 02:00 बजे से गठित क्रय समिति के द्वारा खोली जायेगी। निविदा शुल्क प्रत्येक कार्य का रूपये 200/- जमा करवाना होगा। उक्त से संबन्धित अन्य विस्तृत शर्तें कार्यालय समय में ग्राम पंचायत कार्यालय में देखी जा सकती है। उक्त से संबन्धित अन्यविस्तृतविवरण http// sppp.rajasthan.gov.in पर NIBNo ZCR2526A1161 UBNN - ZCR2526WSOB02008 तक पर से Download कर देखा जा सकता है।

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत दुंकर**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत दुंकर**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

## OFFICE OF GRAM PANCHAYAT CHHA-JA KI NANGAL P.S. PATAN (SIKAR)

S.No. 104 DATE : 30-12-2025

### Notice Inviting Bid

Bid for construction works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto 29-12-2025, 09:30 AM to 06-01-2026, 01:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the work is maximum RS. 500000/-

UBN No. PKP2526WSOB000240-41

**PRASHASHAK**
**GP CHHAJA KI NANGAL**

**VDO**
**GP CHHAJA KI NANGAL**

## कार्यालय ग्राम पंचायत जोगलसर,
### पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः- ग्रा.पं../खु.नि./2025-26/175-180 दिनांकः 29.12.2025

### खुली निविदा सूचना संख्या- 03/2025-26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जोगलसर पंचायत समिति बीदासर (चूरू) में स्वीकृत निम्नकार्यों को सम्पादित कराने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एक वर्ष की डिफ़ेक्टिव लाइब्लिटिजके साथ उपर्युक्त श्रेणी राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदकों से खुली निविदा प्रक्रिया द्वारा निर्धारित प्रपत्र / फार्म में दिनांक 29.12.2025 समय दोपहर 12:00 पी. एम. बजे से निविदायें आमन्त्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 01. | ओपन जिम कार्य आम गुवाड़ जोगलसर | 263671 | 5275 |

उक्त कार्यों के इच्छुक निविदादाताओं द्वारा निर्धारित शुल्क कार्यालय में जमा करवाकर दिनांक 05.01.2026 समय 11:00 ए.एम. बजे तक निविदा फार्म एवं शर्तो की प्रति प्राप्त की जा सकती है। भरी हुई एवं सीलबन्द निविदाऐं दिनांक 05.01.2026समय 12:00 पी. एम. बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करवाई जा सकती है। धरोहर राशि निविदा आवेदन-पत्र के साथ संलग्न शर्तों अनुसार स्थानीय बीदासर बैंक शाखापर देय बैंक डी0डी0 / बैंकर्स चेक द्वारा जमा कराई जा सकेगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 05.01.2026 को दोपहर 02:00 बजे से गठित क्रय समिति के द्वारा खोली जायेगी। निविदा शुल्क प्रत्येक कार्य का रूपये 200/- जमा करवाना होगा। उक्त से संबन्धित अन्य विस्तृत शर्तें कार्यालय समय में ग्राम पंचायत कार्यालय में देखी जा सकती है। उक्त से संबन्धित अन्यविस्तृतविवरण http// sppp.rajasthan.gov.in पर NIBNo ZCR2526A1167 UBNN - ZCR 2526 WSOB02015तक पर से Download कर देखा जा सकता है।

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत जोगलसर**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत जोगलसर**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

## पूर्व छात्रा का व्याख्याता बनने पर किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** राजस्थान पब्लिक स्कूल, मण्डावा में मंगलवार को इसी स्कूल की पूर्व छात्रा रही प्रीति पूनिया पुत्री टोरूराम पूनिया निवासी मीठवास का भूगोल विषय में व्याख्याता पद पर चयन होने के उपलक्ष्य में अभिनंदन किया गया। स्कूल प्रबंध समिति के सचिव सुभाषचन्द्र मोगा ने प्रीति को प्रतीक चिन्ह व हेमलता ने माला पहना कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अशोक मोगा, मोहर सिंह, विजेन्द्र, रोहिताश, रामावतार मौजास, महेश हेतमसरिया, शंकरसिंह पाटोदा, नरेश, अलोक कालेर, निशा, हेमलता, जुगल किशोर, मूलचन्द, नदीम अली, तयूब अली, दीनदयाल, महिपाल, विजेन्द्र पूनिया, शशिकान्त आदि उपस्थित रहे।

## दिन में बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी



जयपुर टाइम्स

**पाटन(निस)।** क्षेत्र के किसानों को रात्रि के बजाय दिन में विद्युत आपूर्ति उपलब्ध करवाने की मांग को लेकर मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाटन व किसान महापंचायत के अध्यक्ष कमल सैनी (डाबला) के नेतृत्व में सहायक अभियंता विद्युत विभाग, पाटन को ज्ञापन सौंपा गया। किसानों ने स्पष्ट रूप से मांग रखी कि खेती-किसानी के कार्यों को सुचारू रखने के लिए दिन में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर किसान ब्लॉक पाटन के अध्यक्ष कमल सैनी, पूर्व प्रधान कांता प्रसाद शर्मा, मालाराम वर्मा, श्रीराम यादव, दिनेश यादव, महेंद्र गुर्जर, सुरेश यादव, अखिलेश सैनी, अशोक तोला, राजू खान, बलराम, सुरेंद्र शर्मा, वीरेंद्र कौशिक, बलबीर सैनी, रामकिशन सैनी, गोपाल राम, भैरू राम गुर्जर, नवाब खान, नज्जू खान सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे। इसके साथ ही किसानों की ओर से एक पृथक ज्ञापन तहसीलदार को भी सौंपा गया। तहसीलदार ने किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही बिजली आपूर्ति से संबंधित समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। किसानों ने प्रशासन से उम्मीद जताई कि जल्द ही ठोस कार्रवाई करते हुए दिन में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था की जाएगी। किसानों ने प्रशासन को तीन दिन का समय दिया है और चेतावनी दी है कि यदि तीन दिन में सुचारू व्यवस्था नहीं की गई तो किसान धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

राजस्थान सरकार

## कार्यालय नगरपरिषद सरदारशहर (जिला चुरू)
### तहसील परिसर, गाँधी चौक के पास सरदारशहर 331403

कमांक :- न.प.स./ 2024-25 / 1603 दिनांक :- 26-12-2025

### सार्वजनिक सूचना

इस कार्यालय में निम्नाकित व्यक्तियो के द्वारा कय की गयी भूमि को अपने पक्ष में नामान्तरण करवाने बाबत ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क.स. | प्रार्थी का नाम व पता | भूमिका क्षेत्रफल | मूल पटटा का विवरण |
|---|---|---|---|
| क.स. | श्रीमती नीरू देवी कर्वा पत्नि श्रीकृष्ण कर्वा, भूमि स्थान आदर्श कोलोनी के पास वार्ड नं 18 | 1900 वर्गफुट | इस कार्यालय के द्वारा श्री भागीरथप्रसाद पुत्र भंवरलाल माली के पक्ष में पटटा क्रमांक 20 दिनांक 03.12.2012जारी किया गया है, उक्त पटटेधारी के द्वारा जरिये विक्रय पत्र दिनांक 29.09.14 के द्वारा भूमि माप 900 वर्गफुट श्री विकास पुत्र राकेश माली को विक्रय की गयी है, श्री विकास पुत्र राकेश प्रजापत के द्वारा जरिये विक्रय पत्र दिनांक 22.09. 2017 को भूमि माप 900 वर्गफुट श्री माणकचन्द पुत्र दुर्गादत शर्मा को विक्रय की गयी है, श्री माणकचन्द शर्मा के द्वारा जरिये विक्रय पत्र दिनांक 01.12.2023 से भूमि माप 900 वर्गफुट प्रार्थीनी को विक्रय की गयी है। |
| क.स. | श्री गजानन्द पुत्र 7 ओमप्रकाश ग्रहमण भूमि स्थान सत्यनारायण जॉगीड कोलोनी - द्वितीय बीकानेर रोड से दक्षिण | 1800 वर्गफुट | इस कार्यालय के द्वारा श्रीमती रूकमणीदेवी पत्नी श्री केशरदेव जोगीड के पक्ष में कृषि भूमि नियमो के तहत पटटा क्रमांक 322 दिनांक 01.02.2013 तादादी माप 167.28 वर्गमीटर माप का जारी किया गया है। जिससे उक्त भूमि विक्रय की गयी है । |

उक्त नामान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई उजर आपत्ति हो तो मय प्रमाण 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करे, भूमि के स्वामित्व संबधित दस्तावेजात भूमि शाखा में देखे जा सकते है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत दुंकर,
### पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः ग्रापं दूंकर / 2025-26/61-69 दिनांकः 29.12.2025

### निविदा सूचना संख्या 03 / 2025-26

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | अटल ज्ञान केद्र निर्माण कार्य ग्राम पंचायत ढूंकर | 800000 | 16000 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 29.12.2025 प्रात 10.00 बजे से 05.01.2026 दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी. डी. / बैकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 05.01.2026 दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 05.01.2026 दोपहर 3 बजे से | |

उक्त से संबंधित अन्य विस्तृत विवरण http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http// sppp. rajasthan.gov.in पर से NIB NO ZCR2526A1158 UBN No. ZCR 2526 WSOB 02005 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत दुंकर,**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत दुंकर,**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत दूंकर पंचायत समिति बीदासर

क्रमांक / ग्रा. प./ खु.नि. / 2025-26 / 70-80 दिनांकः- 29.12.2025

### खुली निविदा सूचना संख्या01 (वित्तीय वर्ष 2025-26)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ड्रूंकर के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नालियों की सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुकजी.एस.टी.पंजीकृत निविदादाताओं / फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म / शर्तें कार्यालय में तथा SPPP पोर्टल पर उपलब्ध है।

| क.सं. | बोली का विवरण | अनुमानित लागत राशि (रुपये में) | बोली प्रतिभूति राशि (रुपये में) | बोली प्रपत्र शुल्क (रुपये में) | बोली प्रमन्त्र डाउनलोड करने की दिनांक व समय | निविदा शुल्क व धरोहर राशि जमा करने की दिनांक व समय | बोली खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | ग्राम पंचायत दूकर के समस्त गावों में 03 माह हेतु घर-घर आवासीय एवं व्यवसायिक से कचरा संग्रहरण एव पृथककरण सड़क दुकानों के आगे सफाई व नाली की सफाई तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई सहित कार्य | 594546 | 12000 | 200 | दिनांक 29.12.2025 से साथ 06.00 बजे से दिनांक 05.01.2026 दोपहर 12.00 बजे तक | दिनांक 05.01.2026 समय 02.00 बजे | दिनांक 05.01.2026 साम 04:00 बजे |

NIBNO- ZCR2526A1163 UBN. is- ZCR2526SSOB02010

1. निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत कार्यालय से व्यक्तिशः अथवा http//sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है। साथ ही निविदा शुल्क, अमानत राशि का डी.डी./ बैंकर चैक एवं अन्य वांछित दस्तावेज निविदा के साथ संलग्न करने होंगे।
2. निविदा आमंत्रण की विस्तृत सूचना मय बोली दस्तावेज ग्राम पंचायत ट्रूंकर कार्यालय से व्यक्तिशः अथवा राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल http//sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखा व प्राप्त किया जा सकता है।
3. निविदा प्रपत्र शुल्क व अमानत राशि का डी.डी./ बैंकर चैक प्रशासक ग्राम पंचायत इंकर के नाम बनाना होगा।
4. किसी निविदा को स्वीकार / अस्वीकार करने या किसी बोली को निरस्त करने का उपापन समिति का अधिकार सुरक्षित है।
5. बोलीदाता / संवेदक बंद लिफाफे पर ग्राम पंचायत ड्रूंकर का नाम लिखकर एवं टेण्डर की कॉपी नियमानुसार कार्यालय ग्राम पंचायत ड्रूंकर कार्यालय में जमा करावें ।

विशेष नोटः-

1. किसी कॉलम को खाली छोड़ने का तात्पर्य उस सूचना को शून्य माना जावेगा। फर्म के जीएसटी रजिस्ट्रेशन दिनांक 30.09.2025 तक का जी.एस.टी बिक्री कर चुकता प्रमाण पत्र आयकर विभाग के पैन कार्ड संलग्न करना आवश्यक है।
2. तकनिकी निविदा अमानत राशि का डी. एक लिफाफे में जिस पर 'अ लिखा हो डी. सभी वांछित प्रमाण-पत्र व निविदा की हस्ताक्षरित प्रति रखी जानी चाहिए।' वित्तीय निविदा प्रपत्र-ब' पृथक दूसरे बंद लिफाफे में रखा जाना चाहियें तकनिकी निविदा प्रपत्र अ' तथा ' वित्तीय निविदा प्रपत्र-ब दोनों लिफाफे एक बड़े लिफाफे में रखें जावेगें काय का नाम सभी लिफाफों पर अंकित करे।

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत दूंकर**
**पंचायत समिति बीदासर**

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत दूंकर**
**पंचायत समिति बीदासर**

# मण्डावा में पौषबड़ा महोत्सव आयोजित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** गढ़ वाले बालाजी मंदिर में मंगलवार को पौष बड़ा महोत्सव मनाया जाएगा। यहांकई घंटे पंगत प्रसादी चली। सेवायत संदीप सिंह राठौड़ ने बताया कि सुबह पंचामृत अभिषेक किया गया। इसके बाद संकट मोचक का विशेष श्रृंगार किया गया और नवीन पोशाक धारण करवाई गई। सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ व आरती के साथ दाल के बड़े, हलवा, पुड़ी व सब्जी का भोग अर्पित किया गया। इसके बाद भक्तों के लिए पंगत प्रसादी का आरंभ किया जाएगा। पौष बड़ा महोत्सव के चलते समूचे मंदिर परिसर को सजाया गया है। पौष बड़ा प्रसादी शाम को आरती के बाद शुरू की गई जो दर रात तक चलेगी। आरम्भ में पूर्व पालिकाध्यक्ष सज्जन मिश्रा, भामाशाह मनोज भादूपोता, कमलेश जोशी, किशोर सिंह राठौड़, संदीप सिंह, कुलदीप सिंह, श्याम सिंह आदि ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में दिनेश देवड़ा, सुनील जोशी, पार्षद शशीकांत बागवान, मंयक देवड़ा, गोपाल सैन, पार्षद संदीप परिहार, नन्द किशोर यादव, सीए विनायक शर्मा, तेजपाल सैन, चौथमल शर्मा शुभम थलिया सहित सैकडों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# शिक्षकों ने एसडीएम कार्यालय पर किया विरोध प्रदर्शन - हठधर्मिता व तानाशाही का लगाया आरोप



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के बैनर तले शिक्षकों ने मंगलवार को एसडीएम कार्यालय पर हठधर्मिता और तानाशाही का आरोप लगाते हुए एसडीएम के खिलाफ प्रदर्शन किया। इससे पहले शिक्षकों की सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विजय पोटलिया ने कहा कि शिक्षकों को कक्षा कक्ष से दूर रखने के लिए कभी बीएलओ के नाम पर तो कभी ओबीसी सर्वे जैसे अनेकानेक कार्यों में जानबूझकर झोंका जा रहा है। किन्तु संगठन सार्वजनिक शिक्षा को सशक्त बनाने के अपने अभियान को रुकने नहीं देगा। उपखंड कार्यालय कभी नोटिस के माध्यम से तो कभी 17ष की कार्रवाई से डराना चाहता है। लेकिन हमारे संगठन का कोई भी शिक्षक कभी भी झुकने वाला नहीं है। संगठन हर शिक्षक के साथ हर संघर्ष में तैयार है। इसके बाद सभी शिक्षकों ने नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। जिसके बाद थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई की मध्यस्थता में संगठन के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता हुई और एसडीएम को स्पष्ट कहा कि यदि गैर शैक्षणिक कार्मिक उपलब्ध है तो शिक्षक किसी भी सूरत में बीएलओ का कार्य नहीं करेंगे। चाहे एसडीम कार्यालय कुछ भी कार्रवाई करे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# चंदन क्रीडांगन में चारदीवारी का लोकार्पण

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के राजकीय अंजुमन उच्च माध्यमिक विद्यालय के चंदन क्रीडांगन में विधायक कोष व भामाशाह के सहयोग से निर्मित मुख्य द्वार व चारदीवारी का लोकार्पण करते हुए विधायक अनिल शर्मा ने कहा कि सरदारशहर शिक्षा के क्षेत्र में सिरमौर बने ऐसे प्रयत्न मैं हमेशा करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि सरदारशहर में भामाशाहों के सहयोग से शिक्षा के क्षेत्र में बहुत कार्य करवाएं गए हैं। क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। जिसमें किसी भी तरह से धन की कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस अवसर पर सीबीईओ ओमदत सारण, आरपी सुभाष सोनगरा, नगरध्यक्ष जितेन्द्र राजवी, शिक्षाविद उमरदीन सैयद, प्रधानाचार्य याकूब खान, वरिष्ठ पार्षद नूर मोहम्मद खोखर, अब्दुल रशीद चायल, राजेश पारीक, रामकुमार मेघवाल, भामाशाह बृजमोहन सर्राफ, मुंशी शाह भाटी, मदन सिंह निर्वाण, महावीर माली, शोयब बिसायती, आरिफ काजी, फारुख व्यापारी, रावतमल जांगिड़ सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



# बाल विवाह मुक्त अभियानः ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के बाड़ी ब्लॉक में 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रयत्न संस्था की 'कवच' परियोजना और महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और पंचायत साथिनो ने पंचायत केंद्र पर एकत्र होकर पोस्टर थामकर बाल विवाह रोकने का सामूहिक संकल्प लिया। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से 4 दिसंबर 2025 को प्रारंभ हुए इस राष्ट्रीय अभियान का मुख्य लक्ष्य 8 मार्च 2026 तक पूरे भारत को बाल विवाह मुक्त बनाना है, जिसमें राजस्थान सरकार उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के नेतृत्व में पंचायती राज, शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग सक्रिय सहयोग कर रहे हैं कार्यक्रम में संस्था के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रामबरन गोस्वामी ने बताया कि प्रयत्न संस्था पिछले 18 वर्षों से धौलपुर में बच्चों के अधिकारों की रक्षा हेतु कार्यरत है।

# कृष्णा बस स्टैंड की अव्यवस्थाओं को सुचारू बनाने के लिए नगरपरिषद में बैठक

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी ने शहर के कृष्णा बस स्टैंड की अव्यवस्थाओं में सुधारने के प्रयास पिछले काफी दिनों से कर रहे हैं और लगातार कृष्णा बस स्टैंड पर जाकर व्यापारियों, बस संचालकों व रेहड़ी वालो से समझाइस करते हुए नजर आ रहे हैं। इसी कड़ी में नगरपरिषद में रेहड़ी यूनियन यानी हाथ ठेले वालो के साथ सभापति राजकरण चौधरी ने एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया। बैठक में कृष्णा बस स्टैंड पर हो रही अव्यवस्थाओं को सुधारने को लेकर गंभीरता से चर्चा की गई। नगर परिषद सभापति राजकरण चौधरी ने बताया कि कृष्णा बस स्टैंड की अव्यवस्थाओं को सुधारने के काफी प्रयास किया जा रहे हैं। हमने पहले व्यापारियों और निजी बस संचालकों के साथ बैठक का आयोजन किया और उनके कहे अनुसार उनको बसें खड़ी करवाने के लिए अलग से स्थान निर्धारित करवाया है। उन्होंने कहा कि अब हमने रेहड़ी यूनियन वालों के साथ वार्ता की है और इन लोगों को भी कृष्णा बस स्टैंड की अव्यवस्थाओं को सुधारने को लेकर कहा गया है। उन्होंने कहा कि रेहडी यूनियन वालों की ओर से भी कुछ नई रेहडी लगाने के लिए आवेदन किया गया है। जिस पर विचार किया जाएगा। इस अवसर पर रेहड़ी यूनियन के अध्यक्ष चंपालाल राकसिया ने कहा कि कृष्णा बस स्टैंड की अव्यवस्थाओं को सुधारने के लिए हम सब नगरपरिषद के साथ हैं। नगरपरिषद की ओर से जो कुछ व्यवस्था कृष्णा बस स्टैंड पर की जाएगी उस व्यवस्था को रेहड़ी यूनियन सुचारू रूप से बनाए रखेगा। वहीं रेहडी यूनियन के दूसरे संगठन विकास मंच की ओर से नगरपरिषद की ओर से हटाई जा रही कुछ रेहड़ियों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन देकर आपत्ति दर्ज करवाई गई है। नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी ने कहा कि हम सभी के साथ समझाइस करके अव्यवस्थाओं में सुधार करने का प्रयास कर रहे हैं।




# भारतीय किसान संघ आज करेगा उपखंड कार्यालय का घेराव

जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** भारतीय किसान संघ चूरू की ओर से निकाली जा रही किसान जागृति यात्रा लगातार जारी है। संगठन के नेतृत्व में 'हर खेत को नहर से सिंचाई का पानी' सहित कुल आठ मांगों को लेकर यह यात्रा 30 दिसंबर को बिदासर तहसील की विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंची। यात्रा के दौरान घंटियाल मोतीनाथ, ग्राम समिति अध्यक्ष रामनिवास, ढढेरु अध्यक्ष मदनलाल, मंत्री पवन कुमार शर्मा, कालेरा अध्यक्ष मांगीलाल, मंत्री राधाकृष्ण देडू एडवोकेट और अन्य ग्राम पंचायतों में किसानों से संपर्क किया गया। भारतीय किसान संघ की ओर से 31 दिसंबर को बिदासर के भूतनाथ मंदिर से एक विशाल रैली निकाली जाएगी, जो उपखंड अधिकारी कार्यालय तक जाएगी। वहां प्रधानमंत्री, जल शक्ति मंत्री व मुख्यमंत्री के नाम तीन अलग-अलग ज्ञापन सौंपे जाएंगे। इस यात्रा में प्रांत मंत्री चंद सिद्ध, जिला अध्यक्ष मुकेश रामपुरा, संभाग सहमंत्री शंकरलाल महर्षि, संभाग युवा प्रमुख रामविलास, बिदासर तहसील यात्रा प्रभारी रामेश्वर लाल सारण, तहसील संयोजक लालचंद गोदारा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष मुकेश रामपुरा ने कहा कि आजादी के 78 वर्ष बाद भी क्षेत्र के गांव पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं, जबकि राज्य सरकार अपने दो वर्ष के कार्यकाल का उत्सव मना रही है। यदि सरकार ने शीघ्र ध्यान नहीं दिया तो भारतीय किसान संघ को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। प्रांत मंत्री चंद सिद्ध ने कहा कि इस गंभीर समस्या का समाधान करवा कर ही संगठन दम लेगा। वहीं संभाग मंत्री शंकर महर्षि ने बताया कि ग्रामीणों के बढ़ते समर्थन और कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखते हुए किसान संघ ने निर्णय लिया है कि ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल और छोटे वाहनों के काफिले के साथ शक्ति प्रदर्शन करते हुए उपखंड अधिकारी का घेराव किया जाएगा। भारतीय किसान संघ ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र के किसानों की पीने के पानी की समस्या का शीघ्र समाधान करवाने के लिए यह आंदोलन किया जा रहा है।




# एसएफआई ने मनाया 56 वां स्थापना दिवस, संगठन को मजबूत करने की बनाई रणनीति

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में एसएफआई का 56 वां स्थापना दिवस मंगलवार को किसान मजदूर भवन में मनाया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ सन्दीप भारतीय ने झंडारोहण के साथ किया। मुख्य वक्ता रामकृष्ण छींपा ने एसएफआई के गत वर्षों पर किए गए संघर्ष को याद किया व छात्रों को संगठन को मजबूत करने व छात्रों की लड़ाई को मजबूत करने पर बल दिया। जिला सचिव सन्दीप भारतीय ने बताया कि मौजूद व पूर्व की सरकारों ने शिक्षा का निजीकरण किया है। अभी नई शिक्षा नीति को लागु कर सरकारें महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों की स्थिति खराब कर दी है। जिसके कारण बीए की डिग्री को चार साल का कर दिया है और सेमेस्टर प्रणाली को लागू कर महाविद्यालयों की क्लासों को वीरान कर दिया है। सरकार सरकारी स्कूलों को बन्द करने का फरमान जारी किया है। अधिकाश स्कूलों व महाविद्यालय में अध्यापकों के पद खाली पड़े हैं। भरतराज बरोड़ ने बताया कि सरकार छात्र संघ चुनाव नही करवाकर छात्र हितों पर कुठाराघात कर रही हैं। आरिफ खान ने बताया कि हमें संगठन को मजबुत करना है और ग्राम, स्कूल और महाविद्यालय में में कमेटियों का निर्माण करना है। इस अवसर पर अनुराग पॉटलिया, राजकुमार मेघवाल, अनिल बरोड़, ओमप्रताप रामसीसर, पंकज सारण, विजय मेघवाल, जयपाल बरोड़, सुरजीत नायक, विक्रम तालनिया, प्रीतम, घनश्याम मुकेश, मुरलीधर, पीयुष राठौड़, बनवारी लाल, गोरी शंकर, रामलाल भादु, विनोद, कालूराम सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# अवैध डोडा पोस्त पर कार्रवाई, दो तस्करों को किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** पुलिस की ओर से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत भानीपुरा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने लग्जरी कार में छिपाकर ले जाया जा रहा 55 किलो 170 ग्राम अवैध डोडा पोस्त छिलका बरामद कर पंजाब निवासी मौजूदा सरपंच सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। भानीपुरा थानाधिकारी अरविंद सिंह ने बताया कि पुलिस टीम की ओर से भानीपुरा क्षेत्र में गांव बादडीया जाने वाली सड़क पर नाकाबंदी की गई। इस दौरान एक लग्जरी कार को रोककर तलाशी ली गई। जिसमें अवैध रूप से डोडा पोस्त छिलका तस्करी करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा गया। पुलिस ने पंजाब निवासी 26 वर्षीय परमजीत सिंह पुत्र बलवंत सिंह व पंजाब में मौजूदा सरपंच 26 वर्षीय आकाशदीप सिंह पुत्र तारासिंह रायसिख को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक लग्जरी कार सहित कुल 55 किलो 170 ग्राम अवैध डोडा पोस्त छिलका जब्त किया है। जिसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 8 लाख 25 हजार रुपये बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब दोनों आरोपियों से गहनता से पूछताछ में जुटी हुई है। वही इस कार्रवाई में भानीपुरा थाना अधिकारी अरविंदसिंह, हेड कांस्टेबल रामचंद्र बुडानिया, विनोद कुमार, कांस्टेबल मनीष कुमार शर्मा, कुलदीपसिंह, अमित कुमार, राजेंद्र सिंह की विशेष भूमिका रही हैं।



# सोशल मीडिया पर भ्रामक व अफवाह फैलाना दो युवकों को पड़ा महंगा

## पुलिस ने सोशल मीडिया क्रिएटर्स को किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से देखने को मिल रहा था कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर अपने फॉलोवर्स बढ़ाने के प्रयास में भ्रामक वीडियो पोस्ट कर रहे थे। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट करने वाले वार्ड 8 निवासी 25 वर्षीय विकास कुमार पुत्र मंगलचंद प्रजापत और 32 वर्षीय पप्पूराम पुत्र भंवरलाल प्रजापत को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने बताया कि 28 दिसंबर को वाल्मीकि समाज के कुछ लोगों ने सरदारशहर पुलिस थाने में उपस्थित होकर सोशल मीडिया पर बने कुछ चैनलों के खिलाफ रिपोर्ट देकर बताया कि इन लोगों ने अपने सोशल मीडिया पेज पर एक वीडियो लगा रखा है। जिस पर हमारे वाल्मीकि समाज पर जातिसूचक टिप्पणी की गई है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने बताया कि हमारे साइबर डेस्क प्रभारी कांस्टेबल रामचंद्र सिहाग की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर निरंतर साइबर गस्त की जा रही है। उन्होंने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो डालने वाले वार्ड 8 निवासी विकास कुमार प्रजापत और पप्पू राम प्रजापत को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक, भ्रामक, सामुदायिक विशेष, जाति विशेष पर फोटो वीडियो पोस्ट ना करें। सोशल मीडिया पर इस प्रकार की गतिविधियों का संचालन करते हुए पाए जाने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



# मण्डावा में पौषबड़ा महोत्सव आयोजित

*मण्डावा(निस)। गढ़ वाले बालाजी मंदिर में मंगलवार को पौष बड़ा महोत्सव मनाया गया। यहां कई घंटे पंगत प्रसादी चली। सेवायत संदीप सिंह राठौड़ ने बताया कि सुबह पंचामृत अभिषेक किया गया। इसके बाद संकट मोचक का विशेष श्रृंगार किया गया और नवीन पोशाक धारण करवाई गई। सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ व आरती के साथ दाल के बड़े, हलवा, पुड़ी व सब्जी का भोग अर्पित किया गया। इसके बाद भक्तों के लिए पंगत प्रसादी का आरंभ किया जाएगा। पौष बड़ा महोत्सव के चलते समूचे मंदिर परिसर को सजाया गया है। पौष बड़ा प्रसादी शाम को आरती के बाद शुरू की गई, जो दर रात तक चलेगी। आरम्भ में पूर्व पालिकाध्यक्ष सज्जन मिश्रा, भामाशाह मनोज भादूपोता, कमलेश जोशी, किशोर सिंह राठौड़, संदीप सिंह, कुलदीप सिंह, श्याम सिंह आदि ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में दिनेश देवड़ा, सुनील जोशी, पार्षद शशीकांत बागवान, मंयक देवड़ा, गोपाल सैन, पार्षद संदीप परिहार, नन्द किशोर यादव, सीए विनायक शर्मा, तेजपाल सैन, चौथमल शर्मा शुभम थलिया सहित सैकडों श्रद्धालु उपस्थित रहे।*

# जाजोद में पौषबड़ा आयोजित

जयपुर टाइम्स

**जाजोद(निस)।** ग्राम पंचायत जाजोद के वार्ड नंबर 5 आथुना मोहल्ले में भजन मंडली के युवाओं की ओर से मंगलवार को पौषबड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। शक्ति सिंह शेखावत ने बताया की पौषबड़ा कार्यक्रम की शुरुआत गाँव के मैन चौक स्थित शिव मंदिर, राम मंदिर, गोपीनाथजी मंदिर व गणेश मंदिर में पौषबड़ा व हलवे का भोग लगाकर किया गया। उसके बाद ग्रामीणों में पौषबड़ा एवं हलवा वितरित किया गया। उन्होंने बताया की जाजोद में हर साल की तरह इस बार में ग्रामीणों के सहयोग से पौषबड़े का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अशोक सैनी, वीरेंद्र लाटा, विजय कुमार लाटा, सुभाष लाटा, सुभाष मीणा, उमेश मीणा, राहुल लाटा, कृष्ण लाटा, अशोक जांगिड़, अभिषेक सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।



# जागरुकता कार्यक्रम के तहत की जल संरक्षण की अपील

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मंडावा शहर में नई पेयजल वितरण प्रणाली का कार्य राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयू आईडीपी) की सामुदायिक जागरूकता व जन सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत शहर के रैगरान मोहल्ला वार्ड नं 17 मे मंगलवार को महिला समूह बैठक के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार की ओर से चलाई जा रही लाभकारी जल वितरण योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के अधिशाषी अभियंता देवेन्द्र कुमार सैनी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का संचालन किया गया। सामुदायिक विकास अधिकारी अनिल रुहेला ने जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जल है तो कल है, और हमें जल संरक्षण को अपनी आदत में शामिल करना चाहिए। उन्होंने बताया कि पानी के बिना जीवन की कल्पना असंभव है और जल का सदुपयोग ही आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित कर सकता है साथ ही बताया कि इस योजना के तहत मंडावा शहर में जल आपूर्ति मीटरयुक्त और पर्याप्त मात्रा में की जा रही हैं। जल संकट को देखते हुए जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता घट रही है और जल संसाधनों की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है। यदि हमने अभी जल का संरक्षण नहीं किया, तो भविष्य में स्वच्छ जल की उपलब्धता एक गंभीर समस्या बन जाएगी। स्थानीय महिलाओ को महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए बताया कि फर्श को पाइप से धोने के बजाय पोछे से साफ करें, टपकते नल को बदल देना चाहिए, नल को खुला न छोड़ें, जरूरत के हिसाब से पानी का उपयोग करे, पानी को व्यर्थ नही बहाए। इन छोटे-छोटे बदलावों से हम बड़ी मात्रा में पानी बचा सकते हैं। महिलाओ ने जल संरक्षण की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आरयूआईडीपी द्वारा आयोजित इस तरह के कार्यक्रमों को सराहा और उम्मीद जताई कि इससे समाज में जल बचाने की जागरूकता फैलेगी। इस अवसर पर मैसर्स एल.एन.ए. आर एण्ड बी (जेवी) के मैनेजर विनय रेड्डी व सोशल आउटरीच टीम के संदीप स्वामी और कुलदीप सिंह शेखावत सहित 20 महिलाएं उपस्थित रही।

